CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: cci Time: 02-10-2026 00:26 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) > मंगलवार, 10 फरवरी 2026 > माघ 21 शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण अष्टमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 14 > मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow/twitter.com/nbtlucknow Vol.8 no.40




# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।










नीदरलैंड्स Vs नामीबिया
दिल्ली में, सुबह 11 बजे से

न्यूजीलैंड Vs यूएई
चेन्नै में, दिन में 3 बजे से

पाकिस्तान Vs यूएसए
कोलंबो में, शाम 7 बजे से

**रिजल्ट**

स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रन से हरा दिया।

जिम्बाब्वे ने ओमान को 8 विकेट से पटखनी दी।

साउथ अफ्रीका ने कनाडा को 57 रनों से हरा दिया। अफ्रीका ने पहले खेलते हुए 213 रन बनाए थे। ▸▸पेज 11

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर




# 8 साल में दोगुनी हुई यूपी वालों की कमाई

## यूपी सरकार ने पहली बार पेश की आर्थिक समीक्षा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में योगी सरकार ने रोडमैप पेश किया है। विधानसभा में सोमवार को पहली बार पेश आर्थिक सर्वेक्षण के जरिए सरकार ने राज्य की आर्थिक स्थिति का समग्र खाका सामने रखा। सर्वेक्षण में निवेश बढ़ाने, रोजगार सृजन, सतत विकास, डिजिटल इकॉनमी और ग्रीन एनर्जी को प्राथमिकता देने की रणनीति स्पष्ट की गई है। युवाओं को कौशल विकास और स्टार्टअप योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया गया है।

**₹36 लाख करोड़ के पार होगी अर्थव्यवस्था**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश को 'बीमारू' छवि से बाहर निकालकर ब्रेक थ्रू इकॉनमी के रूप में स्थापित किया गया है और आर्थिक सर्वेक्षण उसी बदलाव की तस्वीर पेश करता है। बजट सत्र यूपी के विकास की गति को और तेज करेगा।

सर्वे के अनुसार 2025-26 में यूपी की अर्थव्यवस्था 36 लाख करोड़ रुपये पार कर जाएगी, जो 2016-17 में 13.30 लाख करोड़ रुपये थी। यानी नौ साल में प्रदेश की अर्थव्यवस्था करीब तीन गुना हो जाएगी। इस दौरान राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में प्रदेश का योगदान भी 8.6 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 9.1 प्रतिशत हो गया है। 2016-17 में प्रति व्यक्ति आय 54,564 रुपये थी, जो 2024-25 में बढ़कर 1,09,844 रुपये हो गई। 2025-26 में 1.20 लाख होने का अनुमान है।

सरकार 12 नए एक्सप्रेस-वे और 8 निर्माणाधीन एयरपोर्ट पर काम कर रही है। जेवर शुरू होते ही यूपी पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला पहला राज्य होगा।



### 'बॉटलनेक स्टेट' से 'ब्रेक थ्रू स्टेट' बनाया: राज्यपाल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत सोमवार को हंगामे के बीच हुई। विधानमंडल के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि प्रदेश को 'बॉटलनेक स्टेट' से 'ब्रेक थ्रू स्टेट' बनाने में सफलता मिली है। हालांकि अभिभाषण के दौरान विपक्षी सदस्यों ने राज्यपाल के खिलाफ नारे लगाते हुए वेल में हंगामा किया। 30 मिनट में अभिभाषण पूरा हुआ। ▸▸पेज 7

# 'डकैती है 54 हज़ार करोड़ का डिज़िटल फ्रॉड'

## सुप्रीम कोर्ट बोला, ये रकम छोटे राज्यों के बजट से भी ज्यादा

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल फ्रॉड के जरिये 54 हजार करोड़ रुपये के गबन को पूरी तरह से लूट और डकैती बताया। कोर्ट ने कहा, डिजिटल फ्रॉड से गबन की गई रकम कई छोटे राज्यों के बजट से ज्यादा है। केंद्र सरकार से कहा कि वह RBI, बैंकों और दूरसंचार विभाग (DoT) जैसे हितधारकों से परामर्श कर ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का मसौदा तैयार करे। इस तरह के अपराध या तो बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से या उनकी लापरवाही के कारण हो सकते हैं, ऐसा कहते हुए कोर्ट ने RBI और बैंकों की ओर से समय पर कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने सीबीआई को 'डिजिटल अरेस्ट' के मामलों की पहचान करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने कहा, जो सामान्यतः 10,000 या 20,000 रुपये की ही निकासी करता है, अचानक 25 या 50 लाख रुपये के लेन-देन करने लगे, तो बैंकों को अलर्ट जारी करना चाहिए।



डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों को मुआवजा देने के मामले में व्यावहारिक और उदार रवैया अपनाने की जरूरत है।
-सुप्रीम कोर्ट


## टैक्स-फ्री भत्तों की लिमिट बढ़ेगी?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : नया इनकम टैक्स ऐक्ट 2025 एक अप्रैल से लागू होगा, जबकि इसके नियम मार्च के पहले हफ्ते में नोटिफाई हो सकते हैं। CBDT ने ड्राफ्ट रूल्स पर 22 फरवरी तक सुझाव मांगे हैं।

PAN जरूरी लेनदेन की सीमा और टैक्स-फ्री भत्तों की लिमिट बढ़ाने का प्रस्ताव है। क्रिप्टो एक्सचेंजों को ट्रांजैक्शन डेटा साझा करना होगा। ई-पेमेंट में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी भी मान्य होगी। ये नियम वित्त वर्ष 2026-27 की आय पर लागू होंगे। मौजूदा रिटर्न पुराने कानून के तहत ही भरेंगे। ▸▸पेज 10

## फरीदाबाद की जेल में संदिग्ध आतंकी की हत्या

File



अब्दुल रहमान

**गैंगस्टर ने नुकीली चीज से सिर पर किया वार, केस दर्ज**

■ NBT न्यूज, फरीदाबाद : हरियाणा की हाई सिक्योरिटी वाली फरीदाबाद की जिला जेल में रविवार रात को 20 साल के संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप जेल में बंद गैंगस्टर अरुण चौधरी पर लगा है। अब्दुल को जेल की स्पेशल सेल में रखा गया था। उसके साथ अरुण व एक अन्य बंदी था।

थाना सदर पुलिस के मुताबिक अयोध्या स्थित मिल्कीपुर गांव के अब्दुल रहमान (20) को गुजरात एटीएस और आईबी ने पिछले साल 2 मार्च को फरीदाबाद से पकड़ा था। आरोप है कि उसने अयोध्या में राम मंदिर उड़ाने की साजिश रची थी। उसके पास से दो हैंड ग्रेनेड मिले थे। तब से वह जेल में था। एसीपी सिर्योत अशोक वर्मा ने बताया कि अरुण के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। ▸▸पेज 10

## फटाफट खबरें

### अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी में विपक्ष

विपक्षी दल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। कांग्रेस का आरोप है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा। ▸▸पेज 12

### लैंबॉर्गिनी केस: FIR में आरोपित का नाम जुड़ा

कानपुर में लैंबॉर्गिनी हादसे में दर्ज FIR में कारोबारी के बेटे शिवम का नाम जोड़ा गया है। बचाव पक्ष ने ड्राइवर द्वारा कार चलाने का दावा किया है। वहीं, लापरवाही में ग्वालटोली SHO लाइन हाजिर किए गए हैं। ▸▸पेज 9

### वर्ल्ड कप में भारत से खेलेगा पाकिस्तान

T20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को कोलंबो में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच खेला जाएगा। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने सोमवार को इसकी अनुमति दे दी। इससे एक हफ्ते से चला आ रहा गतिरोध खत्म हो गया।

### हैपी मॉर्निंग

पति: सीने में दर्द हो रहा है, एम्बुलेंस बुलाओ।
पत्नी: जल्दी फोन का पासवर्ड दो।
पति: रहने दो। अब ठीक लग रहा।




UTTAR PRADESH: Lucknow: ADLD Toyota: Adil Nagar, Ph: 8189099583, 535, 504, 1800 890 1330; Sunny Toyota: Amausi, Ph: 9839120013, 1800 123 4404; Chinhat, Ph: 9839120013, 1800 123 4404; Shahnajaf Road, Ph: 9839120013, 1800 123 4404; Faizabad: Sunny Toyota: Mauja Kot, Ph: 9839120013, 1800 123 4404; Sultanpur: Sunny Toyota: Near Hazi Petrol Pump, Ph: 9839120013, 1800 123 4404; Lakhimpur: Jeevan Toyota: Sitapur Road, Ph: 7311194850, 7311194865; Hardoi/Shahjanpur: Jeevan Toyota: Ph: 7311194850, 7311194865; T Sparsh: Rajendra Toyota: Ambedkar Nagar: Ph: 9839183191, 7379744447; Balrampur: Ph: 9839183191, 7379744447; Sunny Toyota: Barabanki: Ph: 9918101693; Behraich: Ph: 9918101693; Gonda: Ph: 9918101693; Jagdishpur: Ph: 9918101372; Maharajganj: Ph: 9151001125; Milkipur: Ph: 9918101693; Raibareli: Ph: 9151001125; Sitapur: Ph: 9151001126; Agra: Sunny Toyota: Mathura Road, Ph: 9839120013, 1800 123 4404; Aligarh: Mascot Toyota: Delhi G.T. Road, Ph: 8979722233; Etah: Mascot Toyota: Aligarh Chungi, G.T. Road, Ph: 8979722233; Etawah: Sunny Toyota: Agra Road, Ph: 9839120013, 9918101517, 1800 123 4404; T Sparsh: Sunny Toyota: Fatehabad: Ph: 9918101250; Firozabad: Ph: 9918101250; Mainpuri: Ph: 9918101250; Mascot Toyota: Kasganj: Ph: 8979722233; Hathras: Mascot Toyota: Sasni Road, Ph: 8979722233; Allahabad: Rajendra Toyota: G.T. Road, Ph: 9839183191, 7379744447; Fatehpur: Rajendra Toyota: Nauwa Bagh, G.T.Road, Ph: 9839183191, 7379744447; T Sparsh: Rajendra Toyota: Kaushambi: Ph: 9839183191, 7379744447; SNJ Toyota: Pratapgarh: Ph: 9119950251; Bareilly: Commercial Toyota: Rampur, Delhi Road, Ph: 9927025894, 9568009805; Trust Toyota: Near Passport Office, Ph: 7351999501; Pilibhit: Puranpur Road, Ph: 7251999534; Rampur: Near Perfect Test House, 7251999532; Budaun: Dataganj Tiraha, 7251999541; T Sparsh: Trust Toyota: Bareilly: Ph: 7251999595; Gorakhpur: Rajendra Toyota: G.I.D.A. Industrial Area, Ph: 9839183191, 7379744447; Deoria: Rajendra Toyota: Salempur Road, Sonda, Ph: 9839183191, 7379744447; T Sparsh: Rajendra Toyota: Ambedkar Nagar: Ph: 9839183191, 7379744447; Balrampur: Ph: 9839183191, 7379744447; Basti: Ph: 9839183191, 7379744447; Maharajganj: Ph: 9839183191, 7379744447; Padrauna: Ph: 9839183191, 7379744447; Sant Kabir Nagar: Ph: 9839183191, 7379744447; Siddharth Nagar: Ph: 9839183191, 7379744447; Jhansi: JMK Toyota: Gwalior Road, Ph: 7618912555, 7618913555; T Sparsh: JMK Toyota: Hamirpur: Ph: 9044354142; Lalitpur: Ph: 7518703144; Mahoba: Ph: 9151010522; Orai: Ph: 7518100873; Kanpur: Sunny Toyota: Mall Road, Ph: 9839120013, 9918101517, 1800 123 4404; Rooma Industrial Area, Ph: 9839120013, 9918101517, 1800 123 4404; Swam Toyota: Jareeb Chowki, Ph: 9919222717, 9151802719, 1800 121 9300; Chakarpur, Bhauti, Ph: 9919222717, 9151802719, 1800 121 9300; Hardoi: Jeevan Toyota: Ph: 7311194850, 7311194865; T Sparsh: JMK Toyota: Hamirpur: Ph: 9044354142; Mahoba: Ph: 9151010522; Orai: Ph: 7518100873; Swam Toyota: Akbarpur: Ph: 9151935566; Auraiya: Ph: 9151802706; Farrukhabad: Ph: 9151045365; Kannauj: Ph: 9151800345; Unnao: Ph: 9151117901; Meerut: Grand Toyota: Baral Delhi Bypass Road, Ph: 9690904448, 9690016065; Bijnor: Grand Toyota: Najibabad Road Ph: 6399555048, 6399555047; Saharanpur: Devendra Toyota: Chappar Ambala Road, Ph: 9837068370, 7060306802; T Sparsh: Grand Toyota: Dhampur: Ph: 6399555047; Muzaffarnagar: Ph: 6399555041; Devendra Toyota: Shamli: Ph: 7060301142; Chhutmalpur: Ph: 7060306808; Moradabad: Commercial Toyota: Rampur Road, Ph: 9690324444; T Sparsh: Mascot Toyota: Moradabad: Ph: 8979722233; Varanasi: Rajendra Toyota: Hardatpur, Ph: 9839183191, 7379744447; Mall Road Cantonment, Ph: 9839183191, 7379744447; Azamgarh: Rajendra Toyota: Sanyog Filling Station, Ph: 9839183191, 7379744447; Bhadohi: Rajendra Toyota: Chauri Road, Ph: 9839183191, 7379744447; Ghazipur: Rajendra Toyota: PG College Road, Ph: 9839183191, 7379744447; Mirzapur: Rajendra Toyota: Chunar Road, Ph: 9839183191, 7379744447; Jaunpur: SNJ Toyota: Next to B.P.C.L. Petrol Pump, Ph: 9119950251; Robertsganj: Rajendra Toyota: Cancel Bangalow Road, Ph: 9839183191, 7379744447; T Sparsh: Rajendra Toyota: Babatpur: Ph: 9839183191, 7379744447; Ballia: Ph: 9839183191, 7379744447; Chandauli: Ph: 9839183191, 7379744447; Mau: Ph: 9839183191, 7379744447. UTTARAKHAND: Dehradun: Trust Toyota: Ballupur Chowk, Ph: 7253999610; Kuanwala: Dehradun-Haridwar Road, Ph: 7253999508.

dentsu creative/nbt luc/01/26

# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) । मंगलवार, 10 फरवरी 2026


लोकतंत्र शोर और अवरोध पर नहीं, बल्कि विचारपूर्ण चर्चा की गुणवत्ता पर निर्भर करता है -अरनेस्ट बेकर

## सदन में अविश्वास

**लोकसभा स्पीकर** ओम बिरला ने पिछले हफ्ते, शुक्रवार को सांसदों से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने देने की अपील करते हुए कहा था कि अब तक बजट सत्र के 19.13 घंटे बर्बाद हो चुके हैं। उनकी अपील के कुछ वक्त बाद ही हंगामा शुरू हो गया और कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। तब से लेकर सोमवार तक, इस आंकड़े में कुछ और घंटे जुड़ चुके हैं। दोनों सदनों में गतिरोध कायम है और अब तो ऐसा लग रहा है कि सुलह से ज्यादा कोशिश टकराव के बहाने तलाशने की हो रही है। इसका खामियाजा संसद की गरिमा को भुगतना पड़ रहा है।



दोनों सदनों में हंगामा

**अधूरी चर्चाएं ।** इस बजट सत्र में अभी तक ढंग से कोई भी चर्चा पूरी नहीं हो सकी है। और अहम विधायी मुद्दे अधर में लटके हैं। विपक्ष का कहना है कि लोकसभा में राहुल गांधी को बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा। सोमवार को एक बार लगा जरूर कि शायद कोई रास्ता निकल जाए, जब नेता प्रतिपक्ष और स्पीकर की मुलाकात हुई। हालांकि बाद में पेच इस पर फंस गया कि राहुल गांधी बजट पर बोल सकते हैं, किसी और विषय पर नहीं।

**विपक्ष की शिकायत ।** सदन को चलाने के लिए जितने जरूरी हैं नियम-कायदे, उतनी ही अहमियत परंपराओं की भी है। और लोकतंत्र की परंपरा रही है कि सभी को बात रखने का मौका मिले, चाहे वह सत्ता में हो या विपक्ष में। लेकिन, विपक्ष में यह भावना पनप रही है कि आसन उनके प्रति समान व्यवहार नहीं कर रहा। सरकार के पास बात रखने के लिए कई मंच और मौके होते हैं, पर विपक्ष के लिए सबसे बड़ा मंच सदन ही है, जहां वह सवाल पूछ सकता है। ये सवाल सरकार की जवाबदेही तय करने और नीतियों में संतुलन के लिए जरूरी हैं।


**भरोसे की कमी ।** पीठासीन अधिकारी सदन के संरक्षक की भूमिका में होते हैं, जिनसे निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है। विपक्ष को उनसे यह भरोसा रहता है कि वह बराबरी का मौका देंगे। चिंताजनक बात है कि यह भरोसा टूट रहा है। इसका सबूत कांग्रेस की महिला सांसदों की तरफ से ओम बिरला को लिखी गई चिट्ठी और यह खबर है कि स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी है। अगर ऐसा होता है, तो भले संख्या बल विपक्ष के साथ नहीं, लेकिन इसका प्रतीकात्मक महत्व बहुत ज्यादा है।

**नकारात्मक छवि ।** यह सेशन अभी तक नकारात्मक वजहों से ज्यादा चर्चा में रहा - सांसदों का निलंबन, पीएम का लोकसभा में सुरक्षा वजहों से भाषण देने नहीं आना। ये घटनाएं जनता के सामने जनप्रतिनिधियों की अच्छी तस्वीर पेश नहीं करतीं।

संघ प्रमुख कई बार 75 की उम्र में पद छोड़ने की बात कह चुके हैं, उनका हालिया बयान वैचारिक संकेत

# भागवत की बात में छिपा है बड़ा संदेश

**संघ प्रमुख** मोहन भागवत बार-बार रिटायरमेंट की बात क्यों करते हैं? वह सीधे तौर पर संघ प्रमुख के पद को अलविदा भी कह सकते हैं। दरअसल, इसी में छिपा है वह संदेश, जिसके जरिये भागवत संघ, सरकार और BJP के लिए एक मापदंड तय करना चाहते हैं। वह बताना चाहते हैं कि कोई भी व्यक्ति संगठन से बड़ा नहीं होता और नेतृत्व की एक समय-सीमा होनी चाहिए।



धर्मेंद्र कुमार सिंह

**परंपरा या दीवार ।** मोहन भागवत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दोनों 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं। अनौपचारिक तौर पर इस उम्र को रिटायरमेंट की रेखा माना जाता रहा है, लेकिन यही उम्र सीमा अब संघ परिवार और सरकार, दोनों के लिए दीवार बन गई है। जब मोदी 2014 में देश के प्रधानमंत्री बने, तब उन्होंने कहा था कि 2024 तक देश में प्रधानमंत्री पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं है। इस बयान से संदेश गया कि वह 75 की उम्र पार करने पर पद को अलविदा कह सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शायद यही वजह है कि मोहन भागवत बार-बार इस विषय को याद दिलाते हैं।

**चिंता की वजह ।** संघ और BJP का रिश्ता अक्सर दिल और दिमाग जैसा बताया जाता है। लेकिन, हाल में इसी मुद्दे पर दोनों में तनाव के संकेत दिखे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी समेत 75 वर्ष से अधिक उम्र के 20 से ज्यादा नेताओं को टिकट नहीं दिया गया था। तब तत्कालीन BJP अध्यक्ष अमित शाह ने कहा था कि 75 से अधिक उम्र वालों को लोकसभा चुनाव का टिकट नहीं देने का फैसला पार्टी का था। उस समय मोदी और शाह के बयानों से यही लगता था कि पार्टी और सरकार एक ही लीक पर है।

**बदली रणनीति ।** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान पीएम मोदी के रिटायरमेंट को लेकर जमकर बयानबाजी हुई। अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि BJP जीती, तो मोदी केवल एक साल पीएम रहेंगे क्योंकि 75 साल वाला नियम तो उन्होंने ही बनाया है। बात बढ़ी तो अमित शाह ने कहा, 'BJP के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। मोदी जी 2029 तक देश का नेतृत्व करेंगे।'

**75 पर राजनीति**
- BJP ने पार्टी के भीतर लागू किया था नियम
- 2024 में पीएम मोदी की उम्र का सवाल उठा
- अमित शाह ने कहा था, पार्टी में प्रावधान नहीं



**घर से आवाज ।** अमित शाह के बयान के बाद विपक्ष का सवाल उठाना बनता है, लेकिन बात बार-बार घर से उठ रही है। कम से कम पांच मौकों पर मोहन भागवत रिटायरमेंट या दायित्व छोड़ने की बात कह चुके हैं। जुलाई 2025 में उन्होंने कहा था, 'जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाती है, तो समझिए कि दूसरों को मौका देने का समय आ गया है। आपको किनारे होना चाहिए।' इस बार रविवार को उन्होंने कहा कि संघ ने उनसे उनकी उम्र के बावजूद काम जारी रखने को कहा है, लेकिन पद छोड़ने को कहा जाएगा तो वह तुरंत छोड़ देंगे।

**संगठन सबसे ऊपर ।** भले ही संघ का कामकाज BJP से अलग हो, लेकिन दोनों की धुरी एक ही है - राष्ट्र सर्वोपरि, संगठन व्यक्ति से बड़ा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद। मोदी ने कई अवसरों पर कहा है कि पार्टी संगठन से बढ़कर कुछ नहीं है, कार्यकर्ता इसके केंद्र में हैं और हम सब एक परिवार हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने सार्वजनिक रूप से नागपुर में संघ के कार्यक्रम में भाग लिया और मोहन भागवत की मौजूदगी में कहा था कि संघ अब एक वटवृक्ष बन चुका है, जो भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जावान कर रहा है।

**दरार की वजह ।** यह भी सच है कि मोदी को पीएम पद का उम्मीदवार बनवाने में संघ की अहम भूमिका रही है। संघ के अजेंडे - राम मंदिर, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने और समान नागरिक संहिता - में से दो पूरे हो चुके हैं। लेकिन, RSS-BJP संबंधों में दरार का कारण बना पिछले आम चुनाव में जेपी नड्डा का यह बयान कि पार्टी संघ के बिना भी चुनाव लड़ सकती है। इसका असर चुनाव नतीजों में दिखा। हालांकि बाद में दोनों फिर करीब आए।

**वैचारिक अपेक्षा ।** अब सवाल यही है कि मोहन भागवत बार-बार रिटायरमेंट की बात क्यों कर रहे हैं? क्या यह प्रधानमंत्री की ओर एक वैचारिक संकेत है कि अब रिटायरमेंट पर गंभीरता से सोचने का वक्त आ गया है? भले रिटायरमेंट का कोई औपचारिक बंधन न हो, लेकिन वैचारिक अपेक्षा तो मौजूद है। और शायद यही सवाल खड़ा होता है कि नरेंद्र मोदी पद क्यों नहीं छोड़ना चाहते? संभव है, उन्हें लगता हो कि उनका राजनीतिक और वैचारिक मिशन अभी अधूरा है। दूसरी वजह यह भी हो सकती है कि उनके बाद पीएम पद का उम्मीदवार कौन होगा।

*(लेखक राजनीतिक और चुनाव विश्लेषक हैं)*

## कांटे की बात


आज RSS, सावरकर को भारत रत्न देने की मांग कर रहा है। एक समय आएगा जब BJP नाथूराम गोडसे को भारत रत्न दे देगी। 1857 क्रांति में योगदान देने वाले मौलवी अलाउद्दीन की अंग्रेजों की कैद में मौत हो गई थी। ऐसे लोगों को भारत रत्न देना चाहिए।



असदुद्दीन ओवैसी, *AIMIM प्रमुख*

## AI की दुनिया

# पर्यावरण और सेहत, दोनों के लिए कमाल यह खोज




*GPT-5 अडवांस AI सिस्टम ने ऐसी खोज की है, जिससे दवाओं, इलाज, खेती और कई जरूरी चीजों की लागत कम हो सकती है। इसने प्रोटीन बनाने की महंगी प्रक्रिया को काफी सस्ता बना दिया।*

**लागत और समय में कटौती**

**प्रोटीन बनाने** के लिए आमतौर पर जीवित कोशिकाओं को पालना पड़ता है, जिसमें काफी पैसा लगता है। GPT-5 ने Ginkgo Bioworks संग मिलकर सेल-फ्री प्रोटीन सिंथेसिस (CFPS) नाम की तकनीक को ज्यादा किफायती बनाया। नई प्रक्रिया से प्रोटीन बनाने की कुल लागत करीब 40% तक कम हो गई, जबकि इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स की कीमत में 57% तक की गिरावट आई है।

**आम आदमी को फायदा**

**बड़ा असर** दवाओं की कीमत पर पड़ेगा। इंसुलिन, कैंसर और दूसरी आधुनिक बायोलॉजिकल दवाएं सस्ती बन सकेंगी। दूसरा फायदा मेडिकल टेस्ट और डायग्नोस्टिक किट्स में दिखेगा। छोटे शहरों और गांवों में भी बेहतर मेडिकल टेस्ट हो सकेंगे। तीसरा फायदा इंडस्ट्री और पर्यावरण से जुड़ा है। केमिकल की तुलना में एंजाइम पर्यावरण के लिए ज्यादा सुरक्षित होते हैं। -प्रदीप तिवारी

जनता जंक्शन — इरफान




## ऐवें कुछ भी

## रिटायरी की पार्टी

**इस समय** रिटायरमेंट ट्रेंड में है। बॉलिवुड के एक मशहूर गायक ने बोल दिया, अब फिल्मों के लिए नहीं गाना। एक दूसरे स्टैंड अप कमिडियन हैं, उन्होंने भी कहा, हंसी-मजाक बाद में देखा जाएगा। दोनों की उम्र अभी खाने खेलने की है। लेकिन ये सब हमारे पड़ोसी सिंह साहब को एकदम पसंद नहीं आया। वह गेट के सामने अपनी बाइक चमका रहे थे। सिंह साहब पुलिस विभाग में हैं। उनके तेवर भी वैसे ही हैं। गली में सबको भुनगा-मच्छर समझते हैं। प्लास्टिक की कुर्सी हमारे रास्ते में ठेलते हुए बोले, बैठिए।



आलोक सिंह भदौरिया

बोले, क्या जमाना आ गया है, अच्छा भला जमा जमाया धंधा छोड़कर आजकल के लड़का लोग रिटायरमेंट ले रहे हैं। मैंने कहा, जी। वह बोले, सुनिए परसों शाम को कम्युनिटी हॉल में आ जाइएगा सपरिवार। हमने पूछा कुछ खास? मूछों पर ताव देते हुए सिंह साहब ने घूरा और बोले, रिटायर हो रहे हैं, 40 साल की नौकरी के बाद, रिटायरी की पार्टी है।

उनके तेवरों के हिसाब से हमें गिफ्ट में तोप देनी चाहिए थी, लेकिन, हमें शंका है कि तोप उनके पास पहले से है। शाम को महफिल में पहुंचे। भोजपुरी गीत पर पांच डांसर डांस टाइप कर रही थीं, जिनके सामने बैठकर दस बुजुर्ग चाऊमीन खा रहे थे। सिंह साहब गले में दो तोले की सोने की चेन पहने मेहमानों का स्वागत प्रीमियम गुटखे से कर रहे थे। हमने गिफ्ट दिया तो जहांपनाह बोले, स्टेज पर दीजिएगा। सामने जयमाला टाइप स्टेज सजा था। सुबह फिर उनके घर के सामने से निकले। सिंह साहब धूप में ऊंघ रहे थे। बाइक खड़ी थी। आहट से नींद खुली, हमने पूछा, अजीब सा लग रहा होगा? सिंह साहब भड़ककर बोले, काहे अजीब लगेगा, अरे बिना ऊंचनीच के 40 साल नौकरी पूरी कर ली। यह तो खुशी की बात है।



बगल में घनश्याम बाबू बैठे थे, बोले, ये लोग नहीं समझेंगे, रिटायर होने वाली हम लोग आखिरी पीढ़ी हैं। हमने पूछा क्यों? घनश्याम बाबू तिरछी मुस्कान फेंककर बोले, नौकरी होगी तब न रिटायर होइएगा, उससे पहले ही कंपनी दरवाजा दिखा देगी। हम बोले, बात तो सही है।

## बोल वचन

दिलीप लाल

## ज़ायक़ेदार फरा-चटनी

उत्तर प्रदेश में आटे से बनाया जाने वाला एक पारंपरिक देसी व्यंजन है फरा। इसको उबालकर या भाप में पकाया जाता है। इसे बनाने के लिए आटे को गूंथकर छोटी-छोटी लोइयां बनाई जाती हैं। इन लोइयों के भीतर उड़द दाल, चना दाल, लहसुन, अदरक, हरी मिर्च और पारंपरिक मसालों का मिश्रण भरा जाता है। पकने के बाद इसे धनिया-लहसुन की चटनी के साथ परोसा जाता है। आकार में यह गिल्ली-डंडा खेल में इस्तेमाल होने वाली गिल्ली जैसा होता है। कई क्षेत्रों में गिल्ली को पुल्ली भी कहा जाता है, शायद इसी कारण कुछ जगह इसे पुली कहा गया, जिससे बंगाल में पुले पिठे नाम प्रचलित हुआ। बिहार और झारखंड में इसे पीठा, उत्तराखंड में पुवा या पुलिया और दक्षिण भारत में कोझुकट्टई कहा जाता है। इसका संबंध संस्कृत के मूल शब्द 'पिष्ट' से माना जाता है, जिसका अर्थ है पिसा हुआ या चूर्ण। विशेषकर सर्दियों में और मकर संक्रांति के अवसर पर पीठा बनाने और खाने की परंपरा व्यापक रूप से देखी जाती है।



# 'बाबा' तो फ़ारसी शब्द है, फिर हंगामा कैसा

**उत्तराखंड के** कोटद्वार में कुछ दिनों पहले एक मुस्लिम दुकानदार से उसकी दुकान का नाम 'बाबा' बदलने की मांग को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। कुछ संगठनों ने इसे धार्मिक नाम बताकर आपत्ति जताई। मामला पुलिस तक पहुंचा और देखते ही देखते पूरे देश में छा गया।




मोहम्मद असगर

**शब्दों का मजहब ।** दुकान का नाम बदलने की मांग ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है - क्या शब्दों पर भी मजहब की मुहर लगाई जा सकती है? दरअसल 'बाबा' किसी एक धर्म की जागीर नहीं, बल्कि सदियों से सभ्यताओं में बहते आए अपनेपन और सम्मान का नाम है। जिस बाबा शब्द को धर्म से जोड़कर हंगामा खड़ा किया गया, वह तो फारसी और तुर्की जुबान की सीढ़ियां चढ़कर भारत पहुंचा है।

**पहली आवाज ।** जब हम किसी बुजुर्ग को प्यार से 'बाबा' कहते हैं, या किसी संत-फकीर को सम्मान से पुकारते हैं, तो शायद ही ध्यान इस तरह जाता है कि यह छोटा-सा शब्द सदियों का सफर तय करके हम तक पहुंचा है।

कॉमन रूम



भाषाविदों के मुताबिक 'बाबा' की जड़ें इंसान की शुरुआती आवाजों में हैं। बच्चा जब बोलना सीखता है तो सबसे आसान ध्वनियां निकलती हैं - 'बा बा', 'पा पा', 'मा मा'। दुनिया की कई भाषाओं में पिता के लिए ऐसे ही शब्द बने। मशहूर भाषा वैज्ञानिक Roman Jakobson ने बताया था कि ये शब्द बच्चों की प्राकृतिक बोली से खुद-ब-खुद विकसित हुए।

**संबोधन में सम्मान ।** लेकिन, 'बाबा' सिर्फ बचपन की आवाज नहीं रहा। फारसी और तुर्की सभ्यताओं में यह शब्द बहुत पहले से पिता और बुजुर्ग के लिए इस्तेमाल होता आया है। फारसी भाषा में 'बाबा' का अर्थ होता था घर का मुखिया, अनुभव से भरा इंसान। वहीं तुर्की समाज में बच्चे अपने पिता को सीधे 'बाबा' कहकर पुकारते थे, जैसे आज भारत में कई जगह कहा जाता है। मैं अपने पिता को अब्बा कहकर पुकारता हूं। मेरे एक कजिन के बच्चे अपने पिता को बाबा जानी पुकारते हैं। कई बच्चे अपने दादा को बाबा बुलाते हैं। सम्मान के रूप में किसी अनजान बुजुर्ग के लिए भी बाबा का संबोधन बहुत आम है।

**श्रद्धा का प्रतीक ।** बाबा शब्द सम्मान और अपनेपन, दोनों का प्रतीक है। तभी तो समय के साथ सूफी परंपरा में भी 'बाबा' एक आदर सूचक संबोधन बन गया। भारत में आते-आते इस शब्द ने और गहराई पा ली। संतों के नाम के साथ जुड़कर यह श्रद्धा का रूप बन गया और आम जिंदगी में पिता और बुजुर्गों के लिए प्यार भरा संबोधन। आज 'बाबा' एक ऐसा शब्द है, जो घर की चौखट से लेकर दरगाह और मंदिर तक गूंजता है, बाबा बुल्ले शाह, बाबा फरीद, बाबा रामानंद! बाबा रिश्तों की गर्माहट, सम्मान और भरोसे की एक खूबसूरत विरासत बनकर हमारे बीच है, फिर हंगामा किस बात का है?

# ख़ास मौक़ों के लिए ही क्यों छिपाकर रखी है ख़ुशी

निर्मल जैन

आज के समय में तनाव सबसे आम और गंभीर विषय है। इसलिए इससे मुक्ति पाने के तरह-तरह के उपाय खोजे जा रहे हैं। कठोर नियंत्रण, तप, व्रत और उपवास के माध्यम से मन को साधने के प्रयास किए जाते हैं। ये उपाय कई बार तात्कालिक राहत तो दे देते हैं, लेकिन सहज और टिकाऊ नहीं होते। जिस प्रकार शरीर के पोषण के लिए आहार आवश्यक है, उसी प्रकार मन को शांत और स्वस्थ रखने के लिए मनोरंजन भी चाहिए। छोटी-छोटी मनभावन बातों पर दिल खोलकर हंस लेना, किसी पुराने मनोरंजक प्रसंग को याद कर लेना, मधुर संगीत सुनना, ये सब मन को सहज रूप से हल्का कर देते हैं।

मौजूदा हालात वर्तमान और भावी, दोनों पीढ़ियों में पनप रही विकृतियों की ओर ध्यान दिलाते हैं। अभिभावकों के पास इतना समय नहीं कि नई पीढ़ी के साथ बैठकर कह सकें, 'आओ, कुछ तुम नया सुनाओ, कुछ हम पुराना बताएं।' विचारकों की सलाह है कि जो स्वयं हंस सकता है, वही दूसरों को हंसा सकता है। जो दूसरों के दिल का दर्द समझ सकता है, वही मुस्कान बांट सकता है। मुस्कान प्रेम की भाषा है। यह सोचने की बात है कि सांस लेने या दिल धड़कने के लिए क्या किसी विशेष अवसर की आवश्यकता होती है? फिर जीवन की मौज-मस्ती और आनंद को हमने केवल खास मौकों, त्योहारों या साल के अंतिम दिनों तक क्यों सीमित कर दिया है? क्या घरों में हंसना इतना मुश्किल हो गया है कि पार्क में जाकर हंसने के लिए साथियों की तलाश करनी पड़े।



THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

कहते हैं, जिनको जीने के लिए इतने मनोरंजन के साधनों की तलाश करनी होती है, वे कहीं न कहीं भीतर से दुखी होंगे। इसलिए इस बात की गांठ बांध लें कि वास्तव में मौज, मस्ती और प्रसन्नता साधनों से नहीं, हमारे विचारों और जीवन-दृष्टि से उपजती है। इसलिए हम जितने विचार-संपन्न होंगे, उतना ही अधिक सुख का अनुभव करेंगे। दरअसल खुश रहना हमारे नजरिए का परिणाम है। जीवन को खुशी से भरपूर बनाने के दो ही सूत्र हैं- जो पसंद है उसे हासिल करें, और यदि वह संभव न हो, तो जो हासिल है उसे ही पसंद करना सीख लें।

# बंगाल में कांग्रेस को बोझ क्यों लग रहा लेफ्ट

हेमंत राजौरा

भारतीय राजनीति में कांग्रेस और वाम दलों (लेफ्ट) के बीच रिश्ता हमेशा एक जैसा नहीं रहा है। कभी यह विचारधारा की समानता पर टिका रहा, तो कभी राजनीतिक हालात के चलते मजबूरी में साथ आना पड़ा। समय के साथ परिस्थितियां बदलीं और अब कांग्रेस धीरे-धीरे लेफ्ट से दूरी बनाती दिखाई दे रही है। पश्चिम बंगाल इस रिश्ते की एक अहम प्रयोगशाला रहा है। यहां 2016 से कांग्रेस और वाम दलों के बीच सक्रिय गठबंधन रहा। हालांकि, गठबंधन अपेक्षित राजनीतिक सफलता हासिल नहीं कर सका।



### असमंजस में कांग्रेस

पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने लेफ्ट के साथ मिलकर 92 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन पार्टी का खाता तक नहीं खुल सका। वोट शेयर भी करीब 3% पर आ गया। यह महज चुनावी हार नहीं, बल्कि कांग्रेस के सामाजिक आधार, कार्यकर्ताओं के नेटवर्क और संगठनात्मक मजबूती में गिरावट का संकेत था। कांग्रेस नेतृत्व के लिए यह चेतावनी थी कि लेफ्ट के साथ गठबंधन से पार्टी और कमजोर हो जाएगी।

मगर, 2019 के लोकसभा चुनाव में दोनों का अलग होना और 2024 में साथ आना कांग्रेस के भीतर असमंजस दिखाता है। पार्टी को लग गया कि लेफ्ट अब राजनीतिक पूंजी नहीं, बल्कि बोझ है। लेफ्ट के साथ रिश्तों में यह नरमी बदलते राजनीतिक संदर्भ को भी दर्शाता है। पहले सीताराम येचुरी जैसे दिग्गज नेता कांग्रेस और लेफ्ट के बीच पुल की भूमिका निभाते थे। आज लेफ्ट की केरल इकाई के लिए कांग्रेस सीधी प्रतिद्वंद्वी है।

विशुद्ध राजनीति — कसौटी

केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले UDF और वाम मोर्चा में सीधी टक्कर है। ऐसे में बंगाल में गठबंधन करना लेफ्ट को भी रास नहीं आ रहा है। साथ ही, BJP भी इस मुद्दे पर हमलावर है, जिससे कांग्रेस के लिए वैचारिक असहजता खड़ी हो गई है।

पश्चिम बंगाल चुनाव में लेफ्ट से अलग होकर और ममता बनर्जी के खिलाफ अकेले लड़कर कांग्रेस यह बता रही है पार्टी अब दोबारा स्थापित होना चाहती है। पार्टी नेतृत्व को लगता है कि पारंपरिक वोट बैंक और सामाजिक आधार लेफ्ट के भरोसे नहीं, बल्कि अपनी पहचान के सहारे दोबारा बनाई जा सकती है। कांग्रेस आलाकमान की भी यही रणनीति है कि पार्टी अब सहयोगी दलों की परछाई से निकलकर अपने पुनरुत्थान की कहानी खुद लिखे।

### नए जमाने की राजनीति

कांग्रेस की इस दूरी बनाने का खामियाजा लेफ्ट को भुगतना पड़ सकता है। पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में जहां वाम दल पहले से ही कमजोर हैं, वहां कांग्रेस भी अगर साथ छोड़ दे तो अस्तित्व संकट और गहराने का खतरा है। कांग्रेस का यह फैसला बताता है कि वह अब लेफ्ट को साझेदार नहीं, बल्कि राजनीतिक अतीत मान चुकी है। लेफ्ट से दूर होती कांग्रेस ने नई राजनीतिक दिशा की ओर भी इशारा किया है। यह सिर्फ गठबंधन तोड़ना भर नहीं है। यह खुद अपनी पहचान बनाने, संगठन को दोबारा तैयार करने और वैचारिक स्पष्टता की भी रणनीति है। कांग्रेस को लगने लगा है कि लेफ्ट के साथ रहकर वह न तो सत्ता का विकल्प बन पा रही है और न ही BJP के खिलाफ चुनौती। इससे लगता है कि भारतीय राजनीति अब नए जमाने की हो गई है, जहां नई खुद की पहचान बनाने के लिए पुराने गठबंधन टूट रहे हैं।

## रीडर्स मेल

### सकारात्मक संकेत

**9 फरवरी** का संपादकीय 'बराबरी का सौदा' पढ़ा। यह अंतरिम ट्रेड डील कई मायनों में राहत देने वाली है। 50% से घटकर 18% टैरिफ होना निश्चित रूप से सकारात्मक संकेत है और इससे भारत की प्रतिस्पर्धी स्थिति मजबूत होगी। अच्छी बात है कि कृषि और डेयरी क्षेत्र में सरकार ने किसानों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी। फार्मा को मिलने वाला संभावित लाभ स्वागतयोग्य है। हालांकि रूस से तेल आयात पर निगरानी का प्रावधान चिंता पैदा करता है। उम्मीद है कि अंतिम समझौते में भारत अपने हितों की रक्षा करने में सफल रहेगा।

**मोहित राणा**, नोएडा

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

## फटाफट खबरें

### पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ



■ NBT न्यूज, लखीमपुर खीरी: धौरहरा वन क्षेत्र से लगभग 3 किमी दूर दहाना नाले के पास रखे गए पिंजरे में रविवार को दहशत का पर्याय बना तेंदुआ कैद हो गया। दहाना नाले के पास काफी समय से तेंदुए की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत थी।

**बाड़े में बाघ की दहशत:** ललितपुर के महरौनी तहसील स्थित निवारी गांव के जंगल में बाघ की दहाड़ सुनाई देने के बाद से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने पगमार्क देखने का भी दावा किया है।

### वाराणसी: रात में विमानों का संचालन बंद

■ NBT न्यूज, वाराणसी: लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक साल तक रात में विमानों की आवाजाही नहीं होगी। अंतरराष्ट्रीय विमानन मानकों के अनुरूप रनवे को विकसित करने के लिए तकनीकी कार्य सोमवार से शुरू हो गया है। इसके तहत रात 11.30 बजे से प्रतिदिन 8 घंटे तक विमानों का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता के अनुसार रनवे के स्ट्रेंथनिंग और एक्सटेंशन का काम होना है। ऐसे में विमानों के संचालन पर अस्थायी रोक लगाई गई है।

### बच्चियों से छेड़छाड़, प्रिंसिपल गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, वाराणसी: सिंधोरा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पिसौर के प्रिंसिपल पर मासूम बच्चियों से छेड़छाड़ और अश्लील वीडियो दिखाने का आरोप लगा है। जानकारी पर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और स्कूल घेर लिया। खुद को बचाने के लिए आरोपित ने कमरे में कैद कर लिया। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने कई थानों की फोर्स की मदद से स्थिति संभाली। इसके बाद आरोपित को किसी तरह स्कूल से निकालकर थाने ले जाया गया। स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा पांच की कई बच्चियों ने परिजन को घर पहुंच प्रिंसिपल की हरकत के बारे में बताया था। बच्चियों के अनुसार प्रिंसिपल गलत हरकत के साथ ही अश्लील वीडियो दिखाता था। डीसीपी (वरुणा) प्रमोद कुमार के अनुसार तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### ट्रक-एंबुलेंस में टक्कर, महिला मरीज की मौत

■ NBT न्यूज, बांदा: ट्रक और एंबुलेंस में हुई टक्कर में महिला मरीज की मौत हो गई। हादसे में पति और बेटे के साथ ही दोनों चालक भी चोटिल हो गए। बबेरू स्थित कमेहटा गांव निवासी ऊषा (58) की रविवार रात तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल से कानपुर के लिए रेफर किया गया था। 102 एंबुलेंस से कानपुर ले जाते समय चिल्ला थाना क्षेत्र में ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में महिला की मौत हो गई जबकि पति शंकर (62) और बेटे घनश्याम (38) के साथ ही दोनों चालक भी घायल हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया है।

### ADM की फर्जी आईडी से ठगी की कोशिश

■ NBT न्यूज, अमेठी: एडीएम अर्पित गुप्ता की फेक फेसबुक आईडी बनाकर ठगी की कोशिश का केस दर्ज हुआ है। एडीएम के अनुसार उनकी फोटो का इस्तेमाल करके फेक फेसबुक आईडी बनाने के साथ ही परिचितों को मैसेज भेजकर जरूरत बताते हुए रुपये मांगे जा रहे हैं। जानकारी पर एडीएम ने साइबर थाने में केस दर्ज करवाया है। साइबर थाने के एसओ राजेश कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### ट्रक में घुसी कार, मासूम की मौत, सात गंभीर

■ NBT न्यूज, गोंडा: नवाबगंज स्थित लोलपुर ओवरब्रिज पर सोमवार सुबह ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगाने से तेज रफ्तार कार टकरा गई। हादसे में तीन मासूमों सहित सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अयोध्या मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। इलाज के दौरान एक मासूम ने दम तोड़ दिया। बस्ती के बड़े वन निवासी दिलीप उपाध्याय, पत्नी ज्योति, बेटे दिव्यांश, ओजस (6) के साथ अयोध्या से लौट रहे थे। कार में अशोक द्विवेदी (65), दीपक दुबे, पत्नी पल्लवी (28), बेटी अनाया (6) भी थे। हादसे में ओजस की मौत हो गई। वहीं, हालत गंभीर देखते हुए ज्योति, दिव्यांश, दिलीप और अशोक को केजीएमयू रेफर किया गया है।

### ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग भाइयों की मौत

■ NBT न्यूज, वाराणसी: सोनभद्र में जरगरी-रॉबर्ट्सगंज मार्ग पर रविवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग भाइयों के साथ ही साढ़ू की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सीजपुर निवासी प्रधानाध्यापक दयाशंकर सिंह (61), बड़े भाई कमलासिंह (65) और साढ़ू प्रेम सिंह (55) के साथ तिलक समारोह में शामिल होने रॉबर्ट्सगंज गए थे। देर रात तीनों बाइक से चिल्ला गांव स्थित घर लौट रहे थे। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### कानपुर: रजिस्ट्रेशन कैंसल, अस्पताल सील

■ NBT न्यूज, रिपोर्ट, कानपुर: बिठूर स्थित राजा नर्सिंग होम के एनआईसीयू के वॉर्मर में आग से नवजात बच्ची की मौत के मामले में नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी ने बताया कि अस्पताल के एनआईसीयू का भी पंजीकरण रद्द किया गया है। हादसे के वक्त एनआईसीयू में कोई कर्मचारी नहीं था। वहीं, डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अग्निशमन एनओसी एक्सपायर हो चुके थे। इस बीच बिठूर थाने में नवजात बच्ची के बाबा की तहरीर पर अस्पताल के डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### वाद वापसी में कोर्ट का स्पष्ट आदेश जरूरी: HC

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: इलाहाबाद हाई कोर्ट की पूर्ण पीठ ने कहा है कि सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) के आदेश 23 नियम 1 के तहत वाद वापस लेने का आवेदन स्वतः वापसी नहीं माना जाएगा। इसके लिए अदालत का स्पष्ट आदेश आवश्यक है। तीन सदस्यीय पीठ ने यह फैसला वाराणसी के एक जमीन विवाद से उत्पन्न हुए मामले में दिया। पूर्ण पीठ में न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह, न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा और न्यायमूर्ति अजय भनोट शामिल हैं। मामला वाराणसी के दो प्लॉट से जुड़ा है। मूल स्वामी मुन्नन देवी ने 1999 में अमरावती देवी के खिलाफ वाद दायर किया था, जिसमें 1998 के एक बिक्री दस्तावेज को निरस्त करने की मांग की गई थी। बाद में अपना हिस्सा बेच दिया। 2013 में उनकी मृत्यु के बाद बेटी कुलपति देवी ने वाद को बिना शर्त वापस लेने का आवेदन किया। वहीं, ट्रायल कोर्ट ने खरीदारों के वाद जारी रखने के आवेदन को मंजूरी दे दी थी। हालांकि, अपीलीय कोर्ट ने निर्णय को पलट दिया और वाद वापस लेने की अनुमति दे दी। इसके बाद क्रेताओं ने अनुच्छेद 227 के तहत हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## टक्कर पर बचाव पक्ष ने कहा- कारोबारी का बेटा नहीं, ड्राइवर चला रहा था


# लैंबॉर्गिनी ज़ब्त, FIR में जोड़ा गया कारोबारी के बेटे का नाम

Lamborghini

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर

लैंबॉर्गिनी कार से रविवार को तीन लोगों को टक्कर मारकर घायल करने के मामले ने सोमवार को तूल पकड़ लिया। रविवार रात पुलिस ने अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ FIR दर्ज की थी। सोमवार सुबह संबंधित ग्वालटोली थाने में खड़ी लैंबॉर्गिनी सीज कर ली गई। पहले FIR में मुख्य आरोपी का नाम नहीं था। बाद में कथित तौर पर गाड़ी चला रहे शिवम का नाम भी जोड़ दिया गया। कानपुर के पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने सफाई दी कि एफआईआर में आरोपी का नाम इसलिए नहीं था कि तब नाम पता नहीं था। कार शिवम चला रहा था। वहीं, बचाव पक्ष ने कहा कि कार शिवम नहीं, बल्कि ड्राइवर चला रहा था।

कानपुर के तंबाकू कारोबारी का बेटा शिवम रविवार को अपनी लैंबॉर्गिनी से VIP रोड पर घूम रहा था। पीछे दूसरी गाड़ी में उसके बाउंसर थे। रेव-3 मॉल के पास अचानक कार बेकाबू हुई और ई-रिक्शा को टक्कर मारने के बाद बाइकर और एक राहगीर को टक्कर मारी। इसके बाद कार खंभे से टकराकर रुक गई। वायरल विडियो में दिख रहा है कि बाउंसरों ने कार से गोद में लेकर शिवम को बाहर निकाला। पुलिस कार थाने ले आई। यहां कार को कवर किया गया। बाउंसर गाड़ी के आसपास खड़े थे और कौतूहलवश गाड़ी छू रहे लोगों से अभद्रता कर रहे थे। उधर, आरोपित के वकील का दावा है कि कार शिवम नहीं बल्कि ड्राइवर चला रहा था



**लग्जरी गाड़ी का क्रेज** कानपुर में रविवार के हादसे के बाद सीज लैंबॉर्गिनी की पुलिसकर्मी भी फोटो क्लिक करते रहे।

### बचती रही पुलिस


पुलिस इस मामले में शुरू से अलग मोड में थी। पहले बताया गया कि कार चला रहे शिवम को हार्टअटैक आ गया था। उसका इलाज जारी है। हादसे के घायलों को अस्पताल में मरहम-पट्टी के बाद छुट्टी दे दी गई थी। एक घायल की तहरीर पर दिल्ली के नंबर वाली इस कार के ड्राइवर पर FIR लिख ली गई।

### दिन में खाकी सख्त

सोमवार सुबह पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जांच में पता चला है कि कार शिवम चला रहा था। बाउंसरों ने शिवम को गाड़ी से बाहर निकाला था। कहा जा रहा है कि शिवम का कोई मेडिकल इश्यू है। बताया गया है, वह अस्पताल में है। पुलिस पूछताछ के लिए शिवम के घर गई थी। अब कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस को नो एंट्री

स्वरूपनगर में शिवम के पिता केके मिश्रा के घर पुलिस पहुंची, लेकिन गेट नहीं खोले गए। बचाव पक्ष के वकील ने दावा किया कि कार शिवम नहीं, बल्कि ड्राइवर चला रहा था। कोर्ट में सुनवाई मंगलवार को है। शिवम बीमार रहते हैं। जब शिवम गाड़ी नहीं चला रहे थे, तो कोई मामला ही नहीं बनता है।




### कम सजा की धारा

कानपुर पुलिस ने मामले में BNS की धारा-281, 125ए, 125बी और 324 (4) लगाई गई है। धारा-281 में 6 महीने, धारा-125ए और 125बी में 3-35 महीने और 324 (4) में अधिकतम 2 साल की सजा का प्रावधान है। वकील गौरव दीक्षित के अनुसार, सभी धाराएं सात साल से कम सजा वाली हैं, इसलिए गिरफ्तारी नहीं हो सकती।

### शौकीन मिजाज

जानकारी के अनुसार, शिवम को लग्जरी गाड़ियों का शौक है। जिस लैंबॉर्गिनी से कानपुर में एक्सिडेंट हुआ था, उसमें 324 किमी/घंटा तक की स्पीड ली जा चुकी है। बताया जाता है कि 2024 में इनकम टैक्स छापे के बाद शिवम ने कथित तौर पर प्राइवेट जेट भी खरीदा था।

> जानकर दुर्घटना करने वाले पर कार्रवाई होगी। सड़क पर वाहन चलाते समय ध्यान रखना होगा कि सामने कोई चल रहा है। राहगीरों की सुरक्षा की चिंता भी करनी होगी।
> -केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री

> बहुत गलत घटना है। इसकी घोर निंदा की जानी चाहिए। जो ऐसा करे, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है।
> -ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री

## मंत्री पुत्र की फॉर्च्युनर से घायल एक और युवक की मौत

■ NBT न्यूज, बांदा: प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ के बेटे की फॉर्च्युनर से घायल अनुज यादव की इलाज के दौरान रविवार रात मौत हो गयी। पोस्टमॉर्टम के बाद सोमवार सुबह अनुज का शव ललितपुर के बरखेरा गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। आक्रोशित परिवारीजनों ने ग्रामीणों के साथ शव रखकर मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। 26 जनवरी की रात नशे में धुत युवक की गाड़ी ने कई लोगों को टक्कर मार दी थी। हादसे में एक की मौके पर ही मौत होने के साथ ही तीन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तीनों को झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था। इनमें शामिल अनुज यादव की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे नाराज लोगों ने शव लेकर राज्यमंत्री के चादमारी मोहल्ला स्थित आवास की तरफ चल दिए। रास्ते में पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने किसी तरह रोका। डीएम ललितपुर सत्यप्रकाश, एसपी मो.मुश्ताक, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एएसपी कालूसिंह ने कार्रवाई का आश्वासन देकर प्रदर्शन खत्म करवाया। डीएम के अनुसार मृतक के परिवारीजनों को कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत 5 लाख की आर्थिक मदद मुहैया करवाई जाएगी।

## महाशिवरात्रि का देशभर के मंदिरों को आमंत्रण




■ NBT न्यूज, वाराणसी: देवाधिदेव महादेव की नगरी काशी में महाशिवरात्रि पर बाबा के विवाहोत्सव का समय नजदीक आने के साथ ही उत्साह और आस्था का रंग और चटक होने लगा है। बाबा और मां गौरा के विवाह में काशीवासी ही नहीं देश के प्रमुख मंदिर भी शामिल होंगे। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की तरफ से आध्यात्मिक व्यवहार के तहत देशभर के 50 से ज्यादा प्रमुख मंदिरों को आमंत्रण भेजा गया है।

> विवाहोत्सव के लिए मथुरा, सिद्धिविनायक, वैष्णो देवी सहित कई मंदिरों से आई शृंगार और पूजन सामग्री

मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि बाबा के महोत्सव में शामिल होने के लिए सभी देवी-देवताओं और देश के प्रमुख मंदिरों को आमंत्रण भेजा जा चुका है। अब तक 18 मंदिर जुड़ चुके हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा और श्रीमाता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (जम्मू) से श्रद्धा-सम्मान स्वरूप श्रृंगार, पूजन सामग्री भेजी गई है। मुंबई के सिद्धिविनायक, तमिलनाडु के चिदंबर, मदुरई स्थित मीनाक्षी अम्मन, द्रौपदी अम्मन, त्रिरुकटेश्वरम, सत्यनारायण, पेरिया नयागी, वेद अधोरेश्वर, कुमरगुरु परमेश्वर सहित कई मंदिरों से पूजन सामग्री आने की जानकारी मिली है।

**बाबा पहनेंगे असमिया परिधान:** महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ खास असमिया परिधान धारण करेंगे, तो मां गौरा लाल और सुनहरे रंग की रेशमी साड़ी और जूनबीरी आभूषण में सजेंगी। बाबा के लिए असम की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक पुरुष परिधान 'चेलेंग-गमोसा' मंगाया गया है। वहीं, मां गौरा को असम की पारंपरिक पोशाक 'मेखेला' साड़ी पहनाई जाएगी। मां गौरा के लिए असम में नववधू के लिए बनने वाले खास आभूषण जूनबीरी (अर्धचंद्राकार हार), गामखारू (पारंपरिक कंगन), थुरिया (मांगटीका) भी मंगवाया गया है। शिव बारात में बाबा की मूर्ति को काशी में बनी मलमल और जरी से तैयार राजसी परिधान धारण करवाए जाएंगे।

## ध्वस्तीकरण पर फूटा गुस्सा, दुकान में लगाई आग



■ NBT न्यूज, वाराणसी: दालमंडी बाजार में सोमवार दोपहर ध्वस्तीकरण के दौरान एक शख्स ने दुकान में आग लगा दी और खुद पर पेट्रोल डालने के बाद पुलिसकर्मियों पर भी छिड़कने का प्रयास किया। इससे मची अफरातफरी के बीच कुछ देर के लिए अभियान रोकना पड़ा। हालांकि आग बुझाते हुए हालात पर काबू पाने के बाद मकान जमींदोज करवा दिया गया।

दालमंडी मार्ग के चौड़ीकरण के लिए मकान-दुकानों को ध्वस्त करने का अभियान दो माह से चल रहा है। नगर निगम द्वारा चिह्नित 21 जर्जर मकानों के ध्वस्तीकरण के लिए सोमवार को अभियान शुरू हुआ। इस दौरान दुकानदारों ने 10 दिन की मोहलत मांगी। इनकार से भड़के एक शख्स ने मकान के अगले हिस्से में स्थित दुकान में आग लगा दी और अंदर जाकर खुद को भी जलाने की धमकी देने लगा। डीसीपी गौरव बंसवाल ने बताया कि काम में बाधा डालने और हंगामे के आरोपित अहमद अली की तलाश हो रही है।

## 'सनातन पर आया तो देश पर आएगा संकट'

■ NBT न्यूज, सीतापुर

दुनिया की तमाम संस्कृति और सभ्यताएं समाप्त हो गईं, लेकिन वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देने वाली हमारी सनातन परंपरा कायम है। सनातन ने हर एक को बढ़ने का मौका दिया। मुगलों से लेकर अंग्रेजों तक ने धर्म और संस्कृति को लूटने का काम किया। सनातन को तोड़ने का बहुत प्रयास किया गया, लेकिन कोई सफल नहीं हो सका। कुछ लोगों ने शरण तो ली लेकिन शरणार्थी धर्म नहीं निभाया। यह बात सीएम ने सोमवार को तपोधाम आश्रम में गिरधारी नाथ महाराज स्मारक स्थल का लोकार्पण करते हुए कही।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गिरधारी नाथ महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। सीएम ने कहा कि अगर सनातन पर संकट आएगा तो देश पर संकट आएगा, बंटेंगे तो कटेंगे। इसलिए बांटने वाले लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है। बांग्लादेश में आज हिंदुओं की हालत किसी से छिपी नहीं है। आगे ने कहा जिस तरह पूर्वी भारत में शक्तिपीठ का महत्व है, वैसे ही पश्चिम में हिंगलाज का महत्व है। आज यह मंदिर पाकिस्तान में होने से बहुत कम लोग ही दर्शन करने जा पाते हैं। सीएम ने कहा कि सीतापुर देश का एक पौराणिक स्थल है, अब महंत गिरधारी नाथ को भी लोग जान सकेंगे। इससे पहले आश्रम पहुंचे सीएम का भव्य स्वागत हुआ। महंत योगी तेजनाथ ने वाद्ययंत्रों की मंगल ध्वनि के बीच सीएम को पुष्पगुच्छ भेंट किया।




मुख्यमंत्री ने आश्रम पहुंच कर किया गिरधारी नाथ महराज स्मारक स्थल का अनावरण


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एकीकृत यूनिट/जोन: लखनऊ-पूर्वोत्तर रेलवे-मण्डल-वाणिज्य/पूर्वोत्तर रेलवे, नीलामी सूची सं०/लॉट सं०: Catg-GMUSMU-03, नीलामी सूची प्रकाशन तिथि: 06-02-2026 समय 16:10 बजे, नीलामी प्रारम्भ तिथि (सबसे पहले लॉट): 23-02-2026 समय 10:00 बजे, नीलामी बन्द करने की तिथि व समय: 23-02-2026 समय 12:50 बजे, नीलामी का प्रकार: Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of www.ireps.gov.in

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ

मुजारी/वाणिज्य-252

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, कक्ष सं. 211-216, प्रथम तल, पारेषण भवन, यू.पी.एम.एल.डी.सी.परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ। प्रेस विज्ञप्ति 11 के.वी. लाइन (सुलभ आवास फीडर एवं कुर्सी रोड फीडर) लखनऊ पर शटडाउन की सूचना। कृपया अवगत हों कि दिनांक 10.02.2026 एवं 11.02.2026 को प्रातः 10:00 बजे से 16:00 बजे तक 132 के.वी. सुशांत नगर-कुर्सी रोड पारेषण लाइन के कन्डक्टर बदलने का कार्य प्रस्तावित है। उक्त कार्य के दौरान 11 के.वी. लाइन (सुलभ आवास फीडर एवं कुर्सी रोड फीडर) से पोषित क्षेत्र (गढ़ौरा पुरवा, लोटस हाउस, नहर रोड एरिया) में प्रस्तावित शटडाउन के कारण आंशिक विद्युत आपूर्ति प्रभावित होगी। असुविधा के लिए खेद है। अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय लखनऊ। "राष्ट्र हित में बिजली बचायें" RO 219 dt 09.02.2026

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं०- या/ 246/ 1/ 15/ 25-26 /ओटी-38

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडों के अनुसार ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। [illegible]

मुजारी/यांत्रिक-138 इज्जतनगर

**लखनऊ नगर निगम**

लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)

e-tenderportal : https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू0सं0: 391/मु0अ0/2025-26 दिनांक : 09.02.2026

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा सूचना

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा टू-बिड सिस्टम पर दिनांक 28.02.2026 को 01 कार्य हेतु ई-निविदा, ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 28.02.2026 को अपराह्न 15:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी, जिन्हें दिनांक 28.02.2026 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। मुख्य अभियन्ता

**लखनऊ नगर निगम**

डी.एम.मार्ग, लालबाग, लखनऊ, ई-मेल: nnlko@up.nic.in

ई-निविदा सूचनांक: 390/मु0अ0/25-26 दिनांक : 09.02.2026

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा सूचना

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा टू-बिड सिस्टम पर दिनांक 23.02.2026 को 01 कार्य हेतु ई-निविदा, ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 23.02.2026 को अपराह्न 15:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी, जिन्हें दिनांक 23.02.2026 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। मुख्य अभियन्ता

GOVT. OF N.C.T. OF DELHI
DEPARTMENT OF FOREST & WILDLIFE
OFFICE OF THE DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION, MANDIR LANE, NEW DELHI-60
E-Mail: - dcfwest.gnctd@gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

[illegible]

DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION

DIP/Shabdarth/Classified/0436/25-26

GOVT. OF N.C.T. OF DELHI
DEPARTMENT OF FOREST & WILDLIFE
OFFICE OF THE DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION, MANDIR LANE, NEW DELHI-60
E-Mail: - dcfwest.gnctd@gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

[illegible]

DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION

DIP/Shabdarth/Classified/0437/25-26

GOVT. OF N.C.T. OF DELHI
DEPARTMENT OF FOREST & WILDLIFE
OFFICE OF THE DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION, MANDIR LANE, NEW DELHI-60
E-Mail: - dcfwest.gnctd@gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

[illegible]

DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION

DIP/Shabdarth/Classified/0435/25-26

**पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड**

(पीएफसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)

पंजीकृत कार्यालय: प्रथम तल, "ऊर्जानिधि" 1, बाराखम्बा लेन, कनाट प्लेस, नई दिल्ली-110001 (भारत) फैक्स: 011-23443990

वैश्विक आमंत्रण (केवल ई-निविदा के माध्यम से)

कर्नाटका राज्य में अंतर्राज्यीय पारेषण परियोजना के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) आधार पर पारेषण सेवा प्रदाता के चयन हेतु

पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार का एक उपक्रम) के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी "प्रस्ताव हेतु अनुरोध" (आरएफपी) के एकल चरण दो लिफाफा प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) आधार पर पारेषण परियोजना की स्थापना के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

इच्छुक निविदादाता वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com एवं https://www.pfcclindia.com पर उपलब्ध आरएफपी अधिसूचना और आरएफपी दस्तावेजों का अवलोकन कर सकते हैं।

निविदादाता अ-प्रतिदेय शुल्क रु. 5,00,000/- या यूएसडी 7,000 प्लस लागू जीएसटी /18 प्रतिशत का भुगतान करके आरएफपी दस्तावेज 10.02.2026 से निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए निविदा जमा तिथि से एक कार्यदिवस पूर्व तक 10:30 बजे (आईएसटी) से 16:00 बजे (आईएसटी) के बीच सभी कार्यदिवसों में 9वां तल, विंग-ए, स्टेट्समैन हाउस, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन 91-11-23443996; फैक्स: 91-11-23443990 ई-मेल pfccl.itp@pfcindia.com से प्राप्त कर सकते हैं। आरएफपी दस्तावेज https://www.mstcecommerce.com एवं https://www.pfcclindia.com से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं, यद्यपि ऐसे मामले में इच्छुक पार्टियां आरएफपी के उत्तर जमा करते समय अलग से अ-प्रतिदेय शुल्क रु. 5,00,000/- या यूएसडी 7,000 प्लस लागू जीएसटी /18 प्रतिशत जमा कर सकते हैं। सर्वेक्षण रिपोर्ट एवं आरएफपी दस्तावेजों पर स्पष्टीकरण केवल उन निविदादाताओं को जारी किया जाएगा जो निविदा जमा तिथि से न्यूनतम एक कार्यदिवस पूर्व तक किसी भी कार्यदिवस में अपेक्षित शुल्क का भुगतान करके आरएफपी दस्तावेज खरीद/प्राप्त कर चुके हैं। निविदादाता किसी भी स्पष्टीकरण/संशोधन/समय विस्तार आदि, यदि कोई हो, के बारे में नवीनतम जानकारी हेतु वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें। इस संबंध में महत्वपूर्ण समय-सारणी निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | पारेषण योजना का नाम | स्पष्टीकरण प्राप्त करने की अंतिम तिथि (दिन/माह/वर्ष) | आरएफपी के उत्तर जमा करने की अंतिम तिथि (दिन/माह/वर्ष) | आरएफपी के उत्तर खोलने की तिथि (दिन/माह/वर्ष) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मंड्या जिले में हेब्बानी पर 2x500MVA, 400/220kV सब-स्टेशन और सहायक ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना। | 02/03/2026 | 14/04/2026 को 15:00 बजे (आईएसटी) तक | 14/04/2026 को 15:30 बजे (आईएसटी) तक |
| 2. | बीदर जिले में हुमनाबाद पर 3x500MVA, 400/220kV सब-स्टेशन और सहायक ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना। | 02/03/2026 | 14/04/2026 को 15:00 बजे (आईएसटी) तक | 14/04/2026 को 15:30 बजे (आईएसटी) तक |

टिप्पणी: पीएफसी कन्सल्टिंग लिमिटेड बिना कोई कारण बताए और बिना कोई जिम्मेदारी लिए प्रक्रिया का निरस्त या संशोधित करने का अधिकार रखता है। यह कोई प्रस्ताव नहीं है।

पहलकर्ता: कर्नाटका सरकार
पहल साझेदार: कर्नाटका पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (केपीटीसीएल)
बोली प्रक्रिया समन्वयक: PFC CONSULTING LTD. (पीएफसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) (भारत सरकार का एक उपक्रम)

CCING37 Product: NBTLucknowBS PubDate: 10/02/2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG10 User: cci Time: 02-09-2026 23:31 Color



## फटाफट खबरें

### अब बिना गारंटी 25 लाख लोन

■ पीटीआई, नई दिल्ली : भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने सोमवार को छोटे उद्योगों (MSEs) के लिए एक बड़ी राहत का ऐलान किया है। RBI ने कहा है कि बैंक अब सूक्ष्म और लघु उद्योगों को उनकी अच्छी साख और मजबूत वित्तीय स्थिति के आधार पर 25 लाख रुपये तक का कोलेटरल-फ्री (बिना कुछ गिरवी रखे) लोन दे सकते हैं। RBI के ये नए नियम 1 अप्रैल से लागू होंगे।

### PSB का मुनाफा 18 फीसदी बढ़ा

■ पीटीआई, नई दिल्ली : वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में SBI (स्टेट बैंक ऑफ इंडिया) की अगुवाई में सभी 12 पब्लिक सेक्टर बैंकों ने मिलकर 52,603 करोड़ रुपये का रेकॉर्ड मुनाफा कमाया है। पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले बैंकों के मुनाफे में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले साल दिसंबर तिमाही में इन सभी बैंकों का कुल मुनाफा 44,473 करोड़ रुपये था। कुल कमाई में अकेले SBI की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत रही है।

### अंबुजा-सांघी के विलय को मंजूरी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: अदाणी ग्रुप की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स के साथ सांघी इंडस्ट्रीज के विलय के प्रस्ताव को नैशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने मंजूरी दे दी है। सोमवार को ट्रिब्यूनल ने इस विलय पर अपनी मुहर लगा दी। अंबुजा सीमेंट्स ने बताया कि मर्जर के लिए 1 अप्रैल 2024 को तय तारीख माना गया है।

### महिलाएं चला रही हैं MF ब्रांच

■ पीटीआई, नई दिल्ली : LIC म्यूचुअल फंड ने सोमवार को साउथ दिल्ली में अपनी एक खास ब्रांच की शुरुआत की है। यह देश की पहली ऐसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी (AMC) बन गई है, जिसने खास तौर पर महिलाओं को ध्यान में रखकर कोई ब्रांच खोली है। यहां का पूरा कामकाज और स्टाफ सिर्फ महिलाएं ही संभाल रही हैं।

# PAN बताने की ट्रांजैक्शन लिमिट बढ़ेगी!

## मार्च के पहले हफ्ते में नोटिफाई हो सकता है नया इनकम टैक्स ऐक्ट, 1 अप्रैल से लागू

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: नया इनकम टैक्स ऐक्ट 2025 इस साल पहली अप्रैल से लागू होगा और इसके नियम मार्च के पहले हफ्ते में नोटिफाई किए जा सकते हैं। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (CBDT) के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। फिलहाल ड्राफ्ट रूल्स पर 22 फरवरी तक प्रतिक्रियाएं मांगी गई हैं। फीडबैक पर विचार के बाद नियम नोटिफाई किए जाएंगे। जिन लेनदेन पर PAN की जानकारी देना जरूरी होता है, ड्राफ्ट रूल्स में उनकी सीमा बढ़ाई गई है।

वहीं, एंप्लॉयर से कर्मचारी को मिलने वाले टैक्स फ्री भत्तों की सीमा बढ़ाई गई है। साथ ही, क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए जरूरी होगा कि वे 1 अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष से ट्रांजैक्शन की जानकारी आयकर विभाग से साझा करें। इलेक्ट्रॉनिक मोड में पेमेंट के लिए सेंट्रल बैंक डिजिटल करंसी को स्वीकार करने की भी बात है।

नया कानून 1 अप्रैल से लागू होने का मतलब यह है कि ये वित्त वर्ष 2026-27 की इनकम पर फाइल किए जाने वाले रिटर्न पर लागू होंगे। 1 अप्रैल के बाद अडवांस टैक्स पेमेंट और TDS से जुड़े मामलों में भी इसके नियम लागू होंगे।

AI Image




### अहम बातें

- FY25-26 की इनकम के लिए मौजूदा ITR फॉर्म ही भरे जाएंगे
- नए नियम वित्त वर्ष 2026-27 की इनकम के लिए होंगे
- TDS और अडवांस टैक्स पेमेंट जैसी चीजों में नए ऐक्ट के नियम लगेंगे
- बाइक सहित मोटर गाड़ियों की खरीद में कीमत 5 लाख रुपये से ज्यादा हो तो, खरीदार को अपना PAN देना होगा।
- कन्वेंशन सेंटर या बैंक्वेट हॉल या इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े व्यक्ति को किया गया पेमेंट। लाख रुपये से ज्यादा होने पर PAN देना होगा।

### बढ़ेगी लिमिट

अधिकारी ने कहा, 'एंप्लॉयर से कर्मचारी को मिलने वाले भत्तों की लिमिट आज के हालात के हिसाब से बढ़ाई गई है। इससे टैक्स फ्री सैलरी बढ़ सकती है।' मसौदा नियमों के मुताबिक, 1.6 लीटर से कम इंजन क्षमता वाली कारों के लिए भत्ते को मौजूदा 2700 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये महीने करने का प्रस्ताव है। बड़ी गाड़ियों पर इसे 3300 से बढ़ाकर 10000 रुपये करने की बात है। वहीं, फ्री फूड और नॉन-अल्कोहलिक बेवरेजेज के मामले में भत्ता 50 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये प्रति मील तय किया गया है। चिल्ड्रेन एजुकेशन अलाउंस को प्रति बच्चा 100 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये महीना किया गया है।

### PAN का मामला



एक या अधिक बैंक खातों में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये और इससे ज्यादा की नकद जमा या निकासी पर PAN की जानकारी देना जरूरी होगा। अभी एक दिन में 50000 रुपये से अधिक के कैश डिपॉजिट पर यह बताना होता है। बाइक सहित मोटर गाड़ियों की खरीद में कीमत 5 लाख रुपये से ज्यादा हो तो, खरीदार को अपना PAN देना होगा। अभी टू-व्हीलर के मामले में ऐसा जरूरी नहीं है। मोटर गाड़ियों में इसे देना होता है, भले ही कीमत कितनी भी हो। कन्वेंशन सेंटर या बैंक्वेट हॉल या इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े व्यक्ति को किया गया पेमेंट। लाख रुपये से ज्यादा होने पर PAN देना होगा। अभी होटल, रेस्टोरेंट बिल 50000 रुपये से ज्यादा होने पर ऐसा करना होता है। अचल संपत्ति की खरीद-बिक्री या जॉइंट डिवेलपमेंट एग्रीमेंट के मामले में अगर ट्रांजैक्शन कॉस्ट 20 लाख रुपये से ज्यादा हो तो PAN बताना होगा। अभी सीमा 10 लाख रुपये की है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### सहूलियत बढ़ाने पर जोर

I-T ऐक्ट 1961 में जहां 511 नियम और 399 फॉर्म हैं, वहीं नए ऐक्ट में इनकी संख्या 333 और 190 पर ला दी गई है। प्री-फिल्ड फॉर्म्स की इंफॉर्मेशन को टैक्सपेयर एडिट कर सकेंगे। इनमें फीडबैक की सुविधा बनी रहेगी, जिससे गलत जानकारी को सुधारा जा सके। जिन मामलों में एंप्लॉयर TDS काट लेते हैं, लेकिन आयकर विभाग के पास जमा नहीं कराते, उनमें करदाता विभाग को ऐसी जानकारी दे सकेंगे और ज्यादा टैक्स भरने से बच सकेंगे। HRA क्लेम के लिए दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई के साथ बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद और हैदराबाद को भी शामिल करने से भी सुविधा बढ़ेगी।

# EPFO का मोबाइल ऐप अप्रैल में आ सकता है

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : एम्प्लॉयीज प्रॉविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (EPFO) अप्रैल के पहले हफ्ते तक एक खास मोबाइल ऐप लॉन्च करेगा। इसके जरिए लोग EPFO का अपना फंड UPI के जरिए अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर सकेंगे। इसमें पासबुक बैलेंस चेक करने जैसी दूसरी सुविधाएं भी होंगी। लेबर मिनिस्ट्री के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि EPFO से फंड निकासी की जो सीमाएं हैं, उनके मुताबिक सब्सक्राइबर फंड ट्रांसफर कर सकेंगे।

मिनिस्ट्री के एक अधिकारी ने बताया, 'मार्च अंत तक या अधिक से अधिक अप्रैल के पहले हफ्ते में EPFO का अपना मोबाइल ऐप लॉन्च कर दिया जाएगा।' उन्होंने बताया, 'ऐप को सब्सक्राइबर के बैंक खाते से जोड़ा जा सकेगा। ऐप में दिखेगा कि सब्सक्राइबर कितना फंड ट्रांसफर कर सकता है। UPI पिन का उपयोग करते हुए ऐप के जरिए फंड बैंक खाते में भेजा जा सकेगा।'

मौजूदा नियमों के मुताबिक, मेंबर के अकाउंट में अंशदान का 25% हिस्सा मिनिमम बैलेंस के रूप में रहता है। नौकरी छूटने की स्थिति में 12 महीने बाद यह हिस्सा भी निकाला जा सकता है। बीमारी, पढ़ाई, शादी और घर बनाने जैसे मामलों में ऑटो-सेटलमेंट की सुविधा है। ऑटो सेटलमेंट की सीमा 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जा चुकी है।

### ये होंगी सुविधाएं

- UPI के जरिए अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर सकेंगे पैसा
- पासबुक बैलेंस चेक करने जैसी दूसरी सुविधाएं भी होंगी
- मौजूदा UAN पोर्टल और उमंग ऐप की सुविधाएं भी जारी रहेंगी।
- ऑटो-सेटलमेंट मोड की लिमिट 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये।

# ट्रेड डील ने बाज़ार में भरा जोश, FIIs बने खरीदार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील होने से बाजार में छाई अनिश्चितता खत्म हो गई है। सोमवार को चौतरफा खरीदारी की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 485.35 अंक (0.58%) की मजबूती के साथ 84,065.75 पर बंद हुआ। वहीं, NSE निफ्टी 173.60 अंक (0.68%) चढ़कर 25,867.30 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी एक समय 228.55 अंक (0.88%) की बढ़त के साथ 25,922.25 के हाई पर भी पहुंचा।

एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) ने शुक्रवार को 1,950.77 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। BSE पर स्मॉलकैप इंडेक्स 2.31% और मिडकैप इंडेक्स 1.27% ऊपर रहे। सेक्टरों की बात करें तो PSU बैंक इंडेक्स सबसे ज्यादा 2.83% चढ़ा। इसके बाद कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (2.76%), रियल्टी (2.64%) और कमोडिटीज (2.06%) का नंबर रहा।

वहीं, दिल्ली में चांदी की कीमतों में 6% से ज्यादा का उछाल आया। चांदी की कीमत 17,000 रुपये (6.66%) चढ़कर 2,72,000 रुपये प्रति किलो हो गई है। 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये महंगा होकर 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

- सेंसेक्स 84,065.75 पर बंद (485.35 अंक की बढ़त)।
- निफ्टी 25,867.30 पर बंद (173.60 अंक की बढ़त)।
- FII खरीदारी 1,950.77 करोड़ के शेयर शुक्रवार को खरीदे।

# बजट के बाद म्युनिसिपल बॉण्ड बनेंगे कमाई का नया जरिया?

AI Image



NBT Explainer

■ NBT रिपोर्ट : यूनियन बजट ने भारत के अभी-अभी उभर रहे म्युनिसिपल बॉण्ड मार्केट को नई रफ्तार दी है। बजट में प्रस्ताव दिया गया है कि अगर कोई नगर निगम 1,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का बॉण्ड जारी करता है, तो उसे 100 करोड़ रुपये का इंसेंटिव दिया जाएगा। 200 करोड़ तक के छोटे बॉण्ड के लिए AMRUT योजना के तहत मदद जारी रहेगी।

### क्या है म्युनिसिपल बॉण्ड?

ET के मुताबिक, म्युनिसिपल बॉण्ड एक तरह के कर्ज के दस्तावेज होते हैं। इन्हें नगर निगम सड़कों, पानी की सप्लाई, सफाई और शहरों के विकास जैसे कामों के लिए पैसा जुटाने के लिए जारी करते हैं। निवेशकों को इसमें शहर की कमाई से मिलने वाला एक स्थिर रिटर्न मिलता है।

### क्यों बढ़ रहा आकर्षण?

म्युनिसिपल बॉण्ड पर मिलने वाला मुनाफा (yield) बड़ी कंपनियों के अच्छे बॉण्ड के बराबर होता है और स्टेट डिवेलपमेंट लोन (SDLs) से थोड़ा ज्यादा होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि म्युनिसिपल बॉण्ड फिलहाल AAA रेटिंग वाले सरकारी या कॉरपोरेट बॉण्ड के मुकाबले 0.75% से 1% तक ज्यादा रिटर्न दे रहे हैं। 8% से 8.5% के रिटर्न पर भी इनकी काफी मांग है और ये बॉण्ड आते ही बिक जाते हैं।

### क्या है चुनौती

ज्यादातर प्राइवेट प्लेसमेंट (चुनिंदा लोगों को बेचना) के जरिए लाए जाते हैं, जिसमें आम निवेशक हिस्सा नहीं ले पाते। कई म्युनिसिपल बॉण्ड 1 लाख या 10 लाख रुपये की शुरुआती कीमत (फेस वैल्यू) के साथ आते हैं, जो एक आम निवेशक के लिए बहुत ज्यादा है।

### क्या है समस्या?

निवेशक इन्हें खरीदकर मैच्योरिटी तक अपने पास रखना पसंद करते हैं, क्योंकि इनका साइज छोटा होता है और इन्हें बाजार में तुरंत बेचना आसान नहीं होता।

### क्या बदलेगी सूरत?

बजट में 100 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन के ऐलान से यह स्थिति बदल सकती है। आने वाले समय में बाजार में इन बॉण्ड्स की खरीद-फरोख्त भी बढ़ेगी।

## बेहतर कामकाजी स्थितियों का भरोसा

# वर्कर बोले, लेबर कोड से सुधरेंगे हालात : सर्वे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : श्रम मंत्रालय ने सोमवार को एक सर्वे की रिपोर्ट जारी की। इसके मुताबिक, सर्वे में शामिल वर्कर्स में से करीब 60% ने कहा कि 4 लेबर कोड लागू होने से उनकी इनकम सिक्योरिटी में सुधार होगा और कामकाजी हालात बेहतर होंगे। यह रिपोर्ट खास है क्योंकि 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों ने लेबर कोड्स के खिलाफ 12 फरवरी को हड़ताल की चेतावनी दी है।

पिछले साल 21 नवंबर को लेबर कोड लागू किए गए थे। उसके बाद के 2 महीनों में नोएडा के वी वी गिरि नैशनल लेबर इंस्टिट्यूट ने 5720 वर्कर्स और 715 एंप्लॉयर्स के बीच सर्वे किया। यह इंस्टिट्यूट मंत्रालय के तहत आता है। सर्वे के मुताबिक 64% वर्कर्स ने कहा कि उनकी इनकम सिक्योरिटी बेहतर होगी।

### वर्कर्स की राय

- 60%: कामकाजी हालात बेहतर होंगे।
- 64%: इनकम सिक्योरिटी बेहतर होगी।
- 54%: समय पर सैलरी का भरोसा।
- 60%: छुट्टियों की स्थिति सुधरेगी।
- 63%: वर्कप्लेस पर सेफ्टी से बेहतर हालात।
- 63%: कॉन्ट्रैक्ट और गिग वर्कर्स की स्थिति बेहतर।


# लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लखनऊ – 226001 (उ.प्र.)

वेबसाईट- https://lmc.up.nic.in एवं ई-मेल- nnlko@up.nic.in

संख्या 396/मु0अ0/2025-26 **अल्पकालिक निविदा सूचना** दिनांक : 09.02.2026

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु 23.02.2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 21.02.2026 तक अपराह्न 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 23.02.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकते है। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपराह्न 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ड्राइवेटर पेवर होना आवश्यक है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% जी0एस0टी0 | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इब्राहिमपुर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत शारदानगर में अखिलेश पाठक के घर से बी0एन0 राय के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 836239 | 83624 | 40 दिन | 836 | 150 | 986 |
| 2. | इब्राहिमपुर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत शारदानगर में पप्पू पाल के घर से अम्बिका पाल के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 696125 | 69613 | 40 दिन | 696 | 125 | 821 |
| 3. | हिन्द नगर वार्ड के अन्तर्गत सी-1 में म0सं0-185 से म0सं0-ई-53 तक साइडपटरी इण्टरलाकिंग एवं नाली का कार्य। | 783288 | 78329 | 40 दिन | 783 | 141 | 924 |
| 4. | हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत सी-1 में म0सं0-सी-1/1 से म0सं0-सी-30 तक साइडपटरी इण्टरलाकिंग एवं नाली का कार्य। | 792959 | 79296 | 40 दिन | 793 | 143 | 936 |
| 5. | हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत बाराबिरवा सब्जी मण्डी, किनिक्स पुलिस चौकी के सामने से सम्भरखेड़ा मन्दिर तक नाला/नाली कवरिंग व मरम्मत/सुधार का कार्य। | 574784 | 57478 | 40 दिन | 575 | 103 | 678 |
| 6. | हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी में कृष्णा देवी कालेज व नेबरहुड पार्क के सामने एल0पी0एस के बगल एवं आस-पास की आन्तरिक गलियों में विभिन्न स्थानों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 737900 | 73790 | 40 दिन | 737 | 133 | 870 |
| 7. | श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड के अन्तर्गत पॉकेट सी0-1,2,3 के मुख्य मार्ग के किनारे स्थित मेनहोल चैम्बर एवं जलनिकासी का कार्य | 202129 | 20213 | 40 दिन | 202 | 36 | 238 |
| 8. | श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड के अन्तर्गत पॉकेट सी0-1,2,3 के मुख्य मार्ग के किनारे पाथवे मरम्मत एवं रिलेयिंग का कार्य। | 419148 | 41915 | 40 दिन | 419 | 75 | 494 |
| 9. | श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड के अन्तर्गत साहू कालोनी माढरमऊ में सुनील के घर से रामकुंवर के घर तक नाली व सी0सी0 रोड का कार्य। | 837978 | 83798 | 40 दिन | 838 | 151 | 989 |
| 10. | श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड के अन्तर्गत साहू कालोनी माढरमऊ में सचिन विश्वकर्मा के घर से अजय कुमार के घर तक नाली व सी0सी0 रोड का कार्य। | 839598 | 83960 | 40 दिन | 839 | 151 | 990 |
| 11. | राजाबिजली पासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित ई-82 से ई-79 तक आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य। | 837175 | 83718 | 40 दिन | 837 | 151 | 988 |
| 12. | राजाबिजली पासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में जूनेक्स एनर्जी प्रोडक्ट से ई-74 तक आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य। | 830951 | 83095 | 40 दिन | 831 | 150 | 981 |
| 13. | राजाबिजली पासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में अतिशय फार्मास्यूटिकल से ई-97 तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 824948 | 82495 | 40 दिन | 825 | 148 | 973 |
| 14. | इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत वृन्दावन से0-4बी में म0नं0-4/76 से म0नं0-4बी/84 तक नाली व सड़क का कार्य। | 843391 | 84339 | 40 दिन | 843 | 152 | 995 |
| 15. | इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत वृन्दावन से0-4बी में म0नं0-4बी/85 से म0नं0-4बी/96 तक नाली व सड़क का कार्य। | 840430 | 84043 | 40 दिन | 840 | 151 | 991 |
| 16. | इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत वृन्दावन से0-4बी में म0नं0-4बी/73 से म0नं0-4बी/100 तक नाली व सड़क का कार्य। | 844871 | 84487 | 40 दिन | 845 | 152 | 997 |
| 17. | श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड के अन्तर्गत सेंवई में सिंचाई विभाग की रोड से शान्ति देवी के घर तक नाली एवं सी0सी0 रोड का कार्य। | 836339 | 83634 | 40 दिन | 836 | 150 | 986 |
| 18. | राजाबिजली पासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत भागीरथी इन्क्लेव में लक्ष्मी नारायन के घर से अजय के घर तक नाली व सी0सी0 रोड का कार्य। | 844480 | 84448 | 40 दिन | 844 | 152 | 996 |

शर्तें

01. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा)
02. शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या- 892/23-07-2024 दिनांक 09-08-2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिंग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/कम्पनी पोल्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।
03. कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।
04. 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।
05. किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।
06. 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता


## अयोध्या/बाराबंकी

# राम मंदिर उड़ाने की साजिश का था आरोप

■ NBT न्यूज, अयोध्या: हरियाणा की फरीदाबाद जेल में मारा गया अब्दुल रहमान अयोध्या के मिल्कीपुर गांव का रहने वाला था। मौत की खबर पहुंचते ही परिजन बदहवास हो गए। मौसा मो. साजिद ने बताया कि 4 दिन पहले अब्दुल के मां-बाप मिलने के लिए फरीदाबाद जेल गए थे। दो दिन पहले लौटे और सोमवार को जेल से फोन पर तबीयत खराब होने की जानकारी मिली। इसके बाद हत्या की जानकारी होते ही मां असमीन बदहवास हो गईं।



अयोध्या के मिल्कीपुर गांव का रहने वाला था फरीदाबाद जेल में मारा गया अब्दुल

### गुजरात-हरियाणा एटीएस ने 2 मार्च 2025 को किया था गिरफ्तार

गुजरात व हरियाणा एटीएस ने 2 मार्च 2025 को फरीदाबाद से अब्दुल को गिरफ्तार करते हुए 2 हैंड ग्रेनेड बरामद किए थे। इसे राम मंदिर उड़ाने की साजिश के आरोप में पकड़ा गया था। इससे पहले चार माह दिल्ली जमात में रहा और फिर विशाखापट्टनम गया था। इसके बाद 24-25 नवम्बर को घर लौटा था। 10वीं तक पढ़ा अब्दुल पहले गांव में ही ई-रिक्शा चलाता था। इसके बाद फरीदाबाद चला गया और वहां ई-रिक्शा चलाने के दौरान कुछ संदिग्धों के संपर्क में आया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस की कई टीमों ने मजनाई गांव पहुंच पिता अबू बकर से भी पूछताछ की थी। हालांकि पिता का दावा है कि रहमान को फर्जी केस में फंसाया गया।

### मौलाना के संपर्क में था अब्दुल

वहीं, मां का कहना है कि वह मौलाना के संपर्क में था। एक मार्च को दिल्ली में दोस्त से मिलने के लिए निकला था। दिल्ली के निजामुद्दीन में कोई मरकज होनी थी, शायद उसमें शामिल होने गया था। फरीदाबाद कैसे पहुंचा, नहीं पता है। परिवार के सदस्यों का कहना था कि कभी लगा ही नहीं कि ऐसा कुछ सुनने को मिलेगा। परिवार के मुताबिक, गिरफ्तारी के 6 माह पहले भी अब्दुल जमात के लिए गया था। इससे बाद गया तो 4 महीने वहीं रहा। अयोध्या के एक मौलाना से मिलने के बारे में अक्सर जिक्र करता रहता था। कहते हैं कि उन्हीं के संपर्क में आकर जमात के लिए भी गया था। विशाखापट्टनम से आने के बाद भी बार-बार जमात की बात कहकर जाता रहा। अब्दुल पहले सबसे मिलता-जुलता था, मगर गिरफ्तारी के 6 महीने पहले से उसका व्यवहार बदल गया था।

# फर्जीवाड़े में बैंक मैनेजर सहित तीन के खिलाफ FIR

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: कोर्ट के आदेश पर पांच साल पहले यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की फतेहपुर शाखा में तैनात रहे बैंक मैनेजर, कैशियर व एक अज्ञात शख्स के खिलाफ सोमवार को फर्जी हस्ताक्षर से पैसा निकालने का मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित मोहम्मदपुर खाला के पीठा पुरवा हरक्का के किसान विश्वनाथ (60) ने बताया कि यूनियन बैंक फतेहपुर शाखा में बचत खाता और किसान क्रेडिट कार्ड खाता संचालित है। 29 मई 2021 को किसान क्रेडिट कार्ड खाते में 2.59 लाख रुपये जमा किए गए थे। इसके बाद बैंक से 23 जुलाई 2024 और 9 सितंबर 2024 को नोटिस मिलने पर वह बैंक पहुंचा, जहां पहले खाते को सही बताया गया। बाद में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने पर फर्जी हस्ताक्षर कर रकम निकाले जाने की जानकारी हो पाई।

### चोरी में छह को 5-5 साल की कैद

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: 13 साल पहले सुबेहा थाना क्षेत्र में चोरी की तीन वारदातों के आरोपित छह लोगों को एसीजेएम (अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी) रुचि तिवारी ने पांच-पांच साल की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक पर दो-दो हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। अभियोजन अधिकारी पुष्पा यादव ने बताया कि 12 व 13 जुलाई 2013 की रात सुबेहा थाना के पूरेलक्ष्मन सिंह मजरे कोलवा के रामसनेही राजा, मेंढ़ार के रामदुलाई व बैजनाथ के घरों से लाखों के जेवरात, नकदी व मेंथा आयल चोरी हुआ था। पुलिस ने चोरी के माल के साथ सुबेहा के ही दुर्गनपुरवा के छोटे उर्फ छोटेलाल, ठाकुरइनपुरवा के रामबरन, राजकरन, मातफेर, मुकेश व हरिश्चंद्र को गिरफ्तार किया था।

# सपा नेता को पीटा, जूते पर रगड़वाई नाक

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: बनीकोडर ब्लॉक के सपा ब्लॉक उपाध्यक्ष व निशक्त सावन यादव ने करणी सेना के प्रदेश महामंत्री अभिनव सिंह सहित 20 युवकों के खिलाफ अगवा कर पीटने और जूते पर नाक रगड़ने के लिए विवश करने का आरोप लगाते हुए आईजीआरएस पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

करणी सेना के पदाधिकारियों पर आरोप, आईजीआरएस पर शिकायत

सावन के अनुसार 7 फरवरी को वह रामसनेहीघाट के रवि धर्म कांटा पर बैठा था। इसी दौरान तीन कारों से करणी सेना के पदाधिकारी बहरेला के अभिनव सिंह, तिवारीपुर के नरेंद्र सिंह उर्फ सोनू, बरहेमऊ के उदल सिंह, रौतपुर के कौशलेंद्र सिंह अपने 20 साथियों के साथ आए और उसे अगवा कर रामसनेहीघाट बाईपास स्थित प्लाटिंग में ले गए। वहां उन्होंने लाठी-डंडों से उसे पीटा। मुंह में बंदूक डालकर जान से मारने की धमकी दी। जूते पर नाक रगड़वाई और पूरी घटना की विडियो बनाई। मामले की जानकारी मिलने पर अयोध्या के सपा सांसद अवधेश प्रसाद पीड़ित से मिलने पहुंचे। सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज ने भी एसपी से मिलकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। बताते हैं कि कुछ दिन पहले पूर्व मंत्री राजीव सिंह की पुण्यतिथि पर सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव पहुंचे तो आरोपित ने शिवपाल के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस पर सावन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की। इससे विवाद बढ़ा।

## फटाफट खबरें

### मेहदौना गांव में 34 साल बाद चकबंदी पूरी

■ NBT न्यूज, अयोध्या: डीएम निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में सोमवार को चकबंदी विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जिले में कुल 18 ग्रामों में चकबंदी हो रही है। साल 1991 से शुरू हुआ मिल्कीपुर के मेहदौना गांव में चकबंदी काम पूरा कर लिया गया है।

### जेल पहुंचा कोर्ट रूम से फरार हत्यारा

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: कोतवाली नगर की पुलिस ने अपर जिला जज की कोर्ट में दोषी करार दिए जाने की जानकारी के बाद फरार हुए सुबेहा के अहिरनसरैया निवासी सूरज को फिर जेल भेज दिया। पुलिस ने बीते दिन ही गिरफ्तार कर उसे सीजेएम सुधा सिंह के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं, अपर जिला जज ने सुबेहा के अहिरन सरैया में साल 2016 में बरसाती की हत्या के मामले में सजा पर फैसला टाल दिया है। अब इसके लिए 11 फरवरी की तिथि तय की गई है।

### ईंट भट्ठा श्रमिक का शव फंदे से लटका मिला

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: रामसनेहीघाट के मेढुआ बहरेला के रामदीन (33) का शव सोमवार सुबह कमरे में फंदे से लटका मिला। पिता पृथ्वीपाल ने बताया कि पांच दिन पहले बेटे का पत्नी रीतू से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वह हरदोई स्थित मायके चली गई थी। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही जांच शुरू कर दी है।

### यूजीसी के नए कानूनों के समर्थन में जुलूस

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: यूजीसी के स्थगित प्रावधानों को जारी रखने की मांग को लेकर कांग्रेस के प्रदेश सचिव आदर्श पटेल के नेतृत्व में सोमवार को ब्लॉक परिसर से तहसील तक जुलूस निकाला गया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम कार्तिकेय सिंह को सौंपा गया। इस दौरान विजय बहादुर वर्मा, अनूप पटेल, फूलम वर्मा, कमला कांत, अनिरुद्ध अनमोल वर्मा, हरीश वर्मा, हरिशंकर पटेल, राजाराम वर्मा और भूपेंद्र वर्मा मौजूद रहे।

### सड़क हादसों में युवक सहित दो की मौत

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। उन्नाव के थाना सोहरामऊ के दरेहटा गांव निवासी सोनू सिंह (38) रविवार रात कस्बा हैदरगढ़ में राजू सिंह की बेटी के विवाह में शामिल होने आए थे। देर रात कार से चालक के साथ वे अपनी ससुराल जा रहे थे। रास्ते में उनकी कार एक पिकअप से टकरा गई। इसमें घायल सोनू सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, अमेठी के कसरावां गांव निवासी निशक्त साहबदीन स्कूटी से देर रात हैदरगढ़ से घर जा रहा था। बहुता गांव के समीप स्कूटी अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। इससे उसकी मौत हो गई।

### 289 निःशक्त बच्चों को मिले उपस्कर

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को उपस्कर व उपकरण वितरण के लिए सोमवार को बड़ेल में लगाए गए कैंप में बीएसए नवीन कुमार पाठक व जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुधा जायसवाल ने तहसील नवाबगंज के 289 बच्चों को एलिम्को कानपुर के सहयोग से 388 उपकरण प्रदान किए। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुधा जायसवाल ने बताया 10 फरवरी को तहसील हैदरगढ़ और 11 फरवरी को फतेहपुर में उपकरण वितरित किए जाएंगे। इस मौके पर प्रधानाध्यापक राजेंद्र सिंह, एआरपी लक्ष्मी सिंह, सुभाष तिवारी, स्पेशल एजुकेटर नीरज मिश्रा, राज नरायन, निर्मल, कमलेश, सलीमुद्दीन, अविन्द मिश्रा, अर्चना देवी व एकता सक्सेना मौजूद रहीं।



### पशु चिकित्सालय में फेंकीं लाखों की दवाएं

■ NBT न्यूज, त्रिवेदीगंज: राजकीय पशु चिकित्सालय में दवाएं जलाने के मामले की जांच के लिए पहुंची टीम को परिसर में लाखों की दवाएं फेंकी हुईं मिलीं। टीम ने पशुपालकों के बयान दर्ज किए। मौके पर मौजूद पशुपालक सिद्धार्थ अवस्थी ने अस्पताल पीछे भारी मात्रा में फेंकी गईं दवाएं दिखाईं। वहीं पशु चिकित्साधिकारी डॉ. इंदुबाला के पति की मौजूदगी पर तेजपुर के प्रधान संजय वर्मा ने नाराजगी जताई। जांच टीम में डिप्टी कलेक्टर अनिल कुमार सरोज, डिप्टी सीवीओ डॉ. सुरजीत सचान व डॉ. मंजुला देवी शामिल थे।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG11 User: cci Time: 02-10-2026 00:08 Color:





यह हमारी टीम के लिए बहुत बुरा है कि जोश हेजलवुड नहीं खेल रहा है। उनके लिए कुछ महीने मुश्किल रहे हैं। मेरा काम खुद को परिस्थितियों के हिसाब से ढालने की कोशिश करना होगा। - नथन एलिस, पेसर, ऑस्ट्रेलिया

**63** सिक्स लगाए हैं क्रिस गेल ने टी20 वर्ल्ड कप में, जो सर्वाधिक हैं। दूसरे स्थान पर 50 सिक्स के साथ रोहित शर्मा हैं


## वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. टी20 वर्ल्ड कप 2026 में नीदरलैंड्स-नामीबिया मैच किस शहर में होगा? A) अहमदाबाद B) चेन्नै C) मुंबई D) दिल्ली
2. अमेरिका ने पाकिस्तान को किस साल के टी20 वर्ल्ड कप में हराया था? A) 2007 B) 2021 C) 2016 D) 2024

**कल के जवाब**
1. C) 4 2. B) टिम सीफर्ट

**लकी WINNERS**



1 वैदांशी, रमेश नगर, दिल्ली



2 बिमल भारद्वाज, फरीदाबाद



3 सौरभ पाटनी, ठाणे, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

# बांग्लादेश की सलाह पर यू-टर्न लेगा पाकिस्तान!

**भारत-पाकिस्तान मैच**

■ **एजेंसियां, कराची:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के प्रमुख मोहसिन नकवी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष की सलाह पर भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले का बहिष्कार वापस लेने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अनुरोध करेंगे। यह जानकारी PCB के एक सूत्र ने दी। समझा जाता है कि नकवी ने भारत-पाकिस्तान द्विपक्षीय क्रिकेट की बहाली और बांग्लादेश समेत एक त्रिकोणीय श्रृंखला की मांग रखी है ताकि भारत में टी20 वर्ल्ड कप नहीं खेल रहे बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके।



पाकिस्तान को भारत के खिलाफ 15 फरवरी को कोलंबो में खेलना है

चूंकि, भारत-पाकिस्तान द्विपक्षीय क्रिकेट इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के दायरे में नहीं है और त्रिकोणीय श्रृंखला की मांग खारिज कर दी गई है। भारत ने एक दशक से अधिक समय से कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है। ICC अभी अंडर-19 वर्ल्ड कप की मेजबानी बांग्लादेश को दे सकती है।

**अंतिम फैसला शरीफ करेंगे:** सूत्र के अनुसार नकवी इस मुद्दे पर हालिया घटनाक्रम की जानकारी प्रधानमंत्री को देंगे। भारत के खिलाफ मैच 15 फरवरी को कोलंबो में खेला जाना है। सूत्र ने कहा, 'नकवी प्रधानमंत्री को बांग्लादेश, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात क्रिकेट बोर्ड तथा ICC के साथ हुई अपनी बातचीत की जानकारी देंगे और उन्हें इस संकट से अवगत कराएंगे।' सूत्र ने कहा कि नकवी संभवतः प्रधानमंत्री से टीम को वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ खेलने की अनुमति देने का अनुरोध करेंगे। वह प्रधानमंत्री को विशेष रूप से श्रीलंका, यूएई और बांग्लादेश बोर्ड के आग्रह और हाल में हुई बातचीत का ब्योरा देंगे। इस मामले में हालांकि अंतिम फैसला शरीफ को करना होगा और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड उसका पालन करेगी।

### पूरे टूर्नामेंट की तैयारी कर रहे हैं हम: सलमान मिर्जा

**कोलंबो:** पाकिस्तान के फास्ट बोलर सलमान मिर्जा ने सोमवार को कहा कि टीम पूरा वर्ल्ड कप खेलने की तैयारी कर रही है। अमेरिका के खिलाफ पाकिस्तान के मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिर्जा से पूछा गया था कि क्या भारत के खिलाफ मैच को लेकर टीम में कोई बातचीत हुई है। मिर्जा का जवाब था, 'हम पूरे टूर्नामेंट के लिए तैयारी कर रहे हैं। हम विरोधी टीम के बारे में नहीं सोचते। फैसला सरकार का होगा और हम वही करेंगे जो हमसे कहा जाएगा। इस समय फोकस आगामी मैच पर है और हम मैच दर मैच रणनीति बनाएंगे। जहां तक भारत के खिलाफ मैच का सवाल है, तो यह सरकार का फैसला होगा। जो सरकार तय करेगी, हम उसके अनुसार खेलेंगे।'

# विराट, रोहित को रखा बी ग्रेड में, ए प्लस खत्म हुआ

**BCCI सालाना कॉन्ट्रैक्ट**

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** विराट कोहली और रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के ताजा सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में श्रेणी के अनुरूप बी ग्रेड में रखा गया है। बोर्ड ने सात करोड़ की रिटेनरशिप वाले ए प्लस ग्रेड को खत्म कर दिया है। BCCI ने सोमवार को 30 पुरुष और 21 महिला क्रिकेटरों को ए, बी और सी ग्रेड के सालाना कॉन्ट्रैक्ट देने की घोषणा की। तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल, पेसर जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को ए ग्रेड में रखा गया है।

**फीस नहीं बताई गई:** BCCI ने तीनों श्रेणियों की रिटेनरशिप फीस की घोषणा नहीं की है। इससे पहले ए ग्रेड में पांच करोड़ रुपये, बी में तीन करोड़ और सी में एक करोड़ रुपये दिए जाते थे। विराट और रोहित टेस्ट और टी20 से विदा लेने के बाद एक ही फॉर्मेट में खेलते हैं और इसलिए उन्हें टॉप ग्रेड में नहीं रखा गया। समझा जाता है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सुझाव पर प्रशासकों की समिति ने ए प्लस ग्रेड की शुरुआत की थी। यह तीनों फॉर्मेट्स में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटरों के लिए था और इसमें कई बार सिर्फ विराट, रोहित, जडेजा और बुमराह ही इस ग्रेड में रहे हैं।



अब सिर्फ वनडे खेलते हैं 'रो-को'

## पिछले वर्ल्ड कप में इस टीम से हार चुकी है पाक टीम

# अमेरिका के सामने सतर्क रहना होगा पाकिस्तान को

**पाकिस्तान Vs अमेरिका**

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** पाकिस्तान के लिए अगर भारत के खिलाफ 15 फरवरी के मैच के बहिष्कार की स्थिति कायम रही, तो अमेरिका के विरुद्ध उसका दूसरा ग्रुप मैच एक तरह से नॉकआउट मुकाबला होगा। भारत के खिलाफ नहीं खेलने पर उसका अंक गंवाना तय है। इस वजह से उसे भारत और उस के बाद ग्रुप की तीसरी सबसे मजबूत टीम नजर आ रही अमेरिका पर जीत हासिल करनी होगी। यदि अमेरिका यह मैच जीतता है तो पाकिस्तान की अगले राउंड में पहुंचने की उम्मीदें दूसरी टीमों पर टिक जाएंगी।

**याद होगी वह हार:** पाकिस्तान के लिए यह मैच इस लिए भी अहम है क्योंकि पिछले टी20 वर्ल्ड कप में उसे अमेरिका के हाथों शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था और अब वे उस पिछली हार का हिसाब बराबर करना चाहेंगे। साल 2024 में वर्ल्ड कप में डेब्यू करते हुए अमेरिका ने पाकिस्तान पर शानदार जीत के साथ बड़े मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी। मौजूदा टूर्नामेंट के पहले मैच में उसने भारत को कड़ी टक्कर दी, ऐसे में वे पाकिस्तान के साथ हाई जोश के साथ मैदान पर उतरेंगे।

**बैटिंग पर करना होगा काम:** हालांकि, दोनों ही टीम को बल्लेबाजी विभाग में काफी काम करना है। पाकिस्तान नीदरलैंड्स के खिलाफ 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी स्थिति में था, लेकिन बीच के ओवर्स में बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण टीम मुश्किल में पड़ गई। फहीम अशरफ की बदौलत टीम जीत हासिल करने में सफल रही। अमेरिका ने वानखेड़े स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन भारत को दबाव में डाल दिया था, लेकिन प्रभावशाली गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद उनके बल्लेबाज उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए। पाकिस्तान की टीम में सभी की नजरें बाबर आजम पर होंगी जिन्होंने सबसे छोटे फॉर्मेट में वापसी की है। ओपनर सईम अयूब से भी बल्ले से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**नेत्रवलकर को पकड़नी होगी लय:** अमेरिका भी अपने टॉप बैटर्स से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। कप्तान मोनांक पटेल ने माना था कि उनकी टीम भारत के खिलाफ पावरप्ले में ढीले शॉट खेलने की दोषी थी। सीनियर पेसर सौरभ नेत्रवलकर का पहला मैच खराब रहा और वह पाकिस्तान के खिलाफ बेहतर करने के लिए बेताब होंगे।



भारत के खिलाफ मुकाबले में अमेरिकी टीम ने किया था जोरदार प्रदर्शन

**आमना-सामना**

कुल मैच 1

पाकिस्तान जीता 0, अमेरिका जीता 1

**2** टी20 इंटरनैशनल मैच गवाए हैं पाकिस्तान ने अभी तक कोलंबो के सिंहली क्लब मैदान पर, जबकि यहां छह मैच उसने जीते हैं। दो हार उसे भारत और श्रीलंका के हाथों मिली हैं

**80** रन दूर हैं अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल टी20 इंटरनैशनल में हजार रन पूरे करने वाले पहले अमेरिकी बैटर बनने से

**टेलिकास्ट:** शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

**संभावित प्लेइंग XI**

**पाकिस्तान:** साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान अली आगा (कप्तान), बाबर आजम, शादाब खान, उस्मान खान (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन शाह अफरीदी, सलमान मिर्जा, अबरार अहमद

**अमेरिका:** एंड्रीस गौस, साईतेजा मुक्कामाला, मोनांक पटेल (कप्तान), मिलिंद कुमार, संजय कृष्णमूर्ति, शुभम रांजने, हरमीत सिंह, मोहम्मद मोहसिन, शैडली वैन शाल्कविक, अली खान, सौरभ नेत्रवलकर

**पिच व मौसम**

पाकिस्तानी कप्तान सलमान ने पिछले मैच के बाद कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब की पिच पर छोड़ी गई घास को देखकर हैरानी जताई थी। हालांकि, अब यह सतह तीन दिन पहले की तुलना में पाकिस्तान के लिए उतनी अनजानी नहीं रही। पिच थोड़ा स्लो हो सकती है। मंगलवार को पूरे दिन बादल छाए रहने की संभावना है, लेकिन बारिश का पूर्वानुमान नहीं है।

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### अली हटेंगे तो लगेगा बड़ा झटका

अमेरिकी टीम चोट से परेशान है। भारत के खिलाफ पिछले मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करने वाले अमेरिकी पेसर अली खान भी चोटिल हैं। यदि अली फिट नहीं हो पाए तो अमेरिका का बड़ा झटका लग सकता है। अली के विकल्प के तौर देखे जा रहे टीम के एक अन्य पेसर जसदीप सिंह भी चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह अहसान आदिल को टीम में जगह मिली है। पाकिस्तान के लिए 3 टेस्ट और 6 वनडे खेल चुके आदिल अभी तक अमेरिका की ओर से खेले नहीं हैं।

# मार्कराम और लुंगी के दम पर साउथ अफ्रीका ने कनाडा को दी शिकस्त

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कप्तान एडेन मार्कराम (59 रन, 32 बॉल 10 फोर, 1 सिक्स) और 'प्लेयर ऑफ द मैच' लुंगी एंगिडी (4/31) के शानदार खेल की बदौलत साउथ अफ्रीका ने अपने पहले ग्रुप में कनाडा पर 57 रन की बड़ी जीत के साथ टी20 वर्ल्ड कप में शुरुआत की। मार्कराम की फिफ्टी के अलावा डेविड मिलर (39*) और ट्रिस्टन स्टब्स (34*) की तेज फिनिशिंग पारियों की मदद से साउथ अफ्रीका ने 4 विकेट पर 213 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में कनाडा की टीम 156/8 रन बना सकी।

**डट गए चंडीगढ़ के नवनीत:** इस टूर्नामेंट में अभी तक एसोसिएट टीमों के खिलाफ बड़ी टीमों ने 'नर्वस स्टार्ट' किया था लेकिन सोमवार को अहमदाबाद में कनाडा के खिलाफ साउथ ने 200 प्लस टोटल के साथ आगाज किया। इसके बाद वह सिर्फ 45 रन पर कनाडा के चार विकेट निकालकर बड़ी जीत की तरफ बढ़ रहा था लेकिन बीच में नवनीत सिंह धालीवाल खड़े हो गए। चंडीगढ़ में पैदा हुए नवनीत ने एक छोर थाम कर साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों का बखूबी सामना किया। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने पारी के 17वें ओवर में 39 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उन्हें हर्ष ठाकर (33) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 69 रन जोड़कर हार के अंतर को कम किया। नवनीत ने अंतिम ओवर में आउट होने से पहले 49 गेंद पर 7 फोर और 1 सिक्स की मदद से 64 रन की पारी खेली।

**प्लान के साथ आया था कनाडा:** इससे पहले, फ्लडलाइट्स के नीचे कनाडा के बोलर्स एक साफ योजना के साथ शुरुआत उतरे थे। फुल लेंथ गेंद लेकिन ऑफ साइड में बल्लेबाज से दूर। पेसर कलीम सना ने अच्छी शुरुआत की, हालांकि लाइन-लेंथ पूरी तरह सटीक नहीं थी। दूसरे ओवर में दिलोन हेलिगर ने भी प्लान को फॉलो किया, लेकिन तब तक मार्कराम रणनीति समझ चुके थे। उन्होंने तीन चौके के साथ ओवर खत्म किया। तीसरे ओवर में कलीम दूसरे ओपनर क्विंटन डीकॉक को पविलियन भेज चुके होते अगर अंश पटेल ने एक आसान कैच नहीं टपकाया होता। इस जीवनदान के बाद डीकॉक ने भी हाथ खोल लिए। पावर हिटिंग से बचने के लिए पावरप्ले में कनाडा ने साद बिन जफर और जसकरण सिंह के रूप में दो स्पिनर अटैक पर लगाए। लेकिन दोनों के एक-एक ओवर में क्रमशः 11 और 12 रन बन गए। साउथ अफ्रीका ने पावरप्ले में बिना नुकसान के 66 रन बनाए।

**मिलर-स्टब्स हो गए हावी:** पावरप्ले के बाद डीकॉक (25 रन) के रूप में पहला विकेट गिरा। मार्कराम ने प्रहार जारी रखते हुए 28 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी की। मार्कराम की पारी का अंत बाएं हाथ के स्पिनर अंश पटेल ने किया। इसके बाद रयान रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस फटाफट आउट हो गए। यहां से डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स ने सिर्फ 37 गेंदों में 75 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। मिलर ने आखिरी ओवरों में मनचाहे छक्के लगाते हुए दमदार फिनिश दिया।

**साउथ अफ्रीका Vs कनाडा**



**2** दूसरे प्लेयर बने डेविड मिलर टी20I के डेथ ओवर्स में एक हजार रन पूरे करने वाले

अपनी पारी के दौरान एडेन मार्कराम

**डेथ ओवर्स में सर्वाधिक टी20 इंटरनैशनल रन**

| रन | प्लेयर | स्ट्राइक |
|---|---|---|
| 1030 | हार्दिक पंड्या | 186.93 |
| 1013 | डेविड मिलर | 180.57 |
| 983 | मोहम्मद नबी | 189.76 |
| 856 | एमएस धोनी | 160.60 |
| 838 | नजीबुल्लाह | 199.04 |
| 822 | दासुन शनाका | 164.67 |
| 777 | विराट कोहली | 198.21 |

**ब्रीफ स्कोर**

**साउथ अफ्रीका:** 213/4 (एडेन मार्कराम 59, डेविड मिलर 39*, ट्रिस्टन स्टब्स 34*, रयान रिकेल्टन 33, अंश पटेल 3/31)

**कनाडा:** 156/8 (नवनीत धालीवाल 64, हर्ष ठाकर 33, युवराज सामरा 12, लुंगी एंगिडी 4/31, मार्को यानसेन 2/30)

## फटाफट खबरें

### यह तो शुरुआत है:सुरेश

■ **बेंगलुरु:** भारत के नए डेविस कप हीरो दक्षिणेश्वर सुरेश का कहना है कि देश के लिए उनका शानदार प्रदर्शन 'बस शुरुआत है'। वह एक अमेरिकी यूनिवर्सिटी में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद एटीपी टेनिस टूर पर पूरी तरह से प्रतियोगिता में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। सुरेश ने कहा, 'अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है। यह तो बस शुरुआत है।' सुरेश की बदौलत भारत ने नीदरलैंड्स को हराकर डेविस कप क्वॉलिफायर के दूसरे राउंड में जगह बनाई।

### बाहर हो सकते हैं वेन

■ **कोलकाता:** इटली के हेड कोच जॉन डेविसन ने कहा है कि कप्तान वेन मैडसन का टी20 वर्ल्ड कप मैच में स्कॉटलैंड के खिलाफ कंधा खिसकने के कारण बाकी मुकाबलों में खेलना संदिग्ध है। डेविसन ने कहा कि कप्तान टीम के साथ यात्रा कर सकते हैं और 'कोचिंग स्टाफ' के रूप में डगआउट में रह सकते हैं।

### अजीत ने तोड़ा रेकॉर्ड

■ **मोदीनगर:** रेलवे स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के एन अजीत ने नैशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पुरुषों के 71 किलो सीनियर वर्ग में स्नैच का नया नैशनल रेकॉर्ड बनाया। उन्होंने स्नैच में 145 किलो और क्लीन ऐंड जर्क में 175 किलो वजन उठाया।

### रोनाल्डो से उम्मीद

■ **रियाद:** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी अरब आने के बाद अब तक कोई बड़ा खिताब नहीं जीता है, लेकिन उनके क्लब अल-नस्र को उम्मीद है कि वह बुधवार को मैदान पर वापसी कर टीम को ट्रॉफी के करीब पहुंचाने में मदद करेंगे।

# स्कॉटलैंड की जीत का खाता खुला

**स्कॉटलैंड Vs इटली**

■ **एजेंसियां, कोलकाता:** जॉर्ज मन्सी (84 रन, 54 बॉल, 13 फोर, 2 सिक्स) और माइकल लीस्क (22* रन, 4/17) की बदौलत स्कॉटलैंड की टीम इटली का वर्ल्ड कप डेब्यू बिगाड़ने में कामयाब रही। स्कॉटलैंड ने यह मैच 73 रन से जीता। स्कॉटलैंड ने बैटिंग करते हुए पहली बार क्रिकेट वर्ल्ड कप खेल रही इटली के सामने 20 ओवर्स में चार विकेट पर 207 रन बना दिए। जवाब में इटली ने कुछ हद तक संघर्ष किया, लेकिन कप्तान वेन मैडसन की गैरमौजूदगी में 16.4 ओवर्स में 134 रन पर ऑलआउट हो गई। लीस्क को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वेस्टइंडीज से पहले मैच में हारने के बाद यह स्कॉटलैंड की मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत है।

**मन्सी निकले सबसे आगे:** इससे पूर्व, मन्सी ने माइकल जोन्स (37) के साथ लिए 126 रन की ओपनिंग साझेदारी की। अंत में ब्रैंडन मैकमुलेन (41* रन, 18 गेंद) और लीस्क की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी ने टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। स्कॉटलैंड मौजूदा टूर्नामेंट में 200+ स्कोर बनाने वाली पहली टीम बनी। मन्सी (2405) अपनी पारी के दौरान स्कॉटलैंड के लिए सर्वाधिक टी20I रन बनाने वाले बैटर भी बन गए।





विकेट का जश्न मनाते लीस्क (बाएं)

**25** वीं टीम बनी इटली टी20 वर्ल्ड कप में खेलने वाली। वर्ल्ड कप में केन्या और युगांडा की भी टीम खेल चुकी है

**73** रन से हराया स्कॉटलैंड ने इटली को। यह टी20 वर्ल्ड कप में किसी असोसिएट देश की दूसरी सबसे बड़ी जीत है

# जिंबाब्वे ने बड़ी जीत से की वर्ल्ड कप में वापसी

**जिंबाब्वे Vs ओमान**

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** जिंबाब्वे ने ओमान पर आठ विकेट की बड़ी जीत के साथ टी20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में वापसी की। जिंबाब्वे पिछले एडिशन के वर्ल्ड कप के लिए क्वॉलिफाई नहीं कर पाया था। टीम ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करते हुए ओमान पर शुरू से ही दबदबा बनाया। पहले बैटिंग करते हुए ओमान की टीम केवल 103 रन पर आउट हो गई। जवाब में जिंबाब्वे ने ब्रायन बेनेट (48 रन), ब्रेंडन टेलर (31 रन) और तादिवानाशे मारुमानी (21 रन, 11 बॉल) की बदौलत 39 गेंद रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

**ब्लेसिंग की उम्दा बोलिंग:** पेसर ब्लेसिंग मुजरबानी (3/16) ने कप्तान सिकंदर रजा के पहले बोलिंग करने के फैसले को सही साबित किया। उन्होंने मैच की अपनी पहली बॉल पर ही विपक्षी कप्तान जतिंदर सिंह (5 रन) को चलता किया। ओमान ने 27 रन पर ही 5 विकेट गंवाने के बाद सुफयान मेहमूद (25) और विनायक शुक्ला (28) की बदौलत 100 का आंकड़ा पार किया। ब्लेसिंग के अलावा रिचर्ड एनगारवा और ब्रैड इवांस ने भी 3-3 विकेट लिए।



बेनेट और टेलर (दाएं) ने तीसरे विकेट के लिए 68* रन की जोड़े

# दिल्ली में आज नामीबिया का सामना 'ऑरेंज आर्मी' से

Abhishek.Upadhyay1@Timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** पाकिस्तान को कड़ी चुनौती देकर आत्मविश्वास हासिल कर चुकी नीदरलैंड्स की टीम मंगलवार को टी20 वर्ल्ड कप ग्रुप-ए के अहम मुकाबले में नामीबिया के खिलाफ उतरेगी। पाकिस्तान से करीबी हार के बावजूद 'ऑरेंज आर्मी' ने जता दिया कि वह टीमों को परेशान करने की क्षमता रखती है। इस टूर्नामेंट दिल्ली की मेजबानी में होने वाला यह पहला मैच है।

**फील्डिंग पर थी खास नजर:** अरुण जेटली स्टेडियम में मैच की पूर्व संध्या पर नीदरलैंड्स ने ट्रेनिंग सेशन की शुरुआत फील्डिंग प्रैक्टिस से की। इसके बाद बैटर्स ने नेट्स में अभ्यास किया, जबकि कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने पावर-हिटिंग पर काम किया। वहीं, नामीबिया गेरहार्ड इरास्मस की अगुआई में अभियान शुरू करेगा। यान फ्राइलिंक, जेजे स्मिट की ऑलराउंड क्षमता मुकाबले में अहम भूमिका निभा सकती है।

Rajesh Mehta



नीदरलैंड्स के प्लेयर प्रैक्टिस सेशन के दौरान

**आमना-सामना**





**टेलिकास्ट:** सुबह 11 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

# जीत का सिलसिला बढ़ाने उतरेगी कीवी टीम

**न्यूजीलैंड Vs यूएई**

■ **एजेंसियां, चेन्नै:** न्यूजीलैंड की टीम मंगलवार को यहां टी20 वर्ल्ड कप में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ उतरते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ग्रुप-डी में अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहेगी। पिछले मैच में अफगानिस्तान पर पांच विकेट की जीत से आत्मविश्वास से भरी मिचेल सैंटनर की टीम अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लय बरकरार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी। हालांकि, साल 2023 में यूएई के खिलाफ दुबई में हार झेलने वाली कीवी टीम इस मैच को हल्के में लेने की गलती नहीं करेगी।

अफगानिस्तान के खिलाफ जीत ने न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाजी क्रम की गहराई को उजागर किया। ग्लेन फिलिप्स ने पिछले मैच में जिम्मेदारी भरी पारी खेलकर मिडल ऑर्डर को संभाला था और उनसे एक बार फिर ऐसी ही प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। बोलिंग में भी न्यूजीलैंड ने विविधता दिखाते हुए विपक्षी बल्लेबाजों को बांधे रखा। दूसरी ओर, कप्तान मोहम्मद वसीम की अगुआई में यूएई टीम उलटफेर की उम्मीद के साथ उतरेगी। हालांकि, मुकाबला का पलड़ा साफ तौर पर न्यूजीलैंड की ओर झुका हुआ है।



न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर (बाएं) और यूएई के कप्तान मो. वसीम

**आमना-सामना**





**टेलिकास्ट:** दोपहर 3:00 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

# शूटऑफ में मनु को सिल्वर, ईशा ने जीता ब्रॉन्ज़ मेडल

**एशियन शूटिंग चैंपियनशिप**

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मनु भाकर सोमवार को एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में 25 मीटर पिस्टल इवेंट का गोल्ड जीतने से चूक गईं। शूटऑफ में वियतनाम की गुयेन थुई ट्रांग से पिछड़ने के कारण मनु को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा, जबकि ईशा सिंह ने ब्रॉन्ज जीता। जूनियर वर्ग में नाम्या कपूर ने एक और बेहद रोमांचक शूटऑफ में गोल्ड जीता, जबकि इसी स्पर्धा में अंजलि भगवत ने ब्रॉन्ज अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या 60 तक पहुंच गई है, जिसमें 37 गोल्ड, 13 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।



मेडल्स के साथ मनु (बाएं) और ईशा

**टाई रहा था स्कोर:** फाइनल मैच में ट्रांग और मनु के समान 35 अंक थे। पहले शूटऑफ में दोनों ने दो-दो शॉट्स लगाए। इसके बाद दूसरे शूटऑफ में मनु तीन शॉट चूक गईं।

## सैयद मोदी टूर्नामेंट का दर्जा घटाया गया

■ **एजेंसियां, कुआलालंपुर:** विश्व बैडमिंटन महासंघ द्वारा सोमवार को घोषित भविष्य के कार्यक्रम में भारत को बड़ा झटका लगा है। भारत में होने वाले आयोजनों की संख्या चार से घटकर दो कर दी गई है। इसमें इस साल आयोजन संबंधी समस्याओं के बावजूद इंडिया ओपन ने अपना सुपर-750 दर्जा बरकरार रखा है, लेकिन सैयद मोदी इंटरनैशनल सुपर-300 का दर्जा घटाकर सुपर-100 कर दिया गया। वर्ल्ड टूर कार्यक्रम से जिन टूर्नामेंट्स को हटाया गया है, उनमें गुवाहाटी और ओडिशा में आयोजित सुपर-100 टूर्नामेंट शामिल हैं। इन टूर्नामेंट्स को 2023 में शुरू किया गया था।

वर्ल्ड टूर में बदलाव

# राहुल की शतकीय पारी से कर्नाटक सेमीफाइनल में


■ **मुंबई, एजेंसियां:** केएल राहुल के 24वें फर्स्ट क्लास शतक की बदौलत कर्नाटक ने सोमवार को 42 बार की चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राहुल ने 182 गेंद में 14 फोर और एक सिक्स से 130 रन की पारी खेली जिससे कर्नाटक ने 325 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 325 रन बनाकर जीत दर्ज की। बेंगलुरु में अगले हफ्ते होने वाले सेमीफाइनल में कर्नाटक की भिड़ंत अब उत्तराखंड से होगी। राहुल को रविचंद्रन स्मरण (83* रन, 123 बॉल, 11 फोर) के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला।

**रणजी का रण**



केएल राहुल

**जम्मू-कश्मीर का पहला:** इंदौर में पेसर आकिब नबी के करियर बेस्ट 12 विकेट से जम्मू कश्मीर ने मध्य प्रदेश को 56 रन से हराकर अपने 67 साल के इतिहास में पहली बार रणजी सेमीफाइनल में जगह पक्की की।



NBT AI टाइम मशीन

## आज काशी विद्यापीठ से जुड़ा दिन

आज ही के दिन 1921 में महात्मा गांधी और शिव प्रसाद गुप्त ने मिलकर वाराणसी में काशी विद्यापीठ की स्थापना की थी। अंग्रेजों के खिलाफ युवाओं को स्वदेशी परंपरा के लिए बने इस संस्थान में भारतीय राजनीति, इतिहास, समाजशास्त्र, दर्शन की पढ़ाई होती थी। अब यहां 80 से ज्यादा कोर्स पढ़ाए जाते हैं। इसी संस्थान से पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री और यूपी के पूर्व सीएम पंडित कमलापति त्रिपाठी ने पढ़ाई की थी।


# NBT

Front Page-2

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित)। मंगलवार, 10 फरवरी 2026 > पेज 12

## भविष्य में इनोवेशन का केंद्र होगा

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में काशी विद्यापीठ एक ऐसा विश्वविद्यालय होगा जहां परंपरा और तकनीक का गहरा संगम दिखाई देगा। यह संस्थान वैश्विक स्तर पर शोध, इनोवेशन और भारतीय ज्ञान परंपरा के लिए पहचाना जाएगा। यहां AI, जैव प्रौद्योगिकी और पर्यावरण जैसे आधुनिक विषयों के साथ दर्शन, संस्कृति और इतिहास का गहन अध्ययन होगा। डिजिटल और हाइब्रिड शिक्षा आम होगी, जिससे विश्वभर के छात्र जुड़ेंगे।



AI Images

---

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

## खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 रेटिंग एजेंसी मूडीज की राय में G20 में सबसे तेज इकॉनमी कौन सी रहेगी?
A. चीन B. अर्जेंटीना C. भारत

2 इसरो ने चंद्रयान-4 के लिए चांद पर कौन-सी साइट फाइनल की है?
A. मॉन्स लैटरेल B. मॉन्स मउटन C. मॉन्स एवरेस्ट

3 एशियाई चैंपियनशिप में मनु भाकर ने 25 मी. पिस्टल में कौन-सा मेडल जीता है?
A. गोल्ड B. सिल्वर C. ब्रॉन्ज

4 दीपम विवाद इनमें से किस राज्य से जुड़ा है?
A. तमिलनाडु B. सिक्किम C. असम

5 चांद पर 10 साल में शहर बसाने की योजना इनमें से किसकी है?
A. नासा B. इलॉन मस्क C. इसरो

### कल के जवाब

A1 B. 22 जून 2020 A2 A. डेयरी GM उत्पाद A3 B. मां शक्ति की आध्यात्मिक विरासत A4 C. 11 A5 B. 3 गई

### लकी विनर्स



1. राधे मोहन गुप्ता, फतेहाबाद
2. अनिल सिंह सैनी, नई दिल्ली
3. ज्योति स्वरूप गौड़, दिल्ली

### ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

---

# सेशेल्स को 17.5 करोड़ डॉलर की मदद का ऐलान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत और सेशेल्स (Seychelles) साझेदारी कायम करने की दिशा में आगे बढ़े हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेशेल्स को विकास के मद में सहायता के रूप में 17.50 करोड़ डॉलर देने की घोषणा की। मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी (Patrick Herminie) के साथ द्विपक्षीय बातचीत के बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह ऐलान किया। इसके साथ ही समुद्री सुरक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाले कई करारों पर भी सहमति बनी।

मोदी ने कहा, हमें हिंद महासागर की लहरों ने सदियों से जोड़ा हुआ है

साझा प्रेस वार्ता में मोदी और राष्ट्रपति हर्मिनी ने द्विपक्षीय रिश्तों को नया आयाम देने की प्रतिबद्धता जाहिर की। इस दौरान मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति हर्मिनी की यात्रा ऐसे वर्ष में हो रही है, जब सेशेल्स से राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे हो रहे हैं। मोदी ने कहा कि ये संबंध सिर्फ कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हिंद महासागर की लहरों ने दोनों देशों को सदियों से जोड़ा हुआ है।



सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### ये समझौते हुए

- फार्माकोपिया को लेकर सहयोग पर करार,
- 2026 से 2030 के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान
- डिजिटल सॉल्यूशन पर दोनों देशों के बीच MoU
- ओशन ऑब्जर्वेशन, ओशन सर्विसेज, डेटा शेयरिंग, मैरिटाइम रिसर्च पर करार
- कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम पर समझौता
- गुड गवर्नेंस पर करार

### इकनॉमिक पैकेज

पीएम ने कहा कि 17.5 करोड़ डॉलर का यह पैकेज सोशल हाउसिंग, ई-मोबिलिटी, वोकेशनल ट्रेनिंग, हेल्थ, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ठोस प्रोजेक्ट्स को समर्थन देगा। डिजिटल सेक्टर में भारत अपने अनुभव सेशेल्स से साझा कर सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में किफायती दवाओं की सप्लाई, मेडिकल टूरिज्म और हेल्थ इन्फ्रा में दोनों देश आगे बढ़ेंगे।

### रक्षा सहयोग

पीएम ने कहा कि मरीन रिसर्च, कैपेसिटी बिल्डिंग, डेटा शेयरिंग जैसे क्षेत्रों में भारत अपनी विशेषज्ञता सेशेल्स से साझा करेगा। इससे हिंद महासागर में शांति और स्थिरता लाने के प्रयासों को बल मिलेगा। सेशेल्स के राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देश समुद्री निगरानी, सुरक्षा और रक्षा क्षमता बढ़ाने में सहयोग गहरा करेंगे। हिंद महासागर में सुरक्षा, स्थिरता को बढ़ावा देने पर भी बात हुई।

---

## 'आयरन लेडी' के रूप में उभरी ताकाइची

■ एएफपी, तोक्यो : जापान में रविवार को हुए संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री साने ताकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (LDP) ने दो तिहाई से ज्यादा सीटें हासिल कर इतिहास रच दिया। अकेले एलडीपी को 465 में से 316 सीटें मिलीं, जो दो तिहाई यानी 310 सीटों से भी ज्यादा है। वहीं, नई सहयोगी जापान इनोवेशन पार्टी की 36 सीटों के साथ यह सत्तारूढ़ गठबंधन कुल 352 सीटों तक पहुंच गया। जो बहुमत के लिए जरूरी 233 सीटों से काफी ज्यादा है।



## नरवणे की अप्रकाशित किताब सर्कुलेट, FIR

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली पुलिस ने 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' किताब की प्री-प्रिंट कॉपी ऑनलाइन सर्कुलेट होने के मामले में FIR दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, इस पब्लिकेशन को आधिकारिक मंजूरी नहीं मिली है। जांच में पता चला कि इसी शीर्षक की टाइप-सेट PDF, जिसे पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्रा. लि. ने तैयार किया, कुछ वेबसाइटों पर उपलब्ध थी।

---

### मस्क की कंपनी SpaceX ने बनाया प्लान

# चांद पर 10 साल में बसेगा शहर




दुनिया के सबसे अमीर शख्स और SpaceX के मालिक इलॉन मस्क ने चांद पर शहर बसाने का सपना देखा है। मस्क ने रविवार को सोशल मीडिया में यह ऐलान किया। उनका कहना है कि यह Self-Growing यानी खुद से विकसित होने वाला शहर होगा। इसे 10 साल से कम समय में बनाया जा सकता है, जबकि मंगल में ऐसा शहर बसाने में 20 साल से ज्यादा लग सकते हैं यानी मस्क चांद को अहमियत दे रहे हैं।



### मंगल से पहले चांद क्यों?

मस्क ने कहा, टॉप प्रायॉरिटी अभी सभ्यता के भविष्य को सुरक्षित करना है और चांद पर ऐसा करना तेजी से संभव होगा।





### हर 10 दिन में मून मिशन संभव

**26** महीने में एक बार मिलता है मंगल ग्रह पर जाने का मौका हर, जब यह ग्रह एक सीध में आता है।

**22** करोड़ किलोमीटर से ज्यादा दूरी है मंगल की, पहुंचने में छह महीने से ज्यादा लगते हैं।

चांद पर सीमित संसाधनों में जीवन का टेस्ट आसान, इमरजेंसी के हालात में चांद से तुरंत धरती पर वापसी भी मुमकिन है।

**Starship** रॉकेट पर निर्भर है पूरा प्लान

**403** फुट लंबा और 9 मीटर चौड़ा यह रॉकेट दुनिया में सबसे शक्तिशाली है।

**150** मीट्रिक टन यानी 1.50 लाख किलो भार ले जाने की क्षमता है, दुनिया में कहीं भी एक घंटे से कम समय में

### सेल्फ ग्रोइंग सिटी कैसी होगी?




सेल्फ ग्रोइंग से मतलब ऐसा शहर जो चांद के सीमित संसाधनों से खाना, पानी, ऑक्सिजन बनाएगा।

शुरू में स्टारशिप से जरूरत का सामान भेजा जाएगा, फिर गुंबद जैसे हैबिटेट्स (रहने की जगहें) बनेंगे।


सोलर पैनल से बिजली, चांद की मिट्टी (रेजोलिथ) से ईंटें, ऑक्सिजन और पानी बनाने के प्लांट बनेंगे।

रोबॉट्स से शहर का विस्तार करेंगे यानी शहर समय के साथ बढ़ता जाएगा, जैसा फिल्मों में होता है।

### मून मिशन



**1972** में अंतिम अमेरिकी अपोलो मिशन के बाद से चांद पर कोई इंसान नहीं गया है।



**2027** में ऐस्ट्रोनॉट को चांद पर भेजना चाहता है नासा आर्टेमिस 3 मिशन से



**100** अरब डॉलर से ज्यादा खर्च हो सकते हैं चांद की ऑर्बिट में पहुंचने में, यानी बहुत खर्चीला है।

---

# एपस्टीनः खुलासों से अब स्टार्मर सरकार मुश्किल में

■ पीटीआई, लंदन: एपस्टीन फाइल्स के खुलासों के बाद ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर की सरकार मुश्किल में है। उनके दो भरोसेमंद सहयोगियों को इस्तीफा देना पड़ा। इससे लेबर पार्टी और खुद उनकी सरकार के भीतर नेतृत्व पर सवाल तेज हो गए हैं।

अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से संबंध के कारण पहले स्टारमर के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने पद छोड़ा। फिर अमेरिका में ब्रिटेन के तत्कालीन राजदूत पीटर मैंडलसन ने इस्तीफा दिया। अब उनके कम्यूनिकेशन डायरेक्टर टिम ऐलन ने इस्तीफा दे दिया। हालांकि



कीर स्टार्मर

ब्रिटिश पीएम स्टार्मर के प्रवक्ता ने साफ कहा कि वह इस्तीफा नहीं देंगे। चर्चा तेज है कि ब्रिटेन को पहली मुस्लिम महिला पीएम मिल सकती हैं। इसके लिए शबाना महमूद के नाम की चर्चा है। फिलहाल वह ब्रिटिश सरकार में होम मिनिस्टर हैं। उन्हें लेबर पार्टी में ऐसी नेता देखा जा रहा है, जो पीएम पद तक पहुंच सकती हैं।

---

# चंद्रयान-4 के लिए इसरो ने लैंडिंग साइट तलाशी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: इसरो ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चंद्रमा के साउथ पोल के पास लैंडिंग साइट तलाश ली है। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर पर लगे OHRC कैमरे से मिली तस्वीरों के आधार पर वैज्ञानिकों ने मॉन्स मउटन (Mons Mouton) यानी MM-4 क्षेत्र को लैंडिंग के लिए सबसे सही बताया है।

चांद के साउथ पोल पर मॉन्स मउटन पर उतरेगा यह मिशन

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, मॉन्स मउटन चंद्रमा के साउथ पोल के पास स्थित करीब 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है। इसकी चोटी काफी हद तक सपाट है, जो लैंडिंग के लिए अनुकूल है। हालांकि, लैंडिंग साइट पर अंतिम फैसला लॉन्च के करीब लिया जाएगा।

वैज्ञानिकों के मुताबिक यह इलाका इसलिए भी अहम है, क्योंकि यहां लंबे समय तक सूर्य की रोशनी मिलती है। इसके अलावा वॉटर आइस मौजूद होने की संभावना भी है। इस साइट पर औसतन ढलान करीब 5 डिग्री है, जबकि लैंडर 10 डिग्री तक की ढलान पर उतरने में सक्षम है। यहां बड़े पत्थर कम हैं और ज्यादातर बोल्डर 0.3 मीटर से छोटे हैं, जिससे लैंडिंग का जोखिम कम हो जाता है। इस क्षेत्र से पृथ्वी के साथ रेडियो कम्युनिकेशन भी साफ बना रहता है, जिससे मिशन के दौरान संपर्क में बड़ी दिक्कत नहीं आएगी।

## G-20 देशों में सबसे आगे रहेगा भारत : Moody's

■ पीटीआई, नई दिल्ली : रेटिंग एजेंसी मूडीज (Moody's) ने सोमवार को अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की जीडीपी (GDP) 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

मजबूत घरेलू खपत, सरकारी नीतियों और स्थिर बैंकिंग सिस्टम की बदौलत भारत की अर्थव्यवस्था G-20 देशों में सबसे तेज रफ्तार से बढ़ने वाली इकॉनमी बनी रहेगी। बैंकिंग सेक्टर पर जारी अपनी रिपोर्ट में मूडीज ने कहा कि बैंकों की स्थिति मजबूत बनी रहेगी। हालांकि, छोटे और मंझोले उद्योगों (MSMEs) पर थोड़ा दबाव दिख सकता है।

---

NBT

# जन्मदिन मुबारक

आप भी भेज सकते हैं देश की जानी-मानी हस्तियों को जन्मदिन की बधाई। बस इस QR कोड को स्कैन करें और विश करें।

HAPPY BIRTHDAY HAPPY BIRTHDAY

### 10 फरवरी



**कुमार विश्वास**

10 फरवरी 1970 को जन्मे कुमार विश्वास मशहूर कवि हैं। "कोई दीवाना कहता है" कविता से युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हुए, राजनीति में भी रहे।

@kumarvishwas
@DrKumarVishwas



**जस्टिस सूर्यकांत**

10 फरवरी 1962 को जन्मे जस्टिस सूर्यकांत भारत के 53वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया हैं। 24 नवंबर 2025 को यह पद संभालने वाले जस्टिस सूर्यकांत, जज बनने से पहले हरियाणा के एडवोकेट जनरल और सीनियर वकील भी रहे हैं।

### 11 फरवरी



**टीना अंबानी**

11 फरवरी 1957 को जन्मीं टीना अंबानी 80 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रही हैं। बिजनेसमैन अनिल अंबानी की पत्नी हैं।


@tinaambaniofficial
@AmbaniTina



**रजत कपूर**

11 फरवरी 1961 को जन्मे रजत कपूर एक्टर और डायरेक्टर हैं। उन्होंने 'भेजा फ्राई' और 'कपूर एंड संस' जैसी फिल्मों में काम किया है।

### 12 फरवरी



**गुंडप्पा विश्वनाथ**

12 फरवरी 1949 को जन्मे गुंडप्पा विश्वनाथ भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज रहे हैं। वह अपनी कलाई के जादू (Wristy Shots) के लिए मशहूर थे।

@grvishwanathofficial
@GRVishwanath97

### 13 फरवरी



**रश्मि देसाई**

13 फरवरी 1986 को जन्मीं रश्मि देसाई टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। सीरियल 'उतरन' की 'तपस्या' के किरदार से उन्हें घर-घर में पहचान मिली है।

@imrashamidesai
@TheRashmiDesai



**सोमदेव देववर्मन**

13 फरवरी 1985 को जन्मे सोमदेव देववर्मन भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स में देश के लिए गोल्ड मेडल जीते हैं।

@sdevvarman
@SomdevD




**स्वतंत्र देव सिंह**

13 फरवरी 1964 को जन्मे स्वतंत्र देव सिंह यूपी बीजेपी के कद्दावर नेता हैं। वह यूपी सरकार में जल शक्ति मंत्री हैं। यूपी बीजेपी अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं।

@swatantrabjp
@swatantrabjp

### 15 फरवरी



**आशुतोष गोवारिकर**

5 फरवरी 1964 को जन्मे आशुतोष गोवारिकर मशहूर फिल्म डायरेक्टर हैं। उन्होंने 'लगान', 'स्वदेश' और 'जोधा अकबर' जैसी बड़ी फिल्में बनाई हैं।

@ashutoshgowariker
@AshGowariker

---

## नमाज से जुड़े HC के फैसले को SC ने बताया संतुलित

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के नमाज से जुड़े फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। उस फैसले में अदालत ने कहा था कि मुसलमानों को तमिलनाडु के मदुरै जिले में मौजूद तिरुप्परनकुंड्रम पहाड़ियों के नेल्लीथोप्पु क्षेत्र में केवल रमजान और बकरीद के दौरान ही नमाज अदा करने का अधिकार है। तमिलनाडु में तिरुप्परनकुंड्रम पहाड़ी पर कार्तिकेय दीपम जलाने और दरगाह के समीप नमाज अदा करने को लेकर हिंदुओं और मुसलमानों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है।

मद्रास HC के फैसले में दखल से किया इनकार

## किसी को SIR में बाधा की इजाज़त नहीं: SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा, हम किसी को भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया में बाधा डालने की अनुमति नहीं देंगे। राज्यों को यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में SIR प्रक्रिया को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की और कई निर्देश जारी किए।

राज्य सरकार से कहा कि वह SIR के कार्यों के लिए चुनाव आयोग (ECI) को ग्रुप 'बी' के अधिकारी उपलब्ध कराए, जो चुनाव आयोग की ओर से तैनात किए गए माइक्रो-ऑब्जर्वरों की जगह ले सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि दावों और आपत्तियों पर अंतिम आदेश सिर्फ निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी ही पारित कर सकते हैं और माइक्रो-ऑब्जर्वर सिर्फ उनकी मदद कर सकते हैं। कोर्ट ने राज्य के पुलिस महानिदेशक (DGP) को भी निर्देश दिया कि वे SIR अधिकारियों के खिलाफ कथित धमकियों और हिंसा को रोकने में विफलता को लेकर चुनाव आयोग द्वारा उठाई गई चिंताओं पर व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करें।



### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश

- 8,500 ग्रुप 'बी' अधिकारियों की सूची में से ECI उनके बायोडाटा और कार्य-अनुभव की जांच के बाद, पहले से तैनात माइक्रो-ऑब्जर्वर की संख्या के बराबर अधिकारियों को शॉर्टलिस्ट कर सकता है।
- राज्य सरकार के अधिकारियों को ERO/AERO की सहायता के लिए, पहले से नियुक्त माइक्रो-ऑब्जर्वरों के साथ संक्षिप्त प्रशिक्षण दिया जा सकता है।
- अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि ECI उन अधिकारियों को बदलने के लिए स्वतंत्र होगा, जो अपने कर्तव्यों का ठीक से निर्वहन नहीं कर रहे हैं।

SC का फैसला

## सेंगर केस में जल्द सुनवाई का आदेश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट से कहा है कि निष्कासित बीजेपी नेता कुलदीप सिंह सेंगर की याचिका पर जल्दी सुनवाई की जाए और तीन महीने में फैसला दिया जाए। सेंगर ने उन्नाव केस में पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत से जुड़े मामले में अपनी सजा को चुनौती दी है। साथ ही कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के 19 जनवरी के आदेश को चुनौती देने वाली सेंगर की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।



कोर्ट ने कहा, तीन महीने में फैसला दें

---

# स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव लाने की तैयारी में विपक्ष

## अविश्वास प्रस्ताव के लिए जुटा रहे सांसदों के साइन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**विपक्षी दल** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ उन्हें पद से हटाने का प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि सदन में लगातार ऐसे फैसले हो रहे हैं, जो लोकतंत्र और निष्पक्षता के खिलाफ हैं। अविश्वास प्रस्ताव के लिए सांसदों के हस्ताक्षर जुटाए जा रहे हैं।

कांग्रेस नेता बोले, सदन में लोकतंत्र और निष्पक्षता के खिलाफ वाले फैसले हो रहे

विपक्ष जिन मुद्दों को आधार बना रहा है, उनमें सबसे बड़ा आरोप यह है कि स्पीकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने नहीं दे रहे। इसके अलावा कांग्रेस की महिला सांसदों पर बिना सबूत के यह आरोप लगाया गया कि वे प्रधानमंत्री पर हमला करने वाली थीं, जिसे विपक्ष पूरी तरह झूठा और अपमानजनक बता रहा है। तीसरा बड़ा मुद्दा विपक्षी सांसदों का निलंबन है। विपक्ष का कहना है कि सांसदों को गलत तरीके से निलंबित किया गया और इससे संसद में विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की गई। इसके साथ ही बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे द्वारा संसद में की गई टिप्पणियों पर कोई कार्रवाई न होना भी बड़ा सवाल बताया जा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि सत्ता पक्ष के नेताओं को खुली छूट दी जा रही है, जबकि विपक्ष पर सख्ती की जा रही है।



PTI

संसद भवन परिसर में विपक्ष की मीटिंग में खरगे, राहुल भी मौजूद रहे

**बड़ी संख्या में कांग्रेस सांसदों ने किए साइन:** विपक्ष स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है और इसके लिए सांसदों के हस्ताक्षर जुटाए जा रहे हैं। बड़ी संख्या में कांग्रेस के सांसदों ने इस पर हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। संसद में रणनीति तय करने के लिए सोमवार को कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दलों के संसदीय दल के नेताओं की बैठक हुई। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभी संभावनाओं पर विचार किया गया। पार्टी सूत्रों का कहना है कि सभी विपक्षी पार्टियां लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर सहमत हैं। इसके लिए जल्द ही नोटिस सौंपने की भी तैयारी है।

### कांग्रेस की महिला सांसदों ने लिखा पत्र

कांग्रेस की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक तीन पन्नों का पत्र लिखकर उनसे सदन के निष्पक्ष संरक्षक के रूप में कार्य करने की मांग की है। पत्र में अध्यक्ष पर लगातार सरकार के दबाव में काम करने का आरोप लगाया गया है और महिला सांसदों पर लगाए गए कथित आरोपों को झूठा, निराधार और मानहानिकारक बताया गया है। यह पत्र ऐसे समय लिखा गया है, जब अध्यक्ष ने सदन में यह कहा था कि कांग्रेस के कुछ सदस्य प्रधानमंत्री की सीट के पास पहुंचकर किसी अप्रत्याशित घटना को अंजाम देना चाहते थे।

## मणिपुर में भड़की हिंसा, लोग घर छोड़कर भागे



■ पीटीआई, इंफाल : मणिपुर के उखरूल जिले में सोमवार दोपहर हथियारबंद बदमाशों के लिटान सारेइखोंग गांव में कथित तौर पर अन्य घरों में आग लगाए जाने के बाद एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। पहाड़ी गांव के आसपास सशस्त्र समूहों ने हवा में कई गोलियां भी चलाईं, जिससे निवासी जल्दी सामान लेकर पड़ोसी कांगपोकपी जिले के सुरक्षित इलाकों में भागने को मजबूर हो गए। तांगखुल में रहने वाले कई ग्रामीणों के भी इलाका छोड़ने की खबर है। इस इलाके में हिंसा की शुरुआत शनिवार रात को लिटान गांव में तांगखुल नागा समुदाय के एक सदस्य पर सात से आठ लोगों द्वारा कथित तौर पर हमला किए जाने के बाद हुई।


## आर्थिक तंगी से जूझ रहे NHM कर्मी, एक ने की जान देने की कोशिश

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : दो महीने से वेतन की बाट जोह रहे NHM कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। हालत यह है कि महाराजगंज में संविदा पर तैनात एक कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) सौरभ ने नहर में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि, राहगीरों ने उसे बचा लिया। पीड़ित ने बताया कि वह आगरा का रहने वाला है, लेकिन उसे 1200 किमी दूर महाराजगंज में तैनाती दी गई है। माता-पिता बीमार हैं और उसे दो महीने से वेतन नहीं मिला। आर्थिक स्थिति बद से बदतर हो गई थी। जानकारी होने के बाद महाराजगंज के सीएमओ समेत कई अधिकारी कर्मचारी से मिले और जल्द ही वेतन भुगतान का भरोसा दिलाया।

> यूपी के 80 हजार से ज्यादा एनएचएम कर्मचारियों को नवंबर के बाद से नहीं मिला वेतन

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के महामंत्री योगेश कुमार उपाध्याय के मुताबिक यह पीड़ा अकेले सौरभ की नहीं है। एनएचएम में तैनात प्रदेशभर के करीब 80 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को नवंबर के बाद से वेतन नहीं मिला। NHM की एमडी डॉ.पिंकी जोवल को कर्मचारी संघों ने एक महीने में कई बार ज्ञापन दिया, लेकिन कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला। यह संकट पिछले साल सितंबर-अक्टूबर में भी हुआ था। तब डॉ. पिंकी जोवल ने हर महीने की तीन तारीख से पहले वेतन जारी करने का आदेश दिया था। इसके बावजूद हर महीने की तीन तारीख को वेतन मिलना तो दूर कर्मचारियों को तीसरे महीने भी वेतन नहीं मिल सका है। उप्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मयंक प्रताप सिंह और प्रदेश महामंत्री आदित्य भारती की तरफ से सीएम को ज्ञापन भेजकर जल्द वेतन दिलाने की मांग की गई है।

# पीपीपी, ग्रामीण विकास के मॉडल पर विकसित करें इको-टूरिजम: योगी



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इको-टूरिज्म को प्रकृति संरक्षण, स्थानीय रोजगार, निजी निवेश और ग्रामीण विकास का मजबूत मॉडल बनाया जाए। इसके संचालन में स्थानीय समुदाय की भागीदारी को प्राथमिकता दी जाए। प्रदेश की समृद्ध जैवविविधता, वन क्षेत्रों और प्राकृतिक विरासत में इको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं निहित हैं, जिन्हें योजनाबद्ध ढंग से धरातल पर उतारने की आवश्यकता है। इसके लिए निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि इको-टूरिज्म को एक सशक्त और टिकाऊ उद्योग के रूप में विकसित किया जा सके।

योगी ने सोमवार की शाम यूपी इको टूरिज्म विकास बोर्ड की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चयनित इको-टूरिज्म स्थलों पर पर्यटकों के लिए अच्छे होटल और स्तरीय रेस्टोरेंट, गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधाएं और आधुनिक बुनियादी ढांचा विकसित किया जाए। गोरखपुर का कुसम्ही जंगल, अयोध्या का कुमारगंज, गाजीपुर का कामाख्या वन पार्क व लखीमपुर खीरी की मोहम्मदी रेंज जैसे क्षेत्रों को पीपीपी मॉडल के माध्यम से विकसित किया जाए।

**कनेक्टिविटी में सुधार करें :** सीएम ने कनेक्टिविटी सुधार पर जोर देते हुए कहा कि लखनऊ-पलिया और नई दिल्ली-पलिया के बीच वीकेंड एसी बस सेवा का संचालन किया जाना चाहिए। उन्होंने पीलीभीत-मैलानी-बहराइच के लिए क्षेत्रीय बस सेवा शुरू करने के निर्देश दिए और कहा कि परिवहन निगम के सफल मॉडल को देखते हुए इन सेवाओं का विस्तार अन्य इको-टूरिज्म स्थलों तक किया जाए। इससे पहले बैठक में बताया गया कि दो वर्ष में दुधवा, पीलीभीत, रानीपुर और कतर्नियाघाट टाइगर रिजर्व सहित हैदरपुर, बखिरा, सुर सरोवर, समसपुर और नवाबगंज जैसे प्रमुख वेटलैंड्स में कुल 44 इको-टूरिज्म इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं।

**किसी भी परियोजना में बेवजह वृक्ष न कटें :** सीएम ने राज्य वन्यजीव परिषद की भी बैठक ली, जिसमें कई विकास प्रस्तावों को अनुमति दी गई। सीएम ने वृक्ष कटाई के प्रस्तावों पर विशेषज्ञों की राय लेते हुए निर्देश दिए कि किसी भी परियोजना में अनावश्यक कटान की अनुमति न दी जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वृक्षों की कटाई केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में ही की जाए और विकास की आड़ में पर्यावरण को क्षति न पहुंचे। जहां विकल्प उपलब्ध हो, वहां ट्रेंचलेस टेक्नोलॉजी, एलिवेटेड स्ट्रक्चर तथा इको-फ्रेंडली तकनीकों को प्राथमिकता दी जाए। बैठक में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह भी मौजूद रहे।

> ■ सीएम ने यूपी इको टूरिज्म विकास बोर्ड की बैठक में दिए निर्देश
> ■ कहा, लखनऊ-पलिया और नई दिल्ली-पलिया के बीच वीकेंड में एसी बस सेवा शुरू करें

### 31 नई परियोजनाओं का प्रस्ताव

मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न जिलों जैसे अयोध्या, आगरा, गोरखपुर, लखनऊ, चित्रकूट, महाराजगंज, प्रयागराज, बांदा, बहराइच, सीतापुर, उन्नाव, बलिया, इटावा, मैनपुरी आदि में नए पार्क, इंटरप्रिटेशन सेंटर, वेटलैंड विकास, बर्ड वॉचिंग टॉवर, ट्रेल्स, कैंपिंग और पर्यटक सुविधाओं पर आधारित कुल 31 नई परियोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। बोर्ड एक एआई चैटबॉट और मोबाइल ऐप भी विकसित कर रहा है।

## सभी बूथों की समीक्षा करेगी BSP, 15000 नई कमिटियां बनेंगी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बसपा ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के बाद बनी मतदाता सूची के मुताबिक नए सिरे से बूथ और सेक्टर कमिटियों के गठन और निगरानी का फैसला किया है। बसपा ने 15 जनवरी तक प्रदेशभर में अपनी बूथ और सेक्टर कमिटियों का गठन कर लिया था, लेकिन SIR के बाद बनी नई मतदाता सूची ने पार्टी को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर कर दिया।

> SIR के बाद बनी मतदाता सूची के मुताबिक बसपा ने भी बदली रणनीति, नए सिरे से बूथ और सेक्टर कमिटियों के गठन और निगरानी का फैसला

नई मतदाता सूची के मुताबिक प्रदेश में करीब 15 हजार से ज्यादा नए बूथ बने हैं। ऐसे में इन बूथों पर नई कमिटी बनाई जाएगी। इसके साथ ही पुरानी बनी कमिटियों की निगरानी के लिए मंडल प्रभारियों को अलग-अलग जिलों में दौरा करने का निर्देश दिया गया है। इस बीच बसपा की तरफ से प्रदेश के हर मंडल पर बैठकों का दौर तेज हो गया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक मंडल प्रभारी अपने मंडल के हर जिले में दौरा कर बूथ और सेक्टर कमिटियों के साथ ही भाईचारा कमिटियों के कामकाज की समीक्षा कर रिपोर्ट तैयार करेंगे। इसके मुताबिक जहां जरूरत होगी, वहां बदलाव किया जाएगा। इसके बाद बसपा के बड़े नेताओं का हर जिले में दौरा शुरू होगा। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल के मुताबिक एसआईआर में बढ़े बूथों पर जल्द से जल्द कमिटी बना ली जाएगी। इस बीच संगठन की तरफ से मंडल और विधानसभा स्तर पर कई प्रभारियों को बदला भी गया है।

## आयुष्मान के इंडिकेटर न मानने वाले 700 अस्पताल पैनल से बाहर होंगे

> ■ साचीज की तरफ से भेजा गया नोटिस, हॉस्पिटल इंपैनलमेंट मॉड्यूल (HEM 2.0) के 35 इंडिकेटर्स के दस्तावेज अधूरे
> ■ अस्पतालों को 31 जनवरी तक का दिया गया था समय, डेडलाइन 15 तक बढ़ी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : आयुष्मान योजना के तहत बने 35 इंडिकेटर्स का पालन न करने वाले प्रदेश के करीब 700 से ज्यादा अस्पतालों को योजना से बाहर करने की तैयारी है। स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ ऐंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की तरफ से इन अस्पतालों को नोटिस भेजा दिया गया है। यूपी के सभी अस्पतालों को हॉस्पिटल इंपैनलमेंट मॉड्यूल (HEM 2.0) के 35 इंडिकेटर्स के मुताबिक 31 जनवरी तक मानक पूरा करने का समय दिया गया था। इसके बावजूद 700 से ज्यादा अस्पतालों ने प्रदूषण, बायोमेडिकल वेस्ट और अग्निशमन समेत कई एजेंसी से जुड़े दस्तावेज जमा नहीं किए। ऐसे में अब इन सभी को 15 फरवरी तक का अंतिम मौका दिया गया है। इसके बाद भी मानक पूरे न करने वाले अस्पतालों को योजना से बाहर कर दिया जाएगा और ऐसे अस्पताल आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों को भर्ती नहीं सकेंगे।

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अस्पतालों की निगरानी सीधे नैशनल हेल्थ अथॉरिटी (NHA) एवं स्टेट हेल्थ एजेंसी (SHA) की तरफ से की जा रही है। इसके लिए अस्पतालों को ई-मेल, डाक, फोन कॉल के जरिए जानकारी भेजी जा चुकी है। विभाग की तरफ से हुई वर्चुअल मीटिंग्स में भी अस्पतालों को इसके बारे में बताया जा चुका है। साचीज अधिकारियों के मुताबिक इन कोशिशों के बाद करीब 2300 अस्पतालों ने योजना के तहत 35 इंडिकेटर्स को पूरा कर लिया है, जबकि करीब 700 निजी अस्पतालों के दस्तावेज अधूरे हैं। नैशनल हेल्थ अथॉरिटी की तरफ से ऐसे अस्पतालों को लेकर सख्त रुख अख्तियार करने के संकेत दिए गए हैं।

## '30 दिन में सभी घरों में जलापूर्ति करें, वरना FIR'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुंदेलखंड और विन्ध्य क्षेत्र के सभी घरों तक 30 दिन के भीतर जलापूर्ति का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को विन्ध्य, बुंदेलखंड के जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए जलशक्ति मंत्री ने परियोजना में काम कर रही कंपनियों को अल्टीमेटम दिया कि 30 दिन के भीतर काम पूरा न होने पर कंपनियों के खिलाफ एफआईआर और टर्मिनेशन की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विन्ध्य और बुंदेलखंड में धीमी गति से कार्य कर रही बीजीसीसी और एल ऐंड टी कंपनी पर नाराजगी जताई।



> विन्ध्य, बुंदेलखंड में जल जीवन मिशन के कार्यों की जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने की समीक्षा

स्वतंत्र देव सिंह

मीडिया से बातचीत करते हुए जलशक्ति मंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड और विन्ध्य क्षेत्र की सभी परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इसमें 4-5 योजनाओं को छोड़कर सभी योजनाओं का कार्य 100 फीसदी कार्य पूरा कर लिया गया है। अधिकतर गांवों में 100 प्रतिशत जलापूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि करीब तीन फीसदी गांवों में पाइपलाइन डैमेज या अन्य कारणों से नियमित जलापूर्ति प्रभावित हुई है। उसमें तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव, जल निगम ग्रामीण के एमडी डॉ.राजशेखर, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक प्रभाष कुमार मौजूद थे।

### 100% जलापूर्ति वाले 22,000 गांवों में मनाया जाएगा जल उत्सव

समीक्षा बैठक में जलशक्ति मंत्री ने निर्देश दिए कि जिन गांवों में 100 प्रतिशत घरों में जलापूर्ति की जा रही है। उन सभी गांवों में 8 से 22 मार्च तक जल उत्सव मनाया जाएगा। जलशक्ति मंत्री के निर्देश के बाद राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन ने प्रदेश के करीब 22,000 गांवों में जल उत्सव मनाने की तैयारी शुरू कर दी है।

### जलापूर्ति से जुड़ी हर जानकारी देगा जल सारथी ऐप

समीक्षा बैठक के दौरान जलशक्ति मंत्री ने जलापूर्ति से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जल सारथी ऐप लॉन्च किया। इस ऐप के माध्यम से जल जीवन मिशन से जुड़े हर गांव के बारे में जानकारी मिल सकेगी। इस ऐप से लोग जलापूर्ति से संबंधित शिकायत भी कर सकेंगे। साथ ही शिकायत का समाधान करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी भी उन्हें जल सारथी ऐप से मिल सकेगी। ये ऐप एंड्रॉयड और ऐपल पर उपलब्ध होगा।




## सब्सिडी दिलवाने के लिए अवैध वसूली करने वाले उद्योग विभाग के तीन अधिकारी निलंबित

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : हमीरपुर के जिला उद्योग कार्यालय में ऑनलाइन आवेदन और पत्रावली निस्तारण के नाम पर अवैध वसूली में संलिप्त पाए जाने पर शासन ने हमीरपुर में तैनात तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित अधिकारियों सहायक आयुक्त उद्योग/प्रभारी उपायुक्त उद्योग रवि वर्मा, सहायक प्रबंधक संतोष राव और जिला प्रबंधक मिलन कुमार शामिल हैं। यह कार्रवाई सीडीओ और एडीएम हमीरपुर की दो सदस्यीय जांच समिति की आख्या के आधार पर की गई है।

> दो सदस्यीय जांच कमिटी की रिपोर्ट के आधार पर हुई कार्रवाई

जांच समिति का गठन लाभार्थियों से लगातार प्राप्त शिकायतों के बाद किया गया था। समिति की रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि विभिन्न सरकारी योजनाओं में इन अधिकारियों की मिलीभगत से ऑनलाइन आवेदन, फाइल निस्तारण और सब्सिडी दिलवाने के नाम पर अवैध तौर पर धन उगाही की जा रही थी। शुरुआती जांच में भ्रष्टाचार के साक्ष्य मिलने पर समिति ने कार्रवाई की संस्तुति की, जिसके बाद शासन ने निलंबन के साथ ही संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

## बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखें: योगी



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने आवास पर आयोजित जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखें, किताबों से जोड़ें। सीएम से हापुड़ से आए दो सैनिकों ने जमीन पर कब्जे की शिकायत की। योगी ने हापुड़ प्रशासन को निर्देश दिया कि पूरे मामले की तत्काल जांच कराएं और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। इलाज के लिए आर्थिक सहायता, बिजली, नगर निगम, राजस्व आदि से जुड़े मामले भी आए, जिस पर सीएम ने अधिकारियों को उचित निस्तारण का निर्देश दिया।

## वॉन्टेड पहचान बदल दूसरी कंपनी में कर रहा था काम, गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : करोड़ों रुपये के शाइन सिटी ड्रीम प्रोजेक्ट घोटाले में वॉन्टेड नेकपाल सिंह उर्फ निक्की को ईओडब्ल्यू ने कृष्णानगर इलाके से गिरफ्तार है। निक्की पहचान बदलकर दूसरी रियल एस्टेट कंपनी में काम कर रहा था।

> EOW ने शाइन सिटी घोटाले में वॉन्टेड असोसिएट को किया गिरफ्तार

नेकपाल सिंह शाइन सिटी के अर स्क्वायर, विपुल खंड कार्यालय में असोसिएट के रूप में तैनात था। उस पर आरोप है कि वह निवेशकों को गुमराह कर योजनाओं में पैसा लगवाता था तथा उन्हें कुछ ही महीनों में पैसा दोगुना करने जैसे झांसे देता था। निवेशकों को लालच देकर करोड़ों रुपये की ठगी के बाद कंपनी के निदेशक और पदाधिकारी कार्यालय बंद कर फरार हो गए थे। इस पूरे प्रकरण में गोमतीनगर थाने में वर्ष 2020 में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इस मुकदमे की शुरुआती जांच जिले स्तर पर हुई, लेकिन बाद में शासन ने विवेचना ईओडब्ल्यू को सौंप दी। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही नेक पाल सिंह फरार हो गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने अपना नाम बदलकर हर्षित सिंह कर लिया था और WIN-MORE नाम की नई रियल एस्टेट कंपनी में काम कर रहा था। ईओडब्ल्यू को सूचना मिली कि वह राजधानी में ही नई पहचान के साथ सक्रिय है, जिसके बाद टीम ने निगरानी शुरू की। ईओडब्ल्यू टीम ने नौ फरवरी की दोपहर उसे कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। नेकपाल मूलरूप से माल थाना क्षेत्र के मागन का रहने वाला है।

## नौ महीने लड़ाई के बाद आयोग के हस्तक्षेप से मिली सूचना

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नौ महीने तक सिस्टम से लड़ने के बाद आखिरकार 11वीं कक्षा के छात्र शशि शेखर दुबे को यूपी बोर्ड ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल परीक्षा की सभी छह विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी मुहैया करवाई। उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी राज्य सूचना आयोग के हस्तक्षेप के बाद मिली। राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम की पीठ ने छात्र को परेशान करने वाले जन सूचना अधिकारी के आचरण की भर्त्सना की।

> यूपी बोर्ड के हाईस्कूल के छात्र को नहीं दी जा रही थी कॉपियों की फोटो प्रति

झांसी निवासी शशि शेखर दुबे ने वर्ष 2025 में यूपी बोर्ड से हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की। उसे गणित में 100/100 नंबर मिले थे, जबकि हिंदी में 92, विज्ञान में 90, सामाजिक विज्ञान में 87, चित्रकला 84 एवं अंग्रेजी 73 अंक मिले। उसको यह लगा कि के गणित को छोड़कर अन्य विषयों में भी उसको और अधिक अंक मिलने चाहिए थे। इसके लिए उसने आरटीआई के तहत माध्यमिक शिक्षा परिषद में आवेदन किया और हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और चित्रकला विषयों की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की प्रमाणित छाया प्रतियां मांगी। लेकिन, सूचना नहीं मिली। हार कर शशि शेखर दुबे ने राज्य सूचना आयोग में अपील दाखिल की थी। आयोग के आदेशों के बाद भी जन सूचना अधिकारी सूचना देने में टालमटोल करता रहा। लेकिन, आयोग की सख्ती के बाद जन सूचना अधिकारी द्वारा पिछली सुनवाई में आयोग को जानकारी दी गई कि अपीलकर्ता को सभी छह विषयों की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की प्रमाणित प्रति उपलब्ध करवा दी गई है। छात्र द्वारा भी इस तथ्य की पुष्टि की गई।

नवभारत टाइम्स। कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित)। मंगलवार, 10 फरवरी 2026 लखनऊ www.lucknow.nbt.in

जनभवन में फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का समापन, चार दिन में पहुंचे 3.50 लाख लोग

# UIDAI के शुभंकर की रंगोली, कानपुर विवि की बांसुरी अव्वल



प्रदर्शनी में 1,690 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और 1719 प्रविष्टियों को विजेता चुना गया।


■ NBT न्यूज, लखनऊ

जनभवन में आयोजित चार दिवसीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का सोमवार को समापन हो गया। प्रदर्शनी में यूआईडीएआई के शुभंकर उदय की आकर्षक रंगोली और सीएसजेएमयू कानपुर के कृष्ण बांसुरी मॉडल ने प्रथम स्थान हासिल किया। लखनऊ यूनिवर्सिटी के रामदरबार को दूसरा स्थान मिला। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। चार दिवसीय प्रदर्शनी में 3.50 लाख से अधिक लोग पहुंचे।

लखनऊ यूनिवर्सिटी के रामदरबार को दूसरा स्थान मिला

57वीं प्रादेशिक प्रदर्शनी के समापन अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि कला हर व्यक्ति के भीतर होती है, जरूरत केवल उसे प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने की होती है। उन्होंने कहा कि पुष्प प्रदर्शनी लगातार विस्तार ले रही है। फल, फूल एवं गमलों तक सीमित इस प्रदर्शनी में अब बच्चों, युवाओं और परिवारों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। प्रदर्शनी में पहली बार 23 वर्गों में सर्वाधिक अंक पाने वाले विजेता प्रतिभागियों को 5,100 रुपये के नकद पुरस्कार दिए गए। रक्षा उपकरणों के प्रदर्शन के लिए सेना को विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रदर्शनी में 1,690 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और 1719 प्रविष्टियों को विजेता चुना गया।

### क्विज में लॉरेटो की मदीहा प्रथम



क्विज प्रतियोगिता में लॉरेटो कान्वेंट इंटरमीडिएट कॉलेज की मदीहा जावेद ने पहला, बाल विद्या मंदिर स्कूल, चारबाग के मृत्युंजय मौर्य को दूसरा और इसी स्कूल की प्रियंशी सिंह को तीसरा स्थान मिला। लेटर राइटिंग प्रतियोगिता में बाल विद्या मंदिर, चारबाग की दिव्यांशी व्यास ने पहला, सिटी इंटरनैशनल स्कूल, बालागंज की अंशिका ने दूसरा और लॉरेटो की सुमेधा घटेल ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### कारागार बंदियों के 51,000 के उत्पाद बिके



प्रदर्शनी में महानिदेशक कारागार पीसी मीना के निर्देशन में विभिन्न जिलों के 29 कारागारों ने भी प्रतिभाग किया। उपमहानिरीक्षक कारागार लखनऊ परिक्षेत्र डॉ. रामधनी ने दल का प्रतिनिधित्व किया। जिला कारागार गौतमबुद्ध नगर को चल वैजयंती पुरस्कार प्राप्त हुआ। खाद्य सामग्री के स्टॉल पर बंदियों द्वारा निर्मित आंवला उत्पाद, लड्डू, आचार, देसी घी सहित कई उत्पादों से 51 हजार रुपये की आय हुई।

### इन्हें मिला प्रथम पुरस्कार

- एरा विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित सारस पक्षी का जोड़ा
- कृषि तथा पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों में प. दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, मथुरा की गोवर्धन पर्वत झांकी
- राजकीय संस्थाओं में LDA की वंदे मातरम् और आनंद मठ की थीम पर सजावट
- यूपी आवास विकास परिषद को ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर आधारित सजावट
- उत्तर रेलवे को फूलों के नंदी व शिवलिंग के लिए
- अधीक्षक जनभवन को राजाघटी पौधे के लिए
- स्टाप डिजाइन में बाल विद्या मंदिर स्कूल चारबाग

### इन्हें दूसरा पुरस्कार

- कृषि विश्वविद्यालय, बांदा को सुदर्शन चक्र व शंख की प्रतिकृति के लिए
- नगर निगम, लखनऊ को रूफ टॉप गार्डनिंग के लिए
- राजकीय विभागों में समुद्र थीम पर राजकीय उद्यान लखनऊ को
- जय जवान के लिए मुख्य सुरक्षा अधिकारी जनभवन को
- स्टाम्प डिजाइन बाल विद्या मंदिर स्कूल, चारबाग की आयुषी सिंह को

## रूफटॉप गार्डनिंग अभियान को मिला दूसरा पुरस्कार



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राजधानी के हर घर में ऑर्गेनिक सब्जी पहुंचाने के लिए चलाए गए लखनऊ नगर निगम के रूफटॉप गार्डनिंग अभियान को जनभवन में दूसरा पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दिया। रूफटॉप गार्डनिंग को प्रोत्साहित करने के लिए NBT ने लखनऊ नगर निगम के सहयोग से आरोग्य वाटिका अभियान चलाया था। यह अभियान घर-घर पहुंचाने के लिए वॉर्ड स्तर पर चलाया गया था। उद्यान विशेषज्ञों ने इस अभियान में लोगों को बताया था कि घर की छत पर जैविक खाद का प्रयोग कर रोजमर्रा की सब्जियां कैसे उगा सकते हैं। तमाम लोगों ने घर की छतों पर सब्जियां के साथ फल भी उगाने का अभिनव प्रयोग किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी इस अभियान की सराहना की। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने बताया कि इस अभियान से न केवल लोगों को किचन गार्डनिंग की ट्रेनिंग दे रहे हैं, बल्कि रासायनिक इस्तेमाल से उगाई जाने वाली सब्जियों से भी लोगों को बचा रहे हैं।

NBT ने नगर निगम के सहयोग से चलाया था 'आरोग्य वाटिका' अभियान




'आरोग्य वाटिका' अभियान

## फटाफट खबरें

### शहर के अमन बने Mr. UP



■ एनबीटी न्यूज, लखनऊः हमीरपुर में आयोजित मिस्टर यूपी बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में शहर के अमन ने ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। पांचवें संस्करण की चैंपियनशिप का आयोजन आठ फरवरी को बाबा क्लासिक 2026 की ओर से हुआ।

### झांसा देकर ठगे 4.10 लाख रुपये

■ NBT न्यूज, लखनऊ : ठगों ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के बहाने लिंक भेजकर एक व्यक्ति से 4.10 लाख रुपये उड़ा लिए। पीड़ित की शिकायत पर अमीनाबाद पुलिस ने सोमवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। मॉडल हाउस निवासी अमृतांशु ने बताया कि उनके मोबाइल पर 28 दिसंबर को एक कॉल आई। कॉल करने वाली महिला ने अपना नाम राधिका बताते हुए क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की बात कही।

### शिविर में जांच कर बांटी दवाइयां

■ NBT न्यूज, चौकः समाज सेवी संस्था एमएसजी फाउंडेशन द्वारा सोमवार को अली कबीर आबिदी के जन्मदिन के अवसर पर काजमैन रोड स्थित एक अनाथालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मौलाना फैज अब्बास मशहदी, विशेष अतिथियों में डॉ. आसमा रिजवी, ख्वादीजा आबिदी मौजूद रहे।

## 'कलाकार की शक्ति उसकी कला है'

■ NBT न्यूज, लखनऊः राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 65वें स्थापना दिवस का समापन सोमवार को अकादमी परिसर स्थित लाल बारादरी, कैसरबाग में हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में चित्रकार वासुदेव कामथ रहे। चित्रकार कामथ द्वारा चित्रकला की सजीव प्रस्तुति ने कला प्रेमियों को आकर्षित किया। कामथ ने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एक कलाकार की शक्ति उसकी कला है और वही उसकी पूजा भी है।

राज्य ललित कला अकादमी का 65वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न

समारोह के दौरान कला प्रदर्शनी, चित्रकला की सजीव प्रदर्शनी तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त कलश अलंकरण प्रतियोगिता, पर्यटन एवं पर्यावरण विषयक प्रतियोगिता तथा 'सांस्कृतिक विरासत–यूपी' विषय पर चित्रकला एवं क्ले मूर्तिकला प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ।

## अग्निवीर: 625 अभ्यर्थियों ने दिया फिज़िकल टेस्ट



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली के चौथे दिन सोमवार को 625 अभ्यर्थियों ने दक्षता साबित करने के लिए फिजिकल टेस्ट दिया। टेक्निकल श्रेणी में भर्ती के लिए 880 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 874 अभ्यर्थी शामिल हुए।

एएमसी सेंटर में क्लर्क और स्टोरकीपर पद के लिए दिया टेस्ट

एएमसी सेंटर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में बाराबंकी, गोंडा, हमीरपुर, कानपुर नगर, महोबा और फतेहपुर जिलों की सभी तहसीलों के अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। रैली की शुरुआत महानिदेशक भर्ती लेफ्टिनेंट जनरल अनूप सिंघल ने हरी झंडी दिखाकर किया। अग्निवीर टेक्निकल श्रेणी के लिए कुल 880 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजे गए थे, जिनमें से 625 अभ्यर्थी मैदान में उपस्थित हुए। 10 फरवरी को अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी की भर्ती आयोजित की जाएगी। यह रैली एआरओ लखनऊ के अधीन कानपुर नगर जिले की कानपुर, घाटमपुर, नरवल और बिल्हौर तहसीलों के अभ्यर्थियों के लिए होगी।

मेयर की फटकार के बाद शुरू हुई शिफ्टिंग की कवायद

## खाली की आरआर कार्यशाला, लाइटिंग और रिपेयरिंग प्रभावित

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

गोमतीनगर स्थित आरआर कार्यशाला को चीफ इंजीनियर मनोज प्रभात ने सोमवार को अचानक खाली कर दिया। इस कारण आरआर से जुड़े लाइटिंग और वाहन रिपेयरिंग के कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो गए हैं। ऑइल भरवाने के लिए वाहनों की लंबी लाइन लग गई है, क्योंकि आरआर स्थित पेट्रोल पंप भी बंद कर दिया गया है। अब पेट्रोल पंप सर्वोदयनगर स्थित बंधे के पास नगर निगम की जमीन पर खोला जाएगा। इसके लिए पेट्रोलियम कंपनी की सहमति मिल गई है।

दरअसल, आरआर कार्यशाला की जमीन पर नगर निगम का नया मुख्यालय बन रहा है। निर्माण कार्य में देरी को लेकर कुछ दिन पहले मेयर सुषमा खर्कवाल मौके पर पहुंची थीं और पेट्रोल पंप शिफ्ट न होने पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने आरआर चीफ को साफ निर्देश दिया था कि एक सप्ताह के भीतर पेट्रोल पंप और कार्यालय को शिफ्ट किया जाए। इसके बाद आरआर चीफ ने आनन-फानन कार्यालय खाली करवाना शुरू कर दिया है। चीफ इंजीनियर का कहना है कि कार्यशाला के पीछे स्टोर में विभागीय कार्य किए जा रहे हैं। कार्यशाला खाली होने के बाद उसे ध्वस्त किया जाएगा, जहां नए कार्यालय का निर्माण होगा।

### जिले के 4062 नियोक्ताओं ने करवाया पंजीकरण

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के पहले चरण में लखनऊ जिले के 4062 नियोक्ताओं ने पंजीकरण करवाया है। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अश्वनी कुमार गुप्त ने बताया कि पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के मार्च में डीबीटी के पहले चरण में लखनऊ क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से यह योजना लागू की गई है। लखनऊ क्षेत्र के 6,728 पात्र नियोक्ताओं में से 4,062 नियोक्ताओं ने पंजीकरण पूरा कर लिया है। इनके माध्यम से 29,548 नए और 69,223 पुनः रोजगार में आए कर्मचारियों का पंजीकरण किया गया है। करीब 2600 नियोक्ता अभी भी पंजीकृत नहीं हुए हैं, करीब 800 सदस्यों के बैंक खाते डीबीटी सक्षम नहीं हैं। साथ ही 400 कर्मचारियों के यूएएन की फेस ऑथेंटिकेशन से पुष्टि लंबित है। कई नियोक्ताओं ने अगस्त 2024 से नियमित ईसीआर दाखिल नहीं किया है, जिससे उनकी पात्रता प्रभावित होने की आशंका है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFLP2 User: cci Time: 02-10-2026 00:17 Color:



# नाला चोक, गंदगी से गुज़र रहे लोग

## बुलाकीअड्डा भदेवा साविक में दो हफ्ते से दिक्कत बरकरार, गलियों में नाले का पानी भरा

■ NBT न्यूज, राजाजीपुरम


भवानीगंज वॉर्ड के बुलाकीअड्डा भदेवा साविक में चोक नाले ने लोगों का घरों से निकलना मुश्किल कर दिया है। दो हफ्ते से इलाके की गलियों में नाले का पानी भरा है और लोगों को इसी से होकर आना-जाना पड़ रहा है। नगर निगम के अधिकारियों से लेकर मेयर तक से गुहार लगाने के बाद भी समस्या का समाधान न होने पर सोमवार सुबह लोगों ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसकी जानकारी होने पर जोन 6 के जोनल अधिकारी अमरजीत यादव और जोनल सेनेटरी ऑफिसर राजेश कुमार मौके पर पहुंचे और समस्या के जल्द समाधान की बात कही।

स्थानीय निवासी राजू गुप्ता, नितीश सोनकर, सुजीत सिंह, शोभित सोनकर, गिरिजा शंकर, आरके सिंह, देवदास, मोहम्मद आमिर, संतोष कुमार ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण और गंदगी के कारण नाला चोक है। ऐसे में लोगों को गंदे पानी से होकर निकलना पड़ रहा है। नाले की सफाई न होने से समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जलभराव दूर करने के लिए इलाके में पंप लगाया गया है, लेकिन वह केवल दो घंटे ही चलता है। गंदगी से निकलने के कारण लोगों को स्किन इन्फेक्शन भी हो रहा है। अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो इलाके में संक्रमण फैल सकता है। मामले में जोन 6 के अधिकारियों व महापौर को शिकायत पत्र भी दिया है। पूर्व पार्षद संतोष राय के मुताबिक नाले पर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है, जिसकी वजह से नाले की ढंग से सफाई नहीं हो पाती है। नगर निगम टीम के निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता अंजनी श्रीवास्तव भी मौके पर मौजूद रहे।



लोगों के प्रदर्शन के बाद जोनल अधिकारी अमरजीत यादव, जोनल सेनेटरी ऑफिसर राजेश कुमार मौके पर पहुंचे।

## मौलवीगंज में कूड़ा जमा होने से नाले का पानी सड़क पर



■ NBT न्यूज, लखनऊ

मौलवीगंज में नाला चोक हो रहा है। कूड़ा और गंदगी सड़ने से इलाके में फैल रही बदबू से बीमारियों का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोग समस्या की वजह सफाई में बरती जा रही लापरवाही बता रहे हैं। आरोप है कि साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था न होने से आए दिन जल भराव की समस्या भी बन रही है. लोग परेशान हो रहे हैं।

> स्थानीय लोगों का आरोप, साफ-सफाई में लापरवाही से समस्या

**नियमित की जाए नाले की सफाई:** स्थानीय नागरिक अनिल कुमार निगम ने बताया कि इलाके में नाला सफाई के नाम पर खानापूर्ति होती है। बीते रविवार को कूड़ा न हटाए जाने से सड़क से लेकर आसपास के घरों तक नाले के गंदे पानी का भराव हो गया। वहीं, सैफ का कहना है कि नाले की जाली बंद होने से जलभराव हो जाता है। तुलसा देवी ने बताया कि इलाके में कभी-कभार ही सफाई वाले आते हैं। बारिश के दिनों में लोगों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ रही है। इमरान का कहना है कि हमारी मांग है कि इलाके में नाले की नियमित सफाई की जाए। नाले में कचरा जमा होने पर तुरंत सफाई करवाई जाए।

> **मौलवीगंज में नाले की सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए संबंधित जिम्मेदारों को निर्देश दिए गए हैं, जिससे जलभराव की समस्या न हो।**
>
> *- ओपी सिंह, जोनल अधिकारी नगर निगम जोन- प्रथम*


# बचे सिर्फ 50 दिन, 277 करोड़ रुपये वसूल पाएगा नगर निगम?

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नगर निगम में हाउस टैक्स कलेक्शन को लेकर चिंता बढ़ गई है, क्योंकि मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 का हाउस टैक्स वसूली का 700 करोड़ रुपये का लक्ष्य हासिल करना टेढ़ी खीर साबित होता जा रहा है। वित्त वर्ष खत्म होने में महज 50 दिन रह गए हैं और नगर निगम के अफसर अभी पिछले वित्त वर्ष के लक्ष्य तक भी नहीं पहुंच सके हैं। नगर निगम अफसर अब तक महज 423 करोड़ रुपये हाउस टैक्स वसूल पाए हैं, जो पिछले साल की वसूली की तुलना में 77 करोड़ रुपये कम है। अब नगर निगम के सामने महज 50 दिनों में 277 करोड़ रुपये की वसूली की चुनौती है।

हाउस टैक्स कलेक्शन को लेकर नगर आयुक्त गौरव कुमार लगातार देर रात तक एसबीएम कार्यालय में टैक्स इंस्पेक्टरों को तलब कर रहे हैं। संतोषजनक जवाब न मिलने पर टैक्स इंस्पेक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया भी की जा रही है। हालांकि, हाउस टैक्स से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी कवायद के बाद भी 700 करोड़ रुपये का लक्ष्य पाना मुश्किल होगा। इसकी वजह वित्त वर्ष खत्म होने से कुछ महीने पहले जोनल अफसरों, टैक्स सुपरिंटेंडेंट और टैक्स इंस्पेक्टरों का बड़े पैमाने पर फेरबदल बताई जा रही है। नगर आयुक्त ने फेरबदल हाउस टैक्स कलेक्शन में तेजी लाने के मकसद से किया था, लेकिन यह प्रयोग बिल्कुल उल्टा पड़ गया। सिर्फ तीन जोन में ही अफसर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि बाकी पांच जोन लक्ष्य से काफी पीछे हैं।

**इन जोन का प्रदर्शन खराब:** नगर आयुक्त ने पिछले साल के मुकाबले इस वित्त वर्ष में 25% अतिरिक्त हाउस टैक्स वसूलने का लक्ष्य दिया है। लेकिन, तीन जोन ही इस लक्ष्य को छू पाए हैं। बाकी जोन दिए गए लक्ष्य से काफी पीछे हैं। इनमें जोन-1, 3, 4, 7 और 8 शामिल हैं।

AI Image



> **हाउस टैक्स कलेक्शन में सुधार के लिए लगातार समीक्षा की जा रही है। कई बड़े सरकारी दफ्तर और प्रतिष्ठान हैं, जिन पर हाउस टैक्स का बड़ा बकाया है। इनसे कलेक्शन आने पर मौजूदा वित्त वर्ष का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। इसे लेकर कार्यवाही जारी है।**
>
> *-विनय राय, चीफ टैक्स असेसमेंट ऑफिसर, नगर निगम*

### कितना टैक्स कलेक्शन

| जोन | कलेक्शन |
|---|---|
| 01 | 47 करोड़ |
| 02 | 21 करोड़ |
| 03 | 56 करोड़ |
| 04 | 87 करोड़ |
| 05 | 30 करोड़ |
| 06 | 34 करोड़ |
| 07 | 46 करोड़ |
| 08 | 102 करोड़ |

कुल 423

आंकड़े 6 फरवरी 2026 तक

## घटिया सड़क बनी तो नपेंगे JE-AE

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को मेयर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में अभियंत्रण विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मेयर ने कहा कि अगर निरीक्षण में घटिया सड़क निर्माण पाया गया तो संबंधित फर्म पर कार्रवाई होगी। साथ ही, संबंधित जोन के जेई और एई पर भी ऐक्शन लिया जाएगा। बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, चीफ इंजिनियर (सिविल) महेश वर्मा सहित सभी अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता और अवर अभियंता उपस्थित रहे।

## आधार का विकल्प नहीं, DL के आवेदन अटके

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: नए आधार कार्ड में पिता और पति का नाम न होने से शहर के आठ हजार से ज्यादा आवेदक लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस (DL) नहीं बनवा पा रहे हैं। केंद्र सरकार के स्तर पर इस समस्या के निस्तारण के लिए कमिटी बनाई गई है। हालांकि, अभी कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया है। प्रदेश भर में बड़ी संख्या में आवेदक परेशान हैं।

परेशान आवेदक आरटीओ और परिवहन आयुक्त कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। परिवहन विभाग की ओर से लर्निंग DL बनवाने की प्रक्रिया ऑनलाइन की जा चुकी है। इसके लिए आवेदक को आरटीओ या एआरटीओ जाने की जरूरत नहीं पड़ती। NIC के वरिष्ठ निदेशक पीयूष श्रीवास्तव ने बताया कि नए आधार कार्ड में पिता व पति का नाम न होने से आ रही समस्या आ रही है। परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने बताया कि आधार के विकल्पों को लेकर बातचीत चल रही है। यह एक बड़ा बदलाव है। केंद्र सरकार के साथ कमिटी बात कर रही है। जल्द सकारात्मक परिणाम आएगा।

## जनगणना की तैयारियां शुरू, बनाया गया प्रकोष्ठ

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: राजधानी में जनगणना की कवायद तेज हो गई है। जिले में जनगणना के लिए जिला प्रशासन स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कलेक्ट्रेट में जिला जनगणना अधिकारी और प्रकोष्ठ प्रभारी नामित किए जाने के साथ ही जनगणना निदेशालय के पत्रों का संज्ञान लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

प्रदेश के सभी मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को सामान्य प्रशासन अनुभाग की ओर से 9 जनवरी को पत्र भेजकर जनगणना की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने मंडल के सभी छह जिलों की मॉनीटरिंग के लिए प्रकोष्ठ बनाया है। वहीं, डीएम विशाख जी ने जनगणना को लेकर किए जाने वाले कार्यों के लिए एडीएम एफआर आरके सिंह को जिला जनगणना अधिकारी बनाया है।

## स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा करेंगे सशस्त्र बल के जवान

■ NBT, न्यूज लखनऊ: यूपी बोर्ड परीक्षा में स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा में सशस्त्र बल के जवान तैनात किए जाएंगे। प्रश्न पत्र कक्षों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परिचय पत्र धारण करने वाले अधिकारी और कर्मचारी ही स्ट्रॉन्ग रूम में प्रवेश पाएंगे। इसके लिए निदेशक माध्यमिक शिक्षा की ओर स्पष्ट अडवाइजरी जारी की गई है। अडवाइजरी में कहा गया है कि स्ट्रॉन्ग रूम में कोई भी अधिकारी और कर्मचारी मोबाइल लेकर प्रवेश नहीं करेगा। कक्ष में मोबाइल ले जाने पर पूर्णतया प्रतिबंध होगा। डीआईओएस ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का किया निरीक्षण जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (छोटी जुबिली) में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का निरीक्षण किया।


## वृंदावन मैदान में जुटेंगे किसान, आज होगी महापंचायत

■ NBT न्यूज, पीजीआई : भारतीय किसान यूनियन भानु गुट की 10 दिन की किसान क्रांति पदयात्रा सोमवार को पीजीआई स्थित वृंदावन मैदान पहुंची। यह पदयात्रा बीती एक फरवरी को गोसाईंगंज ब्लॉक से शुरू हुई थी, जिसे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। सोमवार को नौवें दिन पदयात्रा सदर तहसील से चलकर अर्जुनगंज, शहीदपथ और हलवटिया होते हुए वृंदावन मैदान पहुंची। वृंदावन गेट के पास किसानों का बुलडोजर से फूल बरसाकर जोरदार स्वागत किया गया। प्रदेश प्रभारी ऋषी मिश्रा ने बताया कि पदयात्रा का समापन मंगलवार को सुबह 11 बजे वृंदावन मैदान में होगा। इस मौके पर एक बड़ी किसान महापंचायत आयोजित की जाएगी।

महाशिवरात्रि | पिछले साल जो प्रॉडक्ट 100 रुपये में था, इस साल 300 रुपये में

# चांदी का बेलपत्र, नाग-नागिन का जोड़ा तीन गुना महंगा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: महाशिवरात्रि पर भगवान शिव को चढ़ाने के लिए चांदी के बेलपत्र, नाग-नागिन का जोड़ा, धतूरा सहित अन्य चीजें पिछले साल की तुलना में तीन गुने दाम पर मिल रही हैं। चांदी की कीमत बढ़ने के कारण इनके दाम चढ़े हुए हैं। पिछले साल इन दिनों में चांदी अस्सी से एक लाख रुपये प्रति किलो थी। इस समय चांदी ढाई लाख रुपये प्रति किलो में है।



ऑल इंडिया जूलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन फैट विंग के प्रदेश संयोजक विनोद माहेश्वरी के अनुसार चांदी के बने सामान पिछले साल से लगभग तीन गुना ज्यादा कीमत में बिक रहे हैं। उन्होंने बताया पिछले साल चांदी के बेलपत्र, नाग-नागिन का जोड़ा, डमरू और मोती का जो सेट 500 रुपये में मिल रहा था, इस साल 1500 रुपये में है। ये सबसे हल्के आइटम का कम रेट है। इससे अगर भारी वजन में लेंगे तो और ज्यादा दाम पड़ेगा। इन चीजों के अलग-अलग पीस 300 रुपये का पड़ेगा। चांदी के शिवलिंग 3000 रुपये से लेकर 20,000 रुपये तक में हैं। निशातगंज के जूलर्स रमेश अग्रवाल ने भी बताया कि इस साल चांदी के हर सामान में तीन गुने का इजाफा है। चांदी के बेलपत्र, डमरू, नाग-नागिन, धतूरा व अन्य सामान इस साल 300 रुपये में सबसे हल्का पीस मिल रहा है।

### एक कलश जल से भी प्रसन्न हो जाते हैं भोलेनाथ

उप्र संस्कृत संस्थान के पूर्व कर्मकांड प्रशिक्षक रहे पं. अनिल पांडेय ने बताया कि भगवान शिव की पूजा में प्राकृतिक चीजों को चढ़ाना चाहिए। बेलपत्र, शमी पत्र, पुष्प, सफेद चंदन, काले तिल, कमल पुष्प चढ़ाने व उनके आगे दीपक जलाने से भी शिव जी की कृपा मिलती है। इसके अलावा पंचामृत चढ़ा सकते हैं। यह सब नहीं है तो शुद्ध मन से एक कलश जल भी शिवलिंग पर अर्पण करने से पूजा का फल मिल जाता है।

### मान्यता

- शिवलिंग पर चांदी का बेलपत्र चढ़ाने से घर परिवार में सुख-समृद्धि आती है
- भगवान शिव आशीर्वाद मिलता है और मनोकामनाएं पूरी होती हैं।
- चांदी को पवित्र धातु माना जाता है। चंद्रमा का प्रतीक माना गया है। चांदी शिवजी को शीतलता प्रदान करती है।
- शिवलिंग पर चांदी के नाग-नागिन का जोड़ा चढ़ाने से कालसर्प दोष, राहु-केतु के ग्रह दोषों से मुक्ति मिलती है।

*(जैसा कि हनुमान सेतु वेद विद्यालय के वेदाचार्य गोविंद कुमार शर्मा ने बताया)*

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: cci Time: 02-10-2026 00:26 Color:





लखनऊ विवि में पांच डीन के साथ अब निदेशक व सहायक डीन के पदों पर भी वीसी की ओर से रोक लगा दी गई है। -p4




गर्ल्स कॉलेजों के बाहर छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस के दावे कागजी नजर आ रहे हैं। देखें NBT की पड़ताल। -p6

**141** रहा लखनऊ का AQI सोमवार को, जो मॉडरेट रहा।

**1912** पर बिजली से जुड़ी समस्या के समाधान के लिए कर सकते हैं शिकायत





# सड़ांध वाली 'साइड डिश', गंदगी के बीच भटूरे

## कपूरथला में नगर निगम के पुराने दफ्तर पर बीमारियों का अड्डा

sandeep.rastogi
@timesofindia.com

NBT ग्राउंड रिपोर्ट

लखनऊ: यह सिर्फ एक दुकान की नहीं, बल्कि राजधानी की स्वच्छता व्यवस्था और जिम्मेदार विभागों की संवेदनहीनता की जीती-जागती तस्वीर है। अलीगंज के पॉश इलाके कपूरथला चौराहे के पास, जिस इमारत में कभी नगर निगम जोन-3 का कार्यालय चलता था, आज वह गंदगी का परमानेंट एड्रेस बन चुकी है। यहां वर्षों से चल रही छोले-भटूरे की दुकान अब जायका नहीं, बल्कि बीमारियों का अड्डा है।




### बजबजाती नालियां

बदबू मारती बजबजाती नालियों और कूड़े के ढेर के ठीक बगल में खाने के बर्तन रखे जाते हैं। कूड़े की सड़ांध के बीच लोग बेखबर होकर छोले-भटूरे और दही-बड़े खा रहे हैं, जबकि उनकी सेहत दांव पर लगी है।

### किचन में जानवरों की आवाजाही

ग्राउंड रिपोर्ट के दौरान जो हालात दिखे, वे डराने वाले हैं। अलीगंज में कपूरथला चौराहे के पास नगर निगम के पुराने दफ्तर के नीचे वर्षों से चल रही छोले-भटूरे की यह दुकान अब खान-पान नहीं, बल्कि गंदगी का स्थायी अड्डा बन चुकी है। जिस किचन में सैकड़ों लोगों के लिए खाना तैयार होता है, वहां सुरक्षा के नाम पर एक जाली तक नहीं है। नतीजा यह है कि किचन में लावारिस जानवरों की बेरोकटोक आवाजाही है।



## शहर में आज

- दस्तक यूथ फेस्टिवल, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, गोमती नगर, सुबह 10 बजे।
- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में विविध शैक्षिक प्रतियोगिताएं, विश्वविद्यालय परिसर, गोमतीनगर, सुबह 11 बजे।
- एमएलएम इन्टर कॉलेज में सफलता के मंत्र की कार्यशाला, विद्यालय परिसर, सेक्टर ए, सीतापुर रोड योजना, जानकीपुरम, दोपहर 12 बजे।
- उत्तर प्रदेश ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ गर्ल्स एजुकेशन एलायंस नेटवर्क की लॉन्चिंग पर पैनल डिस्कशन, होटल दयाल पैराडाइस, विपुल खंड-5, गोमती नगर, दोपहर 12 बजे।
- एमिकस अकादमी का वार्षिकोत्सव, उप्र संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर, दोपहर 1:15 बजे।

## सद्गुरु एक मार्च को आएंगे, होगा महासत्संग

■ NBT न्यूज, लखनऊ : योगी, आध्यात्मिक गुरु और ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु 1 मार्च को राजधानी आएंगे। उनके सानिध्य में पहली बार अंशिपात्र स्थित कांशीराम स्मृति उपवन में महासत्संग का आयोजन किया जाएगा।



सत्संग में दस हजार से अधिक साधकों के भाग लेने की उम्मीद है। फाउंडेशन की शहर की शाखा की स्वयंसेविका गरिमा तिवारी ने बताया कि यह सत्संग विशेष रूप से उन लोगों के लिए है, जिन्होंने इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम पूरा कर लिया है और शांभवी महामुद्रा क्रिया में दीक्षा ली है। सद्गुरु के यहां आने से पहले फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने शहर में निःशुल्क योग एवं ध्यान सत्र आयोजित किए हैं। इनर इंजीनियरिंग या सत्संग के बारे में अधिक जानकारी के लिए 8300013111 पर संपर्क कर सकते हैं या sadhguru.co/lucknow पर विजिट करें।

## अब 13 तक होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

■ NBT न्यूज, लखनऊ : माध्यमिक शिक्षा परिषद ने यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि 13 फरवरी तक बढ़ा दी है। सचिव भगवती सिंह ने पत्र जारी करते हुए कहा है कि पहले चरण में 24 जनवरी से 1 फरवरी तक और दूसरे चरण में 2 से 9 फरवरी तक इंटरमीडिएट परीक्षाएं आयोजित किए जाने का कार्यक्रम घोषित किया गया था।

**हैदरगंज हादसे के बाद जागी खाकी: पुलों से हटवाया जाल, पतंगबाजों पर 'GPS' वाली नज़र**

# कातिल मांझे के खिलाफ पुलिस की 'ड्रोन स्ट्राइक'

■ NBT न्यूज, राजाजीपुरम/निगोहां

हैदरगंज पुल पर मांझे से शोएब की जान जाने और कई लोगों के घायल होने के बाद पुलिस ने जानलेवा डोर के खिलाफ जंग छेड़ दी है। सोमवार को पुलिस ने इसी पुल से दो पतंगबाजों को दबोच लिया, जो प्रतिबंधित मांझे के साथ बाइक पर जा रहे थे। इनके पास से तीन चरखी और 11 पतंगें बरामद हुई हैं।



ई-कॉमर्स साइट्स पर बिक रहा जानलेवा मांझा

नियम होते रहे 'तार-तार', पुलिस छानती रही बाजार

NBT फॉलोअप



### ड्रोन से 'लोकेशन' ट्रेस

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि पुराने लखनऊ और बंधा किनारे ड्रोन के जरिए निगरानी की गई है। ड्रोन की मदद से उन पतंगबाजों के घरों की GPS लोकेशन ट्रेस कर ली गई है, जो छतों से जानलेवा मांझा उड़ा रहे हैं। अब पुलिस इन चिह्नित घरों में अचानक तलाशी लेगी और प्रतिबंधित मांझा मिलने पर सीधे जेल भेजेगी।

### पुलों की सफाई

हैदरगंज और मिल एरिया पुल पर तारों में फंसी पुरानी डोर और पतंगों को पुलिस ने अभियान चलाकर हटवाया।

### पैसे लगाकर लड़ाते थे पेच

बाजारखाला इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवकों की पहचान गोमतीनगर के मलेशेमऊ निवासी शरफ अली और अयान खां के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि ये दोनों पैसे लगाकर पूरे लखनऊ और आसपास के इलाकों में पतंगबाजी करते थे। पुलिस को इनके मोबाइल में पतंगबाजी से जुड़े कई वीडियो भी मिले हैं। पुलिस ने इनकी बाइक और फोन भी जब्त कर लिए हैं।

### इन धाराओं में गिरफ्तारी

पकड़े गए युवकों पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 270 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की जान जोखिम में डालने वाली पतंगबाजी अब 'सार्वजनिक उपद्रव' की श्रेणी में आएगी।

### क्या है BNS की धारा 270?

यह धारा पूर्ववर्ती IPC की धारा 268 की जगह लाई गई है। इसके तहत अगर कोई व्यक्ति ऐसा कार्य करता है जिससे आम जनता को खतरा, असुविधा या क्षति पहुंचती है, तो वह अपराधी माना जाएगा।

### निगोहां में पैदल गश्त

ACP मोहनलालगंज विकास पांडेय ने टीम के साथ बाजारों में गश्त की और दुकानदारों को चेतावनी दी कि चाइनीज मांझा बेचा तो खैर नहीं।

### चेतावनी

जानलेवा मांझे का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ अब 'सर्च और सीज' अभियान चलेगा।



### पिछले दिनों के हादसे

- **शोएब (एमआर)** हैदरगंज फ्लाईओवर पर गर्दन की नस कटने से तड़प-तड़प कर मौत हो गई थी।
- **नजम खान (कक्षा 10 का छात्र)** कोनेश्वर-चौक मार्ग पर गर्दन पर दो गहरे कट लगे, समय रहते ब्रेक मारने और मांझा हाथ से पकड़ने के कारण जान बची।
- **विमलेश तिवारी (यहियागंज व्यापार मंडल)** कुड़ियाघाट के पास मांझे से नाक और आंख के पास गहरा घाव, नाक पर लगे चार टांके।
- **आकिब (12वीं का छात्र)** हैवेट रोड पर मांझे की चपेट में आने से माथे से भौंह तक 8 इंच लंबा गहरा कट लगा, अस्पताल में भर्ती।
- **गुड्डू (डिलिवरी बॉय)** बंधा रोड पर ऑर्डर देने जाते समय मांझे ने नाक रेत दी, राहगीरों ने लहूलुहान हालत में क्लिनिक पहुंचाया।
- **मुकेश वर्मा (व्यवसायी)** नाका फ्लाईओवर पर पत्नी के साथ जाते समय आंख के पास मांझा लगने से घायल, कार सवार ने पहुंचाया अस्पताल।
- **बृजेश राय (रिटायर्ड फौजी)** शहीद पथ पर स्कूटी चलाते समय मांझे की चपेट में आए, गाल और होंठ कटने पर कमांड अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।
- **सुधीर (बिजली कर्मचारी)** गोमतीनगर विस्तार में बिजलीघर जाते समय गर्दन में फंसा मांझा, रफ्तार कम होने से बची जान।

# धरा रह गया प्लान, घंटों लगा रहा जाम



**विधानसभा सत्र के मद्देनजर लागू डायवर्जन बेअसर, ऐंबुलेंस भी जाम में फंसी**

■ NBT न्यूज, लखनऊ

विधानसभा सत्र के लिहाज से लागू किया गया ट्रैफिक डायवर्जन सोमवार को पहले ही दिन बेअसर साबित हुआ। हजरतगंज, सिविल अस्पताल, चारबाग और आसपास के इलाकों में वाहन घंटों फंसे रहे। सत्र को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने विधान भवन और लोक भवन के आसपास ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया है, लेकिन इसका असर उल्टा पड़ गया। हजरतगंज की ओर जाने वाले प्रमुख रास्तों को बंद किए जाने से वैकल्पिक मार्गों पर अचानक ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया, जिससे व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई।

### यहां रही सबसे ज्यादा दिक्कत

- हजरतगंज चौराहे से सिविल अस्पताल की ओर जाने वाली सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।
- सिविल अस्पताल से सीएम आवास की तरफ जाने वाला मार्ग सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। यहां जाम में ऐंबुलेंस फंसी रही।
- हुसैनगंज, चारबाग, लालबाग, कैसरबाग जैसे इलाकों में भी ट्रैफिक रेंगता नजर आया।
- स्वास्थ्य भवन और परिवर्तन चौक की ओर जाने वाले रास्तों पर भी ट्रैफिक जाम ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी।
- दिन में स्कूलों की छुट्टी के समय हालात और बिगड़ गए, छात्र और अभिभावक भी जाम में फंसे नजर आए।

### इधर, थाने के पास जाम, पुलिस नदारद



■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर : कानपुर-लखनऊ रोड पर सोमवार को स्कूटर इंडिया चौराहे से सरोजनीनगर थाने तक भीषण जाम लगा रहा। सरोजनीनगर के सैनिक स्कूल के पास कानपुर एक्सप्रेस-वे के एलिवेटेड रूट के निर्माण के कारण हो रही खोदाई से मार्ग संकरा हो गया है, जिससे पीक ऑवर्स में लगातार जाम की समस्या सामने आ रही है। जाम के कारण स्कूली बच्चों और कर्मचारियों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है, लेकिन सोमवार को पुलिस और ट्रैफिक पुलिस मौके पर मौजूद नहीं नजर आई। इसी मार्ग पर जवाहरपुर कॉलोनी के पास पीएनसी कंपनी द्वारा एलिवेटेड रोड के नीचे जेसीबी लगाकर काम किया जा रहा है। सड़क संकरी होने से वहां भी जाम की स्थिति बनी हुई है।

सरोजनीनगर में कानपुर एक्सप्रेस-वे के एलिवेटेड रूट के निर्माण के कारण सिकुड़ गया रास्ता

**KGMU परिसर में अवैध मजारों पर चस्पा किए गए 'फाइनल नोटिस', कहा-**

# 15 दिन में हटाएं कब्ज़ा वरना चलेगा बुलडोज़र

■ NBT न्यूज, लखनऊ: केजीएमयू परिसर में बनी छह मजारों को अवैध निर्माण मानते हुए यूनिवर्सिटी प्रशासन ऐक्शन मोड में आ गया है। प्रशासन ने सोमवार को दोबारा 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए इन्हें खुद से हटाने का अल्टीमेटम दे दिया है। इसमें कहा गया है कि ये मजार केजीएमयू की जमीन पर बिना अनुमति के बनाई गई हैं। विवि प्रशासन के मुताबिक ये मजारें आर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी भवन, क्वीन मेरी के मुख्य गेट, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, ट्रॉमा सेंटर परिसर, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग और टीजी हॉस्टल परिसर के पास हैं। अंतिम नोटिस के बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो प्रशासन वैधानिक और प्रशासनिक स्तर पर कड़ी कार्रवाई करेगा। यह नोटिस केजीएमयू कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद के निर्देश पर भूमि अधिग्रहण के नोडल अधिकारी प्रो. केके सिंह की अगुआई में जारी किया गया है। इसके तहत मजारों पर नोटिस भी चस्पा कर दिए गए हैं।



केजीएमयू प्रशासन का कहना है कि 23 जनवरी को 15 दिन की मियाद देते हुए परिसर में बनी मजारों को नोटिस दिया गया था। तारीख पूरी होने के बावजूद अब तक मजार हटाई नहीं गई है। ऐसे में सोमवार को दोबारा 15 दिन की मियाद के साथ परिसर के अंदर बनी मजार को खुद हटा लें। तय समय में मजार नहीं हटाई गई तो प्रशासन बलपूर्वक कार्रवाई करेगा।

केजीएमयू नोडल अधिकारी प्रो. केके सिंह ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर डेढ़ साल पहले ही अवैध कब्जों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। अब बचे हुए सभी अवैध निर्माण भी हटाए जाएंगे। केजीएमयू शैक्षणिक और चिकित्सकीय संस्थान है। यहां नियमों के खिलाफ किसी भी तरह का निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ध्वस्तीकरण, पुलिस बल की तैनाती और अन्य सभी खर्चों की वसूली भी अतिक्रमणकर्ताओं से वसूली की जाएगी।

## उर्मिला उपवन के लिए बनेगी स्लिप रोड

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : एलडीए द्वारा विकसित किए जा रहे उर्मिला उपवन जाने के लिए स्लिप रोड का निर्माण किया जाएगा। यह रोड पेपर मिल रोड की ओर से बनाई जाएगी। इसके लिए डीपीआर तैयार हो गया है। जल्द एलडीए वीसी की मंजूरी के बाद स्लिप रोड का निर्माण शुरू हो जाएगा।



AI Image

दरअसल, भीखमपुर के पास कुकरैल नाले के पास एलडीए उर्मिला उपवन विकसित कर रहा है। यहां पहुंचने के लिए एक संकरी बंधा रोड है। ऐसे में भविष्य में उपवन आने वालों को दिक्कत न हो, इसके लिए स्लिप रोड बनाने पर सहमति बनी है। करीब तीन करोड़ की लागत से इस रोड का निर्माण होगा। इस साल मई तक स्लिप रोड बनकर तैयार हो जाएगी।

## अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,065.75 (+485.35) |
| निफ्टी | 25,867.30 (+173.60) |
| रुपया/US डॉलर | 90.40 (−0.01) |
| रु/यूरो | 107.04 (+0.35) |

## सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
लखनऊ ₹1,58, 860
चांदी .999 टंच प्रति किलो
लखनऊ ₹3,00,000

## मौसम

अधिकतम तापमान 26.4°
न्यूनतम तापमान 10°




सूर्यास्त 5:55 मंगलवार | सूर्योदय 6:46 बुधवार

# कोहरा छंट गया पर ट्रेनों की लेटलतीफी जारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : पिछले करीब एक सप्ताह से मौसम साफ होने के बावजूद ट्रेनों की टाइमिंग पूरी तरह पटरी पर नहीं आ पाई है। ट्रेनों के लगातार लेट होने से यात्री परेशान हो रहे हैं, जबकि सहालग शुरू होने से यात्रियों की संख्या भी बढ़ी है। सोमवार को भी कई प्रमुख ट्रेनें देरी का शिकार हुईं।

15562 अमृत भारत एक्सप्रेस डिब्रूगढ़ से रविवार को देर से गोमतीनगर पहुंची। इसकी वजह से वापसी में यह ट्रेन अपने तय समय सुबह 06:15 की जगह तीन घंटे की देरी से रवाना हो सकी। 12419 गोमती एक्सप्रेस 2 घंटे, 12566 बिहार संपर्क क्रांति 4 घंटे, 02569 नई दिल्ली स्पेशल 6 घंटे, 02563 बरौनी स्पेशल 4 घंटे, 14047 सीतामढ़ी अमृत भारत 2 घंटे, 12203 गरीब रथ एक्सप्रेस 1:25 घंटे, 13258 जनसाधारण एक्सप्रेस 2 घंटे, 12558 सप्तक्रांति एक्सप्रेस 3 घंटे, 04218 वाराणसी इंटरसिटी 3 घंटे देर से पहुंची।



AI Image

### अव्यवस्थाएं भी परेशान कर रहीं

लेट होने के साथ ट्रेनों में अव्यवस्थाओं की भी भरमार है। 15081 गोरखपुर-गोमतीनगर इंटरसिटी के कोच C2 सीट नंबर 70 पर हैंडल टूट गया है। उसका रॉड बाकी है। इससे बैठने के दौरान चोट लगने का खतरा है। शिकायत के बावजूद इसे ठीक नहीं किया गया है। 22538 कुशीनगर के कोच बी-7 के टॉयलट में पानी नहीं भरा गया। इस वजह से पूरे सफर के दौरान यात्री परेशान रहे।

**परेशानी** | भटक रहे बिजली उपभोक्ता, इंजिनियर अलग-अलग कारण बताकर टरका रहे

# अंतिम तारीख बीत गई, लेकिन नहीं सुधरा बिल

■ वीर सिंह यादव, लखनऊ

लेसा इंजिनियरों की गलतियों का खामियाजा शहर के बिजली उपभोक्ता भुगत रहे हैं। लेसा के विभिन्न प्लैटफॉर्म पर ऑनलाइन और ऑफलाइन शिकायत दर्ज करवाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हाल यह है कि भुगतान की अंतिम तारीख बीत जाती है, लेकिन बिल में सुधार नहीं होता। परेशान उपभोक्ता इंजिनियरों के दफ्तर, बिलिंग काउंटर और उपकेंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं।

वर्टिकल सिस्टम लागू हुए लेसा में ढाई महीने से अधिक वक्त हो चुका है। अधिकारी उपभोक्ता सेवाओं की बेहतरी के दावे कर हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन शिकायतों के निस्तारण के लिए संचालित हेल्प डेस्क व टोल फ्री नंबर-1912 सहित अन्य ऑनलाइन प्लैटफॉर्म को पर्याप्त बताकर समय पर शिकायत निस्तारण की बात कह रहे हैं। हालांकि, उपभोक्ताओं की मानें तो जमीनी हकीकत इसके एकदम उलट है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि होल्ड बिल समेत बिलिंग से संबंधित किसी भी शिकायत का निस्तारण कई-कई हफ्तों तक नहीं हो पा रहा है। वहीं, लेसा इंजिनियरों का कहना है कि होल्ड बिल की समस्या के समाधान के लिए बिल को मध्यांचल मुख्यालय भेजना पड़ता है। मीटर बदलने वाले मामलों में फीडिंग में देरी के लिए तमाम कारण गिनाए जा रहे हैं।

### उपभोक्ताओं की आपबीती

#### रजिस्ट्रेशन के लिए भटक रहे

खदरा पुर्वी निवासी गयादीन 2 किलोवॉट के घरेलू उपभोक्ता (कनेक्शन नंबर-3412010000) हैं। उन पर 73 हजार रुपये का बिल बकाया है। 27 जनवरी को ब्याज माफी के लिए ओटीएस में रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए पुरनिया चौराहा स्थित ऑफिस में संपर्क किया। अधिकारियों ने बिल होल्ड बताते हुए डिस्कॉम मुख्यालय भेजने की बात कही। इसके बाद कई बार कार्यालय के चक्कर लगाए, लेकिन समस्या दूर नहीं हुई।



#### जमा रकम फिर बिल में जोड़ दी

मड़ियांव निवासी फरूखजहां 2 किलोवॉट के उपभोक्ता (कनेक्शन संख्या- 0364110000) हैं। उनकी शिकायत है कि अक्टूबर, 2025 के बिल में जिस रकम का भुगतान किया था, दो महीने बाद वह रकम फिर जोड़कर 26 हजार रुपये का बिल भेज दिया। 10 जनवरी तक बिल का भुगतान न करने पर डिस्कनेक्शन का मैसेज भी आया, लेकिन अभी तक बिल की समस्या दूर नहीं हुई है।

#### हर स्तर पर शिकायत, सुनवाई नहीं

राजाजीपुरम निवासी भैरवदत्त 3 किलोवॉट के घरेलू उपभोक्ता (कनेक्शन संख्या- 0356911111) हैं। बीते साल सोलर पैनल लगवाने पर 7 दिसंबर को सामान्य मीटर उतारकर स्मार्ट मीटर पर नेट मीटरिंग की गई। जिस रकम का उन्होंने भुगतान कर दिया था, वह रकम जनवरी में भेजे गए बिल में जोड़ दी गई। नया मीटर अभी तक फीड नहीं हुआ है। हुसैनगंज स्थित हेल्प डेस्क से लेकर हर स्तर पर शिकायत दर्ज करवा चुके हैं, लेकिन 2 फरवरी तक बिल की समस्या का समाधान नहीं हुआ।

> होल्ड बिल समेत बिलिंग की किसी भी तरह की समस्या का 2 से 4 दिन के अंदर समाधान हर हाल में संभव है। संबंधित उपभोक्ताओं के बिल चेक कर उनकी समस्या का तत्काल समाधान करवाया जाएगा।
> – योगेश कुमार, निदेशक वाणिज्य, मध्यांचल डिस्कॉम मुख्यालय

> यह बहुत गंभीर मामला है। वर्टिकल सिस्टम में सुनवाई महज औपचारिकता है। पूरे मामले को नियामक आयोग के समक्ष ले जाएंगे। उपभोक्ता हितों की अनदेखी के कारण लेसा प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी।
> अवधेश वर्मा, अध्यक्ष, राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG4 User: cci Time: 02-10-2026 00:16 Color:



# AI से फायदे और बचाव के गुर सीखेंगे कर्मचारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कलेक्ट्रेट के कर्मचारी एआई के गुर सीखेंगे। सेफर इंटरनेट-डे पर मंगलवार को आयोजित कार्यशाला में कर्मचारियों को एआई की खूबियां और नुकसान से बचने के तरीके सुझाए जाएंगे। एनआईसी के विशेषज्ञ कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे।

खबरें कर्मचारियों की

कलेक्ट्रेट के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मंगलवार को सेफर इंटरनेट-डे पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसमें कलेक्ट्रेट के सभी विभागों के दो-दो कर्मचारी व विभागाध्यक्ष मौजूद रहेंगे। इस दौरान इंटरनेट के फायदे और नुकसान के साथ ही बचाव पर चर्चा होगी। यही नहीं कार्यशाला में एआई तकनीक के इस्तेमाल की भी जानकारी दी कर्मचारियों को दी जाएगी।

## इंजिनियर्स मनाएंगे तकनीकी दिवस

■ NBT न्यूज,लखनऊ: उपभोक्ता सेवाओं की बेहतरी और ओटीएस के सफल संचालन के लिए मंगलवार को बिजली इंजिनियर्स तकनीकी दिवस मनाएंगे। उप्र राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजिनियर्स संगठन की ओर से केंद्रीय कार्यकारिणी ने सोमवार को प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को पत्र दिया। इंजिनियर संगठन की ओर से केंद्रीय अध्यक्ष जीवी पटेल ने कहा कि तकनीकी दिवस मनाने का उद्देश्य बिजली संबंधी सेवाओं को अधिक सुरक्षित और दक्ष बनाना है बिल के बकाएदार उपभोक्ताओं को ब्याजमाफी के लिए संचालित ओटीएस योजना के सफल संचालन के लिए संगठन स्तर पर रणनीति बनाना है।

## 'उपेक्षा से नाराज है कर्मचारी'

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की तिमाही बैठक सोमवार को कैसरबाग स्थित प्रांतीय कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष और संचालन प्रांतीय महामंत्री ने किया। बैठक में 41 जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में 22 सूत्रीय मांगों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। प्रांतीय अध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक सरकार ने कर्मचारियों की किसी मांग पर विचार नहीं किया है। यह घोर शोषण का प्रमाण है। महामंत्री अनीत उपाध्याय ने आरोप लगाया कि सरकार अपने ही शासनादेशों का पालन नहीं कर रही।

## मांग पूरी न होने पर करेंगे आंदोलन

■ NBT न्यूज, लखनऊ: संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ यूपी की तरफ से उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को सोमवार को मांग पत्र भेजा गया। मांग पूरी न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। संघ के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने कहा कि यह समस्या किसी एक जिले या कर्मचारी की नहीं बल्कि प्रदेश में कार्यरत लगभग एक लाख संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की है। ये कम वेतन पर दिन-रात स्वास्थ्य सेवाएं देने में लगे रहते हैं, लेकिन समय पर वेतन न मिलना उनके मनोबल को तोड़ रहा है। लगातार बढ़ते तनाव का असर अब कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है।

### अब न्यू कैंपस निदेशक और सहायक डीन की कुर्सी पर भी रोक

# एलयू में 'पदनाम' की जंग

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में पांच डीन के साथ अब निदेशक व सहायक डीन के पदों पर भी वीसी प्रो. जेपी सैनी की ओर से रोक लगा दी गई है। विवि में न्यू कैंपस के लिए एक अलग निदेशक नियुक्त किया गया था जिसे अब वीसी की ओर से स्थगित कर दिया गया है। इसके अलावा कॉलेज डिवेलपमेंट काउंसिल में डीन के साथ दो सहायक डीन की भी तैनाती की गई थी। ऐसे में उनके पदों पर भी रोक लगा दी गई है। अब वह अपने प्रोफाइल में वर्तमान पदनाम का उपयोग नहीं कर सकेंगे।

कई सहायक डीन भी अब वर्तमान पद पर नहीं रहेंगे

विवि में पूर्व वीसी प्रो. आलोक राय के कार्यकाल में कार्यपरिषद में इन पदों पर शिक्षकों की तैनाती की गई थी। कार्यपरिषद के निर्णय को कुलाधिपति कार्यालय में मंजूरी के लिए भेजा गया था। पिछले पांच साल में कुलाधिपति कार्यालय से इन पदों के आदेश पर सहमति नहीं दी गई। इस पर वर्तमान वीसी की ओर से इन सभी पदों को स्थगित कर दिया गया। विवि के स्टैच्यूट्स में इन पदों का कोई उल्लेख नहीं है। यह वजह है कि सिर्फ विवि में स्थापित संकायों के अध्यक्ष ही अब डीन के रूप में काम करेंगे।


**काम करने पर रोक नहीं:** विवि की कार्यपरिषद में इन पदों पर नए शिक्षकों की तैनाती के लिए कुलपति को नामित किया गया है। जब तक इन पदों का नया नामकरण नहीं हो जाता और नए लोगों को इसकी जिम्मेदारी नहीं दी जाती तब तक के लिए वर्तमान में काम कर रहे शिक्षक ही इसका जिम्मा संभालेंगे। इसमें ऐडमिशन से लेकर रिसर्च, अकैडमिक्स, रिक्रूटमेंट समेत अन्य सेल का काम शामिल है। विवि के प्रवक्ता मुकुल श्रीवास्तव का कहना है कि जल्द ही वीसी की ओर से इन पदों पर समन्वयक या जो भी निर्णय होगा उस पदनाम के साथ जिम्मेदारी दी जाएगी। तब तक वर्तमान व्यवस्था के तहत ही काम चलेगा।

## इंग्लिश व ज्योतिर्विज्ञान में शुरू होगा नया मेडल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में इस साल दीक्षांत समारोह में दो नए मेडल की शुरुआत होने जा रही है। इसमें एक मेडल इंग्लिश में दिया जाएगा जबकि दूसरा मेडल ज्योतिर्विज्ञान विभाग के टॉपर को दिया जाएगा। ज्योतिर्विज्ञान में अब तक किसी भी टॉपर को मेडल नहीं दिया जाता था। विवि की कार्यपरिषद की बैठक में इसे मंजूरी दे दी गई है। इस साल होने वाले दीक्षांत से ये दोनों मेडल शुरू किए जाएंगे।

लखनऊ यूनिवर्सिटी के इस साल के दीक्षांत से होगी शुरुआत

AI Image



एलयू के इंग्लिश विभाग में रिटायर्ड प्रो. एसजेएच आब्दी के नाम पर मेडल शुरू किया जा रहा है। यह मेडल उनकी पत्नी निशात अख्तर आब्दी की ओर से प्रत्यावेदन दिया गया था। जो एमए इंग्लिश में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र को हर साल दिया जाएगा। वहीं ज्योतिर्विज्ञान में चंद्रमणि सिंह के नाम पर मेडल शुरू किया जा रहा है। वह एक लेखक व अंतरिक्ष विज्ञानी रहे हैं। वाराणसी निवासी चंद्रमणि सिंह के बेटे दीपक सिंह की ओर से अपने पिता की याद में प्रत्यावेदन दिया गया था। इसके लिए दोनों की ओर से विवि को पांच-पांच लाख रुपये की धनराशि दी गई है।

**200 के पार हुए एलयू में मेडल:** एलयू में अब तक 198 मेडल दिये जा रहे थे। पिछले साल बीएससी टॉपर का नया मेडल शुरू किया गया जो 199वां मेडल था। अब इसे मिलाकर 201 मेडल हो गए हैं। शहर में अब तक कोई भी दूसरा विश्वविद्यालय नहीं है जहां इतनी संख्या में मेडल दिए जा रहे हैं। हर साल 100 से अधिक छात्रों को यह मेडल दिए जाते हैं जिसमें कई छात्रों को एक से अधिक मेडल मिलते हैं।

## 'शोध की बाजार में उपयोगिता का हो मूल्यांकन'

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: बौद्धिक संपदा अधिकार का शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान है। आज भारत में पेटेंट, डिजाइन, जीआई टैग और ट्रेडमार्क जैसे क्षेत्रों में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। शैक्षणिक संस्थानों को भी सशक्त शोध पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना चाहिए। ताकि यहां होने वाली पीएचडी अथवा शोध की आर्थिक बाजार में क्या उपयोगिता है और समाज के लिए कितना उपयोगी है, इसका मूल्यांकन हो सके। इसी उद्देश्य से शोध को नवाचार से जोड़ते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है। ये बातें बीबीएयू के वीसी प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहीं। इंस्टिट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की ओर से बीबीएयू में बौद्धिक संपदा अधिकार पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बीबीएयू में आईपीआर पर हुआ सेमिनार

इसमें एग्जामिनर ऑफ पेटेंट डिजाइन डॉ. वसिर अब्बास नैदी ने कहा कि भारत शोध के क्षेत्र में तो मजबूत है, लेकिन उस शोध को सुरक्षित रखने और उसका सही उपयोग करने की समझ आईपीआर के माध्यम से मिलती है। आईपीआर को लेकर जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालय में हर फैकल्टी अपने मार्गदर्शन में स्टार्टअप से जुड़ी टीमों का गठन करे, जिससे हर संस्थान से अनेक स्टार्टअप उभर सकें। जैनिसम प्राइवेट लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट आदित्य कुमार शर्मा ने कहा कि आईपीआर न केवल हमारे अधिकारों का संरक्षण करता है, बल्कि नवाचार और शोध को आगे बढ़ाने के लिए एक आत्मविश्वास भी देता है। प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा ने कहा कि ईपीआर के माध्यम से नए विचारों, तकनीकों और रचनाओं का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण होता है, जिससे भविष्य की पीढ़ियों को ज्ञान मिलता है।

## छात्रों ने दी मुंशी, मौलवी की परीक्षा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित अरबी फारसी विषय की मुंशी, मौलवी एवं आलिम की परीक्षा सोमवार को संपन्न हुई। राज्य में 71 जिलों के 277 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा में 80,933 विद्यार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 16,215 छात्रों ने परीक्षा में प्रतिभाग नहीं किया। इस तरह 64,418 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। मदरसा बोर्ड के रजिस्ट्रार ने बताया कि परीक्षाएं नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## कल्याणगिरि मंदिर से निकली कलश यात्रा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: ठाकुरगंज स्थित कल्याणगिरि मंदिर से सोमवार को महिलाओं की कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के समय हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। इसी के साथ ही शिव महापुराण कथा शुरू हुई। मंदिर के महंत महावीर गिरि के आशीर्वाद से यात्रा निकली। यात्रा में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की। कलश यात्रा के बाद शिव महापुराण कथा शुरू हुई। इस अवसर पर आयोजन समिति ने जानकारी दी कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर शिव बारात निकाली जाएगी। व्यवस्थापक एवं समन्वयक एडवोकेट अनुराग पांडेय ने महंत महावीर गिरि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## स्वरों से की गई राष्ट्र साधना

■ NBT न्यूज, लखनऊ: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में संगीत साधकों की गोष्ठी स्वरों से राष्ट्र साधना की गई। सांस्कृतिक गोष्ठी का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, लखनऊ महानगर की ओर से किया गया।

गोष्ठी में भजन एवं कीर्तन के अलावा शास्त्रीय सुगम संगीत संगीत प्रस्तुत किया गया। इसके साथ-साथ ब्रास बैंड, मार्चिंग बैंड, स्कूली बैंड की भी प्रस्तुतियां हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता उप्र संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत ने की। कार्यक्रम में अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख जगदीश प्रसाद प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में पद्मश्री मालिनी अवस्थी, विनोद कुमार द्विवेदी, पद्मश्री विद्या विंदु भी मौजूद रहीं।

## 'कुष्ठ से डर नहीं, जागरूकता जरूरी'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: शहर के विभिन्न हिस्सों में नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को कुष्ठ रोग के लक्षण और इलाज के लिए जागरूक किया गया। साथ ही इस बीमारी को लेकर समाज में फैले डर, भ्रांतियों और भेदभाव को खत्म करने अपील भी की गई। लोगों को बताया गया कि कुष्ठ रोग छूने से नहीं फैलता और यह पूरी तरह से इलाज योग्य बीमारी है।

राज्य कुष्ठ अधिकारी डॉ. जया देहलवी के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक किए गए। कलाकारों ने संदेश दिया कि कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव करना गलत है। फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि फार्मासिस्ट जनता तक सही जानकारी पहुंचाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। लोगों से कुष्ठ रोगियों के लिए संवेदनशील और सहयोगी रवैया अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में फेडरेशन के महामंत्री अशोक कुमार, उपाध्यक्ष अजीत, सचिव राहुल, अवधेश समेत अन्य मौजूद रहे।

## सुन सकेंगे खबर के पीछे की कहानियां

■NBT न्यूज, लखनऊ : आकाशवाणी लखनऊ अपने श्रोताओं के लिए एक विशेष कार्यक्रम 'पत्रकारों से संवाद' शुरू करने जा रहा है। यह कार्यक्रम आम जनमानस से जुड़े ज्वलंत मुद्दों और विभिन्न समसामयिक विषयों पर पत्रकारों के साथ एक सार्थक चर्चा का मंच प्रदान करेगा। इस नए प्रयास के तहत हर बुधवार को विविध भारती के 101.6 एफएम और प्रत्येक गुरुवार को 100.7 एफएम रेनबो चैनल पर नियमित रूप से इसका प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम प्रमुख सुमोना पांडेय ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक जिम्मेदार और जागरूक समाज का निर्माण करना है। इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता अनुभवी और वरिष्ठ पत्रकारों के साथ सीधा संवाद है, जिससे श्रोताओं को न केवल खबरें मिलेंगी, बल्कि उन्हें समाचारों के पीछे की कहानी सुनने का अवसर भी प्राप्त होगा।

# महिला वॉलीबॉल में यूपी पुलिस विजेता

सिटी स्पोर्ट्स

■ NBT न्यूज, निगोहा: अरुणाभ फाउंडेशन की ओर से आयोजित ऑल इंडिया महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में देश भर की दिग्गज टीमों-यूपीपी, हरियाणा, राजस्थान, वाराणसी, बंगाल, आरपीएफ, बिहार और गाजियाबाद ने शानदार खेल दिखाया। फाइनल मुकाबला उत्तर प्रदेश पुलिस और हरियाणा के बीच खेला गया।

रोमांचक मैच में पहला सेट हरियाणा ने 25-18 से जीता। दूसरे सेट में उत्तर प्रदेश पुलिस ने वापसी करते हुए 25-21 से जीत दर्ज की। निर्णायक तीसरे सेट में भी यूपी पुलिस ने 25-16 से शानदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम कर लिया। अंत में अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अरुणाभ फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप द्विवेदी के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जलशक्ति मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह, राज्यमंत्री दानिश अंसारी (अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज) तथा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी मौजूद रहे।



## BKT स्टूडेंट्स ने फाइनल में बनाई जगह

■ NBT न्यूज, लखनऊ: केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर सीनियर जिला स्तरीय खो-खो चैंपियनशिप (महिला एवं पुरुष) में सोमवार को बीकेटी इंटर कॉलेज के स्टूडेंट्स ने दोनों वर्गों में फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग में बीकेटी इंटर कॉलेज (ब्लू) ने धमाकेदार प्रदर्शन कर खिताबी होड़ में जगह बनाई। सेमीफाइनल में बीकेटी ब्लू ने बीकेटी रेड पर 12-1 से आसान जीत दर्ज की। महिला वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल मंगलवार को खेला जाएगा। वहीं, पुरुष वर्ग में सेंट्रल पब्लिक स्कूल रेड और बीकेटी इंटर कॉलेज के बीच मंगलवार को खिताबी मुकाबला होगा।

## LDA और दयानंद को जीत से पूरे अंक

बीबीडी ए डिवीजन लीग

■ NBT न्यूज, लखनऊ: स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड पर सोमवार बीबीडी ए डिवीजन में दो मुकाबले खेले गए। जिसमें दयानंद यंगमेंस असोसिएशन और एलडीए कोचिंग सेंटर ने मुकाबले जीते और जरूरी अंक हासिल किए।

प्रभनूर सिंह गुजराल के अर्द्धशतक और कप्तान ध्रुव मिश्रा के उम्दा गेंदबाजी के चलते अखिल इंद्रा क्रिकेट क्लब के खिलाफ दयानंद ने 86 रन से जीत दर्ज की। 40 ओवर के खेल में दयानंद ने पहले बैटिंग करते हुए 222 रन बनाए। प्रभनूर सिंह ने 58 रन की बेहतरीन पारी खेली। ईशान गुप्ता ने ताबड़तोड़ 48 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करते हुए अखिल इंद्रा 136 रन पर सिमट गया। आदर्श राय ने तीन विकेट चटकाए। प्लेयर ऑफ द मैच ध्रुव मिश्रा ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट झटके और एक रन आउट किया। दिन के दूसरे खेल में, आरडीएसओ ब्लूनेडर्स क्लब के 161 रन के खिलाफ एलडीए कोचिंग सेंटर ने छह विकेट हासिल किए।

## हरि ओम, निधि, ओम, गौरव, रचना ने जीते गोल्ड

इंटर डिस्ट्रिक्ट जूडो प्रतियोगिता

■ NBT न्यूज, लखनऊ: हजरतगंज स्थित इंडियन पैरा जूडो अकैडमी में सोमवार को इंटर डिस्ट्रिक्ट जूडो प्रतियोगिता में हरि ओम, निधि, ओम सिंह, गौरव, रचना ने दमदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड जीता। प्रतियोगिता में लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर एवं अयोध्या से बालक एवं बालिका वर्ग में टीमों ने प्रतिभाग किया। मौके पर शहर पहुंचे जाइका (जापान इंटरनेशनल कारपोरेशन एजेंसी) से महानिदेशक टेरू उमायी एवं स्टाफ पार्टनर प्रोग्राम डिवीजन मिक्की सुजुकी ने नागोया एशियन पैरा गेम्स के शुभंकर के साथ पोस्टर जारी किया। कार्यक्रम में इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो असोसिएशन के फाउंडर चेयरमैन अवनीश कुमार अवस्थी, यूपी जूडो असोसिएशन के वाइस चेयरमैन प्रकाश डी. संघ अध्यक्ष सुधीर हलवासिया मौजूद रहे।



जाइका अधिकारियों ने एशियन पैरा गेम्स का शुभंकर और पोस्टर लॉन्च किया

# कैंपस कॉर्नर



## आबिद मिस्टर, नशरा बनीं मिस फोटोजेनिक

■ NBT न्यूज, लखनऊ: सेंट जोसेफ स्कूल (बजाज ग्रुप) की ठाकुरगंज शाखा में सोमवार को इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक सीमा अग्रवाल एवं प्रबंध निदेशक राजेश अग्रवाल ने किया। मौके पर विद्यार्थियों ने नृत्य, रैप सॉन्ग सहित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत बना दिया। समारोह में मिस्टर व मिस फोटोजेनिक का खिताब आबिद अब्बास और नशरा को मिला, जबकि मिस्टर व मिस ऑलराउंडर आर्यावीर एवं दीपिका बने।



## स्प्रिंग कार्निवल में बच्चों ने किया धमाल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: सेंट्रल एकेडमी, अमौसी शाखा में हुए स्प्रिंग कार्निवल में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। साथ ही कई खेलों में हिस्सा लिया। मौके पर अभिभावकों के लिए फन एक्टिविटीज भी हुई और बच्चों ने फूड स्टॉल भी लगाए। प्रिंसिपल सुस्मिता सरकार ने बताया कि यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए सीखने के साथ-साथ एक मनोरंजक मौका रहा, जिसमें बच्चों ने मस्ती की, एक दूसरे के साथ सहयोग की भावना सीखी। ये कार्यक्रम अभिभावकों के साथ विद्यालय के जुड़ाव को और मजबूत करने वाला रहा।



## मानसिक स्वास्थ्य पर हुए नुक्कड़ नाटक

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में चल रहे एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह सोमवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप निदेशक समाज कल्याण निदेशालय, उत्तर प्रदेश राकेश प्रताप सिंह थे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ यूनिवर्सिटी के एनएसएस समन्वयक प्रो. अमरेंद्र कुमार और कॉलेज प्राचार्य प्रो. बीना राय मौजूद रहीं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक एकता पर पारंपरिक नृत्य प्रदर्शन और मानसिक स्वास्थ्य पर नुक्कड़ नाटक हुए। जिसने छात्रों की सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मीना कुमारी, कविता यादव, अनुष्का, महिमा, अर्पिता, इकरा मौजूद रहीं।

## छात्रों को चुनौतियों से रूबरू कराया



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: एमिटी विश्वविद्यालय में सोमवार को लेक्स कार्निवाल-ज्यूरिस ट्रैक का आयोजन किया गया। इसमें विधि विद्यार्थियों को क्लासरूम से आगे, असल जिंदगी के कानूनी मुद्दे और चुनौतियों से रूबरू कराया गया। आईपीएस अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सफलता और आर्थिक समृद्धि अहम है, लेकिन वंचित, गरीब और जरूरतमंद वर्ग के लिए काम करना भी उतना ही जरूरी है। कानून सिर्फ किताबों में लिखे प्रावधान नहीं है। कानून तभी असरदार होता है जब वह जमीन पर लागू दिखे और नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करें। इस दौरान एमिटी लॉ स्कूल के प्रो तरुण चढ़ेला ने कहा कि यह कार्निवाल सीखने, टीमवर्क और ज्ञान-विकास का मंच है।



## पारिवारिक मूल्यों का महत्व बताया

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) की अमौसी शाखा में रविवार को ग्रैंड पैरेंट्स डे हुआ। कार्यक्रम के जरिए बच्चों में दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करना था। कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्ग अतिथियों के स्वागत से हुई। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के स्वागत गीत, एलकेजी-यूकेजी के बच्चों के वेलकम डांस और नर्सरी के नन्हे बच्चों की नृत्य प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। ग्रैंड पैरेंट्स के लिए आयोजित पैसर अनस्क्रैम्बल जैसे खेलों में बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## कला के कौशल की दिखाई प्रतिभा



■ NBT न्यूज, चौक: यूनिटी कैंपस में चल रहे कला और कौशल उत्सव 2026 का समापन सोमवार को हुआ। यूनिटी वेदा एनीमेशन कॉलेज एवं यूनिटी प्राइवेट आईटीआई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को सशक्त मंच प्रदान किया। इस अवसर पर उद्योग, कला, फैशन, शासन एवं सामाजिक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित हस्तियों कि मौजूदगी भी रही। इस दौरान नौशाद अली, रईस अब्बास रिजवी, शैजी, गिरीश तिवारी, एसरन लाल, असमा हुसैन, सादिक रजा, डॉ. असमा परवीन, अली जैदी, अर्कित यादव, आरके द्विवेदी, ओम कुमार तिवारी, मेराज हैदर मौजूद रहे।



## सीएमएस की टीम नॉर्थ रीजन में बेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैंपस स्थित कैम्ब्रिज सेक्शन के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ का नाम रोशन किया है। स्कूल की छह सदस्यीय छात्र टीम ने अखिल भारतीय 'कैम्ब्रिज साइंस रिसर्च कम्पटीशन' में 'बेस्ट इन नॉर्थ रीजन' अवॉर्ड अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में देशभर के 90 से अधिक विद्यालयों ने हिस्सा लिया। चारों क्षेत्रों नॉर्थ, साउथ, ईस्ट और वेस्ट के बीच हुई प्रतिस्पर्धा में प्रत्येक क्षेत्र से एक विद्यालय को विजेता चुना गया। सीएमएस कैम्ब्रिज टीम ने अपने रिसर्च प्रोजेक्ट 'सॉयल अंडर स्ट्रेस: इम्पैक्ट ऑफ वेस्टवाटर एंड इंडस्ट्रियल कंटैमिनेशन ऑन द सॉयल ऑफ लखनऊ' के जरिए नॉर्थ रीजन में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

TIMES interact
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

टेंडर और नोटिस
निविदाएं (टेंडर्स)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
सुरक्षा सेवाएं, सहायक सेवाएं विभाग, केंद्रीय कार्यालय, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021
अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) हेतु अनुरोध
Request for Expression of Interest (EoI)
1.यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एक अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंक है, जो बैंक की विशेष आवश्यकताओं के अनुसार पूरे भारत में अपने विभिन्न कार्यालयों में चरणबद्ध तरीके से अनुकूलित एक्सेस कंट्रोल और विजिटर मैनेजमेंट सिस्टम (एसीवीएमएस) स्थापित करना चाहता है, जिसे बैंक के अपने केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली के कमांड केंद्रों के साथ एकीकृत किया जा सके, ऐसे समाधानों की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग, एकीकरण और रखरखाव के कार्य में संलग्न विक्रेताओं से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) हेतु अनुरोध आमंत्रित किया जाता है.
2.वेबसाइट पर उल्लिखित मानदंड के अनुसार एसीवीएमएस के लिए ईओआई प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय दिनांक 20/02/2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक है. विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://www.unionbankofindia.bank.in तथा www.eprocure.gov.in पर जाएं.
उप महाप्रबंधक (सुरक्षा)

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, MD AKBAR S/o MD AKHTAR (DOB: 25-06-1995), R/o RehuaLalganj, Pratapgarh, UP-230139, declare that in my and my father's name MD is the abbreviation of MOHAMMAD and both "MD" and "MOHAMMAD" refer to the same person for all purposes.

खोया एवं पाया

हम, हरि दर्शन यादव पुत्र भगीरथ और गीता पत्नी हरि दर्शन यादव, निवासी बिजहट गांव, लखनऊ, यह सूचित करते हैं कि हमारे प्लॉट नंबर 1/376, जिसका क्षेत्रफल 97.50 वर्ग मीटर है, जो सेक्टर-H, जानकीपुरम योजना, तहसील और जिला-लखनऊ में स्थित है, उसका मूल आवंटन पत्र दिनांक 03/06/2005 को बिजहट से घर जाते समय खो गया है। इस दस्तावेज का कोई भी उपयोग अवैध माना जाएगा। जिस किसी को भी यह दस्तावेज मिले, उनसे अनुरोध है कि वे एडवोकेट दिव्या कुमार श्रीवास्तव से मोबाइल नंबर +917355544102 पर संपर्क करें।

मैं, लालजी यादव पुत्र स्वर्गीय भगुराम यादव, निवासी ग्राम बिजहट, लखनऊ, यह सूचित करता हूं कि मेरे प्लॉट नंबर 1/377, जिसका क्षेत्रफल 85.3125 वर्ग मीटर है, जो सेक्टर-H, जानकीपुरम योजना, तहसील और जिला-लखनऊ में स्थित है, का मूल आवंटन पत्र दिनांक 02/02/2026 को तहसील जाते समय खो गया है। इस दस्तावेज का कोई भी उपयोग अवैध माना जाएगा। जिस किसी को भी यह दस्तावेज मिले, उनसे अनुरोध है कि वे एडवोकेट दिव्या कुमार श्रीवास्तव से मोबाइल नंबर +917355544102 पर संपर्क करें।

ARCADE
education

ADMISSION OPEN
Heeralal Yadav Law College
Associated with LU and Approved by Bar Council of India
LL.B.
3&5 YEAR COURSE
6393520059/9793000300

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact
TO GROW YOUR BUSINESS
PLEASE CALL US
LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122662, Anurag Nautiyal - 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit - 7860802468
ALLAHABAD: Amit Srivastava - 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora - 9559983838
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha - 9415019274

TIMES interact
PHYSICS Home Tutorial
ROL sample ad 5 lines
टीकाकरण कराएं VACCINATION 18+ XYZ Hospital Lucknow
CD Sample ad 5 cm x 3 cm

CATEGORY SERVICE
Publication:
TOIL+KNP+ TOILC+ALLVAR+ ETL+NBTL

| Scheme | Cost ROL | Cost CD |
|---|---|---|
| 1 | ₹1,400 | ₹6,150 |
| 4+1 | ₹5,600 | ₹24,600 |
| 7+2 | ₹9,800 | ₹43,050 |
| 10+3 | ₹14,000 | ₹61,500 |
| 19+6 | ₹26,600 | ₹1,16,850 |
| 25+8 | ₹35,000 | ₹1,53,750 |

Above packages are excluded of GST
ROL COST is for 5 lines, extra line 20%
CD Cost on minimum size - 3 x 5 cm

Contact - LUCKNOW:
Kuldeep Tiwari 9044122662
Anurag Nautiyal 8840945902
KANPUR:
Anoop Dixit 7860802468
ALLAHABAD:
Amit Kumar Srivastava 9044075051
VARANASI:
Nitesh Arora 9559983838
GORAKHPUR:
Chandrasekhar Sinha 9415019274

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-09-2026 21:46 Color:



## फटाफट खबरें

### शराब ठेके के विरोध में उतरे ग्रामीण

■ NBT न्यूज, सुशांत गोल्फ सिटी: सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में चौरासी के पलिन इकया गांव में खुले शराब ठेके के विरोध में भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। 2 फरवरी को चौरासी के रहने वाले सत्यम रावत की शराब ठेके के पास हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद से ग्रामीण शराब ठेका हटाने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन पदाधिकारियों ने 6 फरवरी को जिलाधिकारी के से शिकायत भी की थी। लेकिन कोई कार्रवाई न किए जाने से नाराज यूनियन के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने सोमवार को सड़क पर प्रदर्शन किया, जिसमें सत्यम के परिजनों भी शामिल हुए।

### दो पर आत्महत्या के लिए उकसाने की FIR

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : युवती की मौत के मामले में पीड़ित पिता ने दो लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। चिनहट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। चिनहट के कामनपुर मटियारी इलाके के एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी ने 7 नवंबर 2025 की रात फांसी लगाकर जान दे दी थी। पीड़ित पिता के मुताबिक उनकी बेटी आईएएस की तैयारी कर रही थी। वह कोचिंग से 7 नवंबर 2025 को घर लौटी थी तो काफी परेशान थी। पिता का दावा है कि आरोपित हार्दिक तिवारी उर्फ सत्यम तिवारी और नाही राम तिवारी लगातार पीड़िता का वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे थे। आरोपित हार्दिक ने शादी करने से मना कर दिया था, जिससे धमकी से वह बहुत परेशान थी।

### जमीन बंटवारे में मारपीट, चार घायल

■ NBT न्यूज, नगराम: सेलूमऊ गांव में जमीन बंटवारे को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले व लोहे की रॉड का भी इस्तेमाल किया गया। जिसमें दोनों पक्षों से महिला सहित चार लोग घायल हो गए। नगराम के सेलूमऊ निवासी सोनू और गांव के ही सोनू के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चला आ रहा है, इसी विवाद को लेकर रविवार देर शाम दोनों पक्षों ने कहासुनी के बाद जमकर लाठी डंडे और लोहे की रॉड चली। जिसमें एक पक्ष से सोनू और उसके पिता शिवशंकर और दूसरे पक्ष से सोनू और उसकी मां सुधना घायल हो गईं। मामले को लेकर एसओ नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि दोनों तरफ से दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### विला और प्लॉट के नाम पर लाखों हड़पे

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : विभूतिखंड मंत्री आवास के पास रहने वाली महिला ने रियल एस्टेट कारोबारी और उनकी पत्नी पर विला व जमीन के नाम पर 84.60 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। विभूतिखंड मंत्री आवास के पास रहने वाली अनीता के मुताबिक आरोपितों ने भुगतान और विला बुक कराने के नाम पर नकद और चेक से कई किश्तों में रकम ली। बाद में उनका एक प्लॉट भी अपने परिचित से बिकवा दिया। बिक्री की रकम हासिल कर आरोपितों ने कई खातों में रुपये जमा करा लिए। रुपये वापस मांगने पर आरोपितों ने जमीन और विला देने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने 84.60 लाख रुपये लौटाने को कहा। रुपये वापस मांगने पर आरोपितों ने चेक दे दिए, जो बाउंस हो गए। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के मुताबिक पत्रकार निवासी रेनू और सुरेंद्र कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### मेंटनेंस मीटिंग के विवाद में चले लाठी-डंडे

■ NBT न्यूज, लखनऊ : जानकीपुरम इलाके में एक अपार्टमेंट की मेंटनेंस और प्रबंधन से जुड़े मुद्दे को लेकर बुलाई गई मीटिंग में विवाद के बाद मारपीट शुरू हो गई। एक पक्ष ने दूसरे पर लाठी डंडे से पीटने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर जानकीपुरम पुलिस ने सोमवार को केस दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद तिवारी ने बताया कि इलाके में स्थित अमीश हाइट्स अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 403 में रहने वाले जुल्फिकार हुसैन नकवी का आरोप है कि अपार्टमेंट में ही रहने वाले कुदरतउल्ला खान ने मेंटनेंस को लेकर चल रहे विवाद के चलते शुरू से ही बिल्डिंग के वॉट्सऐप ग्रुप पर धमकियां और गालियां देनी शुरू कर दीं। आरोप है कि उन्होंने जान से मारने की धमकी मिलने पर अन्य अपार्टमेंट के लोगों से मिलने की सलाह दी। शाम को सभी सदस्यों की मौजूदगी में वार्षिक मीटिंग पर सहमति बनी। लेकिन जैसे ही जुल्फिकार पार्किंग में पहुंचे कुदरतउल्ला खान और उसके साथ मौजूद बाहरी लोगों ने लाठी-डंडों और बेल्ट से हमला कर दिया।

### वकीलों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

■ NBT न्यूज, मलिहाबाद: मलिहाबाद में एसीपी कोर्ट संचालित न होने से नाराज बार एसोसिएशन के वकीलों ने सोमवार को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया। वह मामलात को भी न्यायिक व रजिस्ट्री कार्य नहीं करेंगे। साथ ही बार ने स्टाम्प वेंडरों व टाइपस्टों को भी कार्य बंद करने का प्रस्ताव जारी किया है। अध्यक्ष समाट सिंह व महामंत्री कमलेश कुमार गौतम ने बताया कि रहीमाबाद, मलिहाबाद, माल थाने का शांति भंग का चालान लगभग 35 किलोमीटर दूर एसीपी कोर्ट दुबग्गा पर किया जाता है। कई वर्षों से ज्ञापन के माध्यम से एसीपी कोर्ट की मांग की जा रही है। लेकिन सिर्फ आश्वासन ही दिया गया है। जब तक मांग पूरी नहीं होगी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

### इटौंजा में मचान पर मिला किसान का शव

■ NBT न्यूज, लखनऊ : इटौंजा के भटेसवा गांव में रविवार रात एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव गांव के बाहर खेत में बने मचान पर पड़ा मिला। परिजनों ने जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका, जिसके चलते पुलिस ने विसरा सुरक्षित कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। भटेसवा गांव निवासी रमेश रावत (45) खेती करते थे। रिश्तेदारों के परिवार के अन्य सदस्य रिश्तेदार की शादी में सीतापुर गए हुए थे। घर पर रमेश और एक महिला मौजूद थी। भाई शिवगणेश के अनुसार शाम को घर लौटने पर रमेश नहीं मिले। तलाश के बाद वह खेत के मचान पर अचेत अवस्था में पाए गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवारीजनों का आरोप है कि अवैध संबंध के विरोध में रंजिशन हत्या की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तालाब की भूमि की रजिस्ट्री करने का आरोप

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर: सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के काशीराम शहरी आवासीय योजना, अमौसी निवासी महिला कंचन कनौजिया ने रिपोर्ट कराई है। के रहने वाले विपिन मोहन उर्फ बृजमोहन सिंह, शिवपाल सिंह, सुनील कुमार शुक्ला और भमौरा पर फर्जीवाड़ा का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि तालाब की भूमि को खतौनी की जमीन बताकर रजिस्ट्री कराने और रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


# गर्ल्स कॉलेजों के पास पुलिस दिखी न ऐंटी रोमियो स्क्वाड

NBT पड़ताल

■ टीम NBT, लखनऊ : राजधानी के गर्ल्स कॉलेजों के बाहर छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस के दावे कागजी नजर आ रहे हैं। एनबीटी टीम ने सोमवार को शहर के विभिन्न इलाकों में स्थित महिला कॉलेजों की पड़ताल की, तो सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई। हाई कोर्ट की सख्ती के बावजूद ज्यादातर कॉलेजों के बाहर न तो पुलिस की पिकेट दिखी और न ही ऐंटी रोमियो स्क्वाड। हुडी पहने संदिग्ध युवक गेटों पर ताक-झांक करते मिले, लेकिन उन्हें टोकने वाला कोई नहीं था।

## कहां क्या हाल मिला?





### एपी सेन कॉलेज

सुबह 9:00 बजे कॉलेज जाने वाले रास्ते पर लोग सड़क किनारे नहा रहे थे, जो छात्राओं के लिए असहज स्थिति थी, लेकिन कोई रोकने वाला नहीं दिखा।

### आईटी कॉलेज

सुबह 9:35 बजे गेट नंबर-4 पर एक संदिग्ध युवक हुडी पहनकर छात्राओं को घूरता और अंदर झांकता मिला। पास में कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था।

### महानगर व चौक

खुनखुन जी गर्ल्स कॉलेज के बाहर भी पुलिस की पेट्रोलिंग नदारद मिली। छात्राओं ने बताया कि पुलिस कभी-कभार ही दिखती है।

### फेयरवेल में भी लापरवाही

चौक स्थित यशोदा रस्तोगी कॉलेज में शाम 3:30 बजे फेयरवेल पार्टी के बाद छात्राएं निकलीं, लेकिन भीड़ के बावजूद सुरक्षा के इंतजाम शून्य थे।

### आर्य कन्या पाठशाला

न्यू हैदराबाद स्थित आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के टीम सुबह 9:46 बजे पहुंची। यहां भी पुलिस नहीं दिखाई दी। छात्राएं स्कूल आ जा रही थीं।

### महिला गर्ल्स डिग्री कॉलेज

टीम सुबह 9:15 बजे पहुंची। छात्राएं कॉलेज जा रही थीं। पर, कॉलेज के आस-पास पुलिस मौजूद नहीं थी। एंटी रोमियो स्क्वायड भी मौजूद नहीं थी।

### कम्पोजिट स्कूल, गौरी कन्या

सरोजनीनगर के गौरी स्थित कम्पोजिट स्कूल गौरी कन्या पर टीम 8:45 बजे पहुंची। छात्राएं पढ़ने के लिए जा रही थीं। पर यहां आस-पास कोई भी सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी।

गर्ल्स स्कूलों और कॉलेजों के आसपास लॉ ऐंड ऑर्डर के मुद्दे पर हाई कोर्ट ने जवाब मांगा था

### गर्ल्स स्कूलों के आसपास लॉ ऐंड ऑर्डर पर मांगा जवाब



HC ने एपी सेन कॉलेज का जिक्र

### बाजारखाला में सक्रिय दिखी टीम

पड़ताल के दौरान बाजारखाला स्थित सुन्नी इंटर कॉलेज में दोपहर 11:58 बजे पुलिस टीम न सिर्फ तैनात थी, बल्कि छात्राओं और अभिभावकों से बात कर उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक भी कर रही थी।

### सादे कपड़ों में है पुलिस

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित का कहना है कि हर थाने में एंटी रोमियो स्क्वायड है और सादे कपड़ों में टीमें तैनात रहती हैं। मिशन शक्ति के तहत पुलिस टीमें स्कूल और कॉलेजों में जाकर छात्राओं की समस्या सुन रही है। सोमवार को पुलिस टीम मलिहाबाद स्थित डॉ. अम्बेडकर ज्ञान पब्लिक स्कूल गई थी। वहां छात्राओं को जागरूक किया गया।

# लापरवाही और तेज़ रफ्तार ने लीं दो जानें

### कार ने मारी टक्कर, एक की मौत, साथी घायल

■ NBT न्यूज, लखनऊ: इटौंजा में रविवार देर रात तेज रफ्तार कार सवार ने सड़क किनारे खड़े दो लोगों को टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान एक की मौत हो गई।

इंस्पेक्टर मारकंडे यादव ने बताया कि इटौंजा के मोहना निवासी कुंवर बहादुर सिंह (55) और अंगद सिंह (40) रविवार को सड़क किनारे खड़े होकर किसी का इंतजार कर रहे थे। रात करीब 10 बजे मूंगफली फैक्ट्री के सामने अनियंत्रित कार सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। भीषण हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर रगड़ते चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी इटौंजा में भर्ती करवाया। जहां हालत गंभीर देख दोनों को ट्रॉमा रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान कुंवर बहादुर सिंह की मौत हो गई। इंस्पेक्टर का कहना है कि अंगद की हालत नाजुक बनी हुई है। टक्कर मारने वाली कार का पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### खाना खाने के बाद टहल रहे थे, हादसे में होमगार्ड की गई जान

■ NBT न्यूज, लखनऊ: बंधा रोड पर स्मृति वाटिका के पास रविवार देर रात तेज रफ्तार कार ने साइकल सवार होमगार्ड को टक्कर मार दी। हादसे में घायल होमगार्ड को राहगीरों की मदद से ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि न्यू हैदराबाद इलाके में होमगार्ड योगेंद्र शुक्ला (55) किराये पर रहते थे। वह मुख्यमंत्री आवास में ड्यूटी करते थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि रोज की तरह रविवार शाम खाना खाने के बाद वह पैदल मंदिर जा रहे थे। इस दौरान स्मृति वाटिका के पास तेज रफ्तार कार सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। राहगीरों की मदद से उन्हें ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को योगेंद्र का शव पिता राम सनेही और भाई उपेंद्र को सौंप दिया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि साले की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### सफारी ने बाइक सवारों को रौंदा, दो गंभीर



लखीमपुर निवासी लक्ष्मण और अनुज का लोहिया में चल रहा है इलाज

■ NBT न्यूज, सुशांत गोल्फ सिटी : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में सोमवार की शाम एक निर्माणाधीन मकान के पास एक सफारी कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल भेजा। पुलिस के मुताबिक लखीमपुर निवासी लक्ष्मण अपने मौसा अनुज यादव के साथ तिलमथा इलाके में रहकर इकाना स्टेडियम के निकट के पास निर्माणाधीन बिल्डिंग में मजदूरी करते हैं। सोमवार की शाम काम से छूटने के बाद बाइक से घर जा रहे थे, तभी कुछ दूरी पर एक सफारी ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को लोहिया अस्पताल में भर्ती करवाया है।

### मरीज की मौत, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप

■ NBT न्यूज, आलमबाग: कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में संचालित एक निजी अस्पताल में सोमवार को सिर दर्द का इलाज करवा रहे मरीज की मौत हो गई। परिवारीजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने उन्हें शांत करवा। कृष्णा नगर कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक इब्ले हसन ने जानकारी देते हुए बताया कि मूल रूप से उन्नाव जनपद के सोहरामऊ के रहने वाले बाबूराम (45) सिर में दर्द से परेशान थे। परिवारीजनों ने उन्हें सोमवार को कृष्णा नगर कोतवाली में संचालित लखनऊ अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मरीज को वेंटिलेटर पर भर्ती कर सीटी स्कैन के लिए रेफर किया था। इस बीच दोपहर करीब 2 बजे मरीज की मौत हो गई।

### आभूषण कारीगर पर एक और केस, 967 ग्राम सोना लेकर फरार

■ NBT न्यूज, लखनऊ : सर्राफा कारोबारी ने बहराइच के एक कारीगर पर लगभग 967 ग्राम गोल्ड लेकर फरार होने का आरोप लगाया है। उसी कारीगर पर एक और कारोबारी ने भी रविवार को मुकदमा दर्ज करवाया था।

मोबाइल बंद, बहराइच का निवासी है आरोपित

इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि बहराइच के कानीपुरा उमरी निवासी मंथन पाटिल सोना-चांदी का व्यवसाय करते हैं। मंथन पाटिल ने बताया कि 6 फरवरी को उन्होंने अपने कर्मचारी शिवाजी के साथ आभूषण कारीगर अकमाल अहमद को लखनऊ भेजा था। अकमाल से कहा गया था कि वह अमीनाबाद स्थित बुनकासी सर्राफ से सोना लेकर सीधे चौक सर्राफा मार्केट स्थित न्यू बालाजी के संचालक शनि वर्मा को सौंपेगा। आरोप है कि अकमाल ने योजना के तहत शिवाजी को चौक में बैठा दिया और अकेले अमीनाबाद गया। वहां से उसने करीब 967 ग्राम गोल्ड लिया और सोने की फोटो वॉट्सऐप पर भेजी। इसके बाद वह सोना लेकर चौक पहुंचा, लेकिन दुकानदार को देने के बजाय पार्किंग की ओर चला गया और मोबाइल बंद कर फरार हो गया। आरोपित के खिलाफ इसी तरह का एक और मुकदमा एक दिन पहले भी दर्ज किया गया था।

### SOP तैयार कर दी जाएगी झूलों के लिए अनुमति

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : फरीदाबाद के सूरजकुंड मेले में झूला गिरने से इंस्पेक्टर की मौत के बाद अब झूला संचालकों पर शिकंजा कसने की कवायद तेज कर दी गई है। मेलों में लगने वाले झूलों के लिए संचालकों को पुलिस तभी एनओसी देगी, जब संबंधित विभाग हर बिंदु पर छानबीन कर अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके लिए एक एसओपी भी तैयार की जा रही है, जिसके संबंध में डीएम ने सोमवार को सीपी को पत्र भेजा है।

डीएम ने विभागाध्यक्षों से वार्ता के बाद सीपी को भेजा पत्र

डीएम विशाखजी ने बताया कि मेलों में लगने वाले झूलों के लिए पुलिस कमिश्नरेट ही अनुमति देता है, लेकिन जिम्मेदारी संबंधित विभागों की भी होती है। एनओसी देने के लिए तीन बिंदुओं को जांचने के बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाती है। इसीलिए डीएम ने संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर आगामी आयोजनों में झूला संचालकों को एनओसी देने के लिए एक एसओपी तैयार की है। जिसमें पीडब्ल्यूडी, अग्निशमन विभाग और पुलिस की जिम्मेदारी तय की गई है। पीडब्ल्यूडी एनओसी देने से पहले झूले की मजबूती का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करेगी। अग्निशमन विभाग आपात स्थिति में बचाव के इंतजाम को परखेगी और पुलिस सुरक्षा व फुटफॉल का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करेगी। आगामी आयोजनों में झूला संचालकों को एनओसी देने से पहले संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय करते हुए रिपोर्ट तैयार की जाए और संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। इसके लिए डीएम ने सीपी को पत्र भेजा है।




एनबीटी ने शहर में चल रहे झूलों की पड़ताल से संबंधित रिपोर्ट 9 फरवरी को प्रकाशित की थी।

### मेड और ड्राइवर के बेटे की पहल से बची बुजुर्ग की जान

■ NBT न्यूज,लखनऊ : मेड और ड्राइवर के बेटे की सूझबूझ से महानगर में अकेले रहने वाले एक बुजुर्ग की जान बच सकी। दरवाजा न खुलने पर सक्रिय करीबियों ने पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर उन्हें ट्रॉमा सेंटर के न्यूरोलजी विभाग में भर्ती करवाया है।

पीआरवी कर्मी मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़ अस्पताल पहुंचाया

नोएसआई से अडिशनल डायरेक्टर जनरल के पद से रिटायर्ड बंशीधर डुंगरा कोठी (85) महानगर स्थित अन्नपूर्णा अपार्टमेंट में चौथी मंजिल पर बने फ्लैट में अकेले रहते हैं। फौज से रिटायर्ड बड़ा बेटा परिवार के साथ अलग रहता है, जबकि छोटा बेटा पत्नी के साथ अल्मोड़ा में रहता है। सोमवार को दोपहर 12 बजे मेड सुरभि साफ सफाई और खाना बनाने के लिए फ्लैट पहुंची थी। काफी प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो उसने गार्ड से संपर्क किया। गार्ड ने बंशीधर का हालचाल लेने वाले करीबी दोस्त बिजनौर निवासी इंद्र प्रकाश बाजपेई और केशव नगर निवासी ड्राइवर महेश के बेटे शिवम को फोन किया। अनहोनी की आशंका पर इंद्र प्रकाश ने पुलिस को सूचना दे दी, जबकि शिवम 10 मिनट में अपार्टमेंट पहुंच गए। जानकारी मिलते ही यूपी 112 की पीआरवी 4344 मौके पर पहुंच गई। कमांडर एचसी पुष्पेंद्र कुमार, चालक सुरेश और महिला सिपाही उषा यादव की मदद से पहले बाहर का इसके बाद अंदर का दरवाजा तोड़कर फ्लैट में दाखिल हुए। इसके बाद उन्होंने 108 कॉल कर दिया था। इसके बाद बंशीधर को लारी ले जाया गया, जहां से उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

डिप्टी सीएम ने व्यापारी सम्मेलन में विपक्ष पर बोला हमला

### व्यापारियों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता : केशव

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : 2047 तक यूपी में सपा के आने की कोई संभावना नहीं है, जबकि देश में 2047 तक कांग्रेस के भी सत्ता में आने के आसार नहीं है। 2047 तक यूपी को और देश को विकसित बनाना है। सपा और कांग्रेस के पास कोई विजन नहीं है। ये विकास का रोडमैप सोच ही नहीं सकते हैं। बस इनके पास पीडीए यानी परिवार डेवलपमेंट एजेंसी की बात रहती है। ये बातें डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की ओर से केंद्रीय बजट को लेकर आयोजित व्यापारी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। पीडब्ल्यूडी के विश्वेश्वरैया हॉल में आयोजित कार्यक्रम में केशव ने सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

केशव ने कहा कि जिसने हमें वोट नहीं दिया, सरकार उसे भी राशन दे रही है। आयुष्मान कार्ड के तहत मुफ्त इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव सैफई जाएं। उनकी लखनऊ में जरूरत नहीं है। कोई कहे कि हम संविधान खत्म कर देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे तो मैं बता दूं कि भाजपा संविधान की पुजारी है और आरक्षण की समर्थक है। केशव ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा न हो तो क्या व्यापार कर पाएंगे? जब प्रदेश में सपा की सरकार थी, तब व्यापारी घबराते थे। अब हालात पूरी तरह से बदल गए हैं। व्यापारियों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेश संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ विनीत अग्रवाल, सह-संयोजक मनीष गुप्ता, सुधीर हलवासिया, अजय त्रिपाठी मुन्ना, संदीप बंसल, घनश्याम अग्रवाल गुड्डू, टिंकू सोनकर तमाम व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### नहीं झुकेगा भारत : पंकज

विधायक पंकज सिंह ने भी व्यापारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत की दो बड़ी डील यूरोपियन यूनियन और अमेरिका के साथ हुई है। सरकार ने सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर सभी के सपनों को शक्ति देकर उनको साकार करने की नींव इस बजट में रखी है। आज भारत किसी के सामने किसी भी परिस्थिति में झुकने के लिए तैयार नहीं है।

## 12 राशियां और आपका दिन



ARIES 21 Mar - 19 Apr

TAURUS 20 Apr - 19 May

GEMINI 21 May - 21 Jun

CANCER 22 Jun - 22 Jul

LEO 23 Jul - 22 Aug

VIRGO 23 Aug - 22 Sep

LIBRA 23 Sep - 22 Oct

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov

आज आपका मन अशांत और परेशानी में रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। शाम तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रुपक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई वाद-विवाद राज्य में लंबित है तो उसमें सफलता मिलने की पूर्ण संभावना है।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb

PISCES 19 Feb - 20 Mar

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

मंगल, चंद्रमा और राहु इस वर्ष के स्वामी माने गए हैं। जनवरी के अंतिम दस दिनों में अच्छी नौकरी मिलने के प्रबल योग बन रहे हैं। यदि आप किसी पुराने विवाद, मुकदमे या मानसिक उलझन में फंसे हुए हैं, तो मार्च के महीने में इनसे राहत मिल सकती है।

—आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग

(बुधवार, 11 फरवरी 2026)

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | | 3 | 7 | |
| | | | 3 | | | | | |
| 4 | | | | 9 | 2 | | 5 | |
| | | | 2 | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | 8 | | 5 | | 2 | 6 |
| | | 2 | | | 1 | | | |
| | 6 | | 4 | 2 | | | | 8 |
| | | | | | 8 | | | |
| | 1 | 7 | | | | | | 3 |

### TELEVISION



big magic

09:00 बबलू डबलू

10:00 चिड़ियाघर

14:30 हम पांच

15:00 अजब देश की गजब कहानी

# 'यूपी में 8 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठे'

## राज्यपाल ने अभिभाषण में बताईं सरकार की उपलब्धियां, विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के बीच विधानसभा का बजट सत्र शुरू

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समस्या को समाधान तक पहुंचाने में विश्वास करती है। इसी राह पर चलते हुए यूपी को 'बॉटलनेक स्टेट' से 'ब्रेक थ्रू स्टेट' बनाने में मिली सफलता मिली है। सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ यूपी के करीब आठ करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाया है। सरकार जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को केंद्र में रख कर इस साल यानी 2026 को अन्त्योदय सामाजिक न्याय और सर्वसमावेशी लोक कल्याण का प्रतीक बनाने को प्रतिबद्ध है।

राज्यपाल ने कहा कि यूपी में लॉ ऐंड ऑर्डर की स्थिति को और बेहतर बनाने के लिए सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर बढ़ रही है। 2017 से अब तक 267 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए हैं और 977 अभियुक्तों के खिलाफ रासुका के तहत कार्यवाही की गई है। नवंबर 2019 से अब तक अदालतों में प्रभावी पैरवी कर 35 माफियाओं और 94 सह अपराधियों को सजा दिलवाई गई है। साथ ही माफिया से 4,137 करोड़ से ज्यादा की अवैध रूप से जुटाई गई संपत्ति जब्त की गई है। यूपी 112 से 2017 की तुलना में रेस्पॉन्स टाइम कम कर 6.42 मिनट किया है। एटीएस द्वारा 2017 से अब तक 148 आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही यूपी में अवैध रूप से रह रहे 186 रोहिंग्या बांग्लादेशियों और पाकिस्तानियों को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह भ्रष्टाचार निवारण संगठन द्वारा 2017 से अब तक 999 ट्रैप ऑपरेशन कर 2081 अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ ऐक्शन लिया गया है।

आनंदीबेन पटेल ने कहा कि यूपी में डेंगू रोग की जांच सुविधा बेहतर की गई है, जिसका परिणाम है कि 2017 की तुलना में 2025 में डेंगू रोग से मृत्यु की दर में 96.4% की कमी आई है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत किए गए प्रयासों से 2017 की तुलना में 2025 में मस्तिष्क ज्वर (एईएस) रोगियों में 21.3% और जेई के रोगियों की संख्या में 90.0% की कमी आई है। उन्होंने कहा कि राजकीय क्षेत्र के तहत संचालित चिकित्सा संस्थाओं और विश्वविद्यालयों में एमबीबीएस सीटों की संख्या 2017 में 1,990 थी, जिसे बढ़ा कर 5,430 किया गया है। जबकि, निजी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस सीटों की संख्या 2,550 से बढ़ा कर 7,350 कर दी गई है। एसजीपीजीआई में राष्ट्रीय स्तर पर पहला क्वाटरनरी हेल्थ केयर सेंटर बनाया गया है, जिसके तहत एक ही पांच सौ बेड वाले अत्याधुनिक समेकित केंद्र में कार्डियक साइंसेज, न्यूरो साइंसेज और रेयर डिजीज जीनोमिक सेवाएं दी जाएंगी।



### प्रदेश के विकास से जुड़ा हर सुझाव मानेगी सरकार : योगी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बजट सत्र यूपी के विकास की गति और तीव्र करेगा। इस सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण, बजट के साथ ही पहली बार प्रदेश का इकोनॉमिक सर्वे पेश किया जा रहा है। पिछले 8 वर्षों में हमने यूपी को बीमारू राज्य से निकाल कर ब्रेक थ्रू इकोनॉमी के रूप में स्थापित किया है। सरकार प्रदेश के विकास से जुड़ा हर सुझाव मानने और अमल करने को तैयार है।

सोमवार को सत्र शुरू होने से पहले मीडिया से मुखातिब सीएम ने कहा कि विधानमंडल लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। यह संवाद से चलता है, कार्यवाही को बाधित करके नहीं। किसी सदस्य को कोई मुद्दा उठाना है और वह कार्यवाही को बाधित करता है तो वह अपने मुद्दे से किनारा करता है। सभी सदस्यों से अपील है कि विधायिका के सर्वोच्च मंच को जनता की समस्या के समाधान के रूप में उपयोग करें।

### 'गवर्नर मैडम गो बैक' के नारों के बीच हुआ अभिभाषण

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : 'गवर्नर मैडम गो बैक'... 'झूठा भाषण बंद करो' ...जैसे नारों और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के साथ सोमवार को यूपी विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत हो गई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के सदन में पहुंचते ही सपा सदस्यों ने अहिल्याबाई होल्कर द्वारा बनाए गए मणिकर्णिका घाट को तोड़े जाने और एसआईआर के नाम पर लोकतंत्र की हत्या जैसे मुद्दों को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष के हंगामे के बीच राज्यपाल ने 30 मिनट 2 सेकंड में अपना अभिभाषण खत्म किया।

#### संयुक्त बैठक से शुरू हुआ सत्र

साल का पहला सत्र होने के नाते इसकी शुरुआत विधानमंडल के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राज्यपाल के अभिभाषण से हुई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल विधान भवन पहुंचीं, तो विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, सीएम योगी और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने उनका स्वागत किया। विधान भवन के पोर्टिको में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अध्यक्ष और सभापति के साथ पूर्वाह्न 11:05 बजे राज्यपाल विधानसभा मंडप में पहुंचीं, जहां राष्ट्रगान खत्म होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। 'राज्यपाल वापस जाओ', 'गवर्नर मैडम गो बैक' के नारों के साथ सपा सदस्य वेल में पहुंच गए। उनके हाथों में कागज की तख्तियां थीं, जिन पर 'एसआईआर है साजिश फॉर्म सात बना हथियार, भाजपा तोड़ रही पीडीए के वोट का अधिकार' 'दिन दहाड़े लूट और मार, भाजपा सिर्फ करती प्रचार', 'लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर का अपमान, नहीं सहेगा हिन्दुस्तान' जैसे सरकार और भाजपा विरोधी नारे लिखे थे।

### 12:30 बजे शुरू हुई विधानसभा की कार्यवाही

अपराह्न 12:30 बजे वंदे मातरम् के साथ विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल के अभिभाषण को पढ़ना शुरू किया, जिसे सदस्यों ने पढ़ा हुआ मान लिया। प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे ने विधान परिषद के बिना संशोधन पास होकर आए 2025 के 11 विधेयक की जानकारी सदन को दी। फिर अध्यक्ष ने सदन में कार्यमंत्रणा समिति की सोमवार को हुई बैठक में नौ से 20 फरवरी तक के कार्यक्रमों को तय किए जाने की जानकारी दी। इसके बाद वित्त मंत्री ने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की। अपराह्न 1.12 बजे अध्यक्ष ने कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**विधान परिषद की कार्यवाही 15 मिनट चली**

दोनों सदनों में राज्यपाल के संबोधन के बाद विधान परिषद की कार्यवाही करीब 15 मिनट तक चली। इस दौरान राज्यपाल का अभिभाषण सभापति ने पढ़ा। उसके बाद कार्य परामर्शदात्री समिति से संस्तुत तिथिवार कार्यक्रम पटल पर रखा गया। वहीं, चार अध्यादेश भी सदन में पेश किए गए। उसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।




### SIR और महंगाई समेत कई मुद्दों पर विपक्षी विधायकों का प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण से पहले विपक्षी विधायकों ने वाराणसी में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा निर्मित मणिकर्णिका घाट को तोड़े जाने, एसआईआर के नाम पर लोकतंत्र की हत्या, किसानों की बदहाली, महिला सुरक्षा, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था और महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में सपा के साथ कांग्रेस के विधायक भी शामिल थे। प्रदर्शनकारी विधायकों के हाथों में सरकार के खिलाफ नारे लिखी तख्तियां थीं। सपा एमएलसी आशुतोष सिंह और विधायक जाहिद बेग साइकल से विधान भवन पहुंचे। आशुतोष सिन्हा मणिकर्णिका घाट को तोड़े जाने का पोस्टर जबकि जाहिद बेग साइकल के आगे एसआईआर को लेकर नारे लिखी पट्टिका लगाए हुए थे। सपा विधायक अतुल प्रधान और मुकेश वर्मा ने आरोप लगाया कि इन्होंने (भाजपा) सिर्फ अपना विकास किया है।

**झूठ और हवाई वादों का पुलिंदा है अभिभाषण :** कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने राज्यपाल के अभिभाषण को भाजपा सरकार की झूठी बातों और झूठे वादों का पुलिंदा करार दिया है।

### अभिभाषण के प्रमुख बिंदु

- अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने को 5 साल में सौ नई टाउनशिप की तैयारी, 34 में काम शुरू।
- पुलिस बल को और मजबूत बनाने के लिए बजट में 2016-17 की तुलना में 150% की वृद्धि।
- पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने 2017 से अब तक की 2.19 लाख भर्तियां, 1.58 लाख को दी प्रोन्नति।
- जेलों में बंदियों को साक्षर बनाने के लिए 'एक पढ़ाये एक' और 'नया सवेरा' कार्यक्रम।
- पीएम किसान सम्मान निधि के तहत दिसंबर 25 तक 3.12 किसानों को 21 किस्तों में 94,668.58 करोड़ मिले।
- यूपी में 2016-17 की तुलना में प्रति हेक्टेअर औसत गन्ना की उत्पादकता 72.38 टन से बढ़ कर 84 टन हुई।
- बागवानी फसलों का निर्यात 2017 में 400 करोड़ था, जो इस साल बढ़ कर 1700 करोड़ हो गया।
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में 14.54 करोड़ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बना यूपी पहले स्थान पर।
- केजीएमयू का 2025 में NIRF रैंकिंग में मेडिकल यूनिवर्सिटी की श्रेणी में छठा, डेंटल श्रेणी में 7वां स्थान।
- खाद्य पदार्थों में कैंसर, मोल्ड और बैक्टीरिया की जांच को लखनऊ, मेरठ और वाराणसी में माइक्रोबायोलॉजी लैब।
- प्रयागराज में 400 टन कबाड़ से बना शिवालय पार्क सस्टेनेबिलिटी और संस्कृति का अनूठा संगम।
- शहरी डिजिटल मिशन शुरू करने वाला यूपी पहला राज्य, मिलेंगी ऑनलाइन नागरिक सेवाएं।
- छोटी नदियों के पुनरुद्धार के लिए 'एक जिला एक नदी' योजना।
- वर्तमान में यूपी के 18 राज्य विवि ने नैक में उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त की।
- नैक ए एसस श्रेणी के विवि की संख्या 2017 में शून्य थी, वर्तमान में नौ विवि इस श्रेणी में।
- वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 67.50 लाख बुजुर्गों को ₹6,075 करोड़।
- सर्वाधिक गंभीर मार्ग दुर्घटनाओं से प्रभावित यूपी के 20 जिलों को जीरो फैटिलिटी डिस्ट्रिक्ट्स बनाने की तैयारी।



SOTC presents
Darshans
Crafted Spiritual Experiences
एसओटीसी एक्सक्लूसिव
गाइडेड टेम्पल टूर | वीआईपी दर्शन और पूजा | सभी सात्विक खाना | वरिष्ठ नागरिक फ्रेन्डली
लिमिटेड सीटें
10-दिन कैलाश मानसरोवर हेलीकॉप्टर द्वारा
पवित्र मानसरोवर झील पर सामूहिक पूजा एवं हवन
6-दिन चार धाम यात्रा हेलीकॉप्टर द्वारा | 6-दिन अनंत काशी अयोध्या यात्रा | 7-दिन श्रीलंका रामायण अनंत यात्रा
शामिल हैं: आवास, खाना, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार दर्शनीय स्थल घूमना।
1800 209 3344
sotc.in
SOTC For Holidays.
LUCKNOW: Aliganj 9619927612, Hazratganj: 9619930358, Alam Bagh: 8291094155 KANPUR: 9619454687, ALLAHABAD: 9619931658, PRAYAGRAJ 9619931658 AGRA: 9619931546, MEERUT: 9167081237, BAREILLY: 9167098583, VARANASI: 9619931510, GORAKHPUR: 9619927612, DEHRADUN: 9167080276
नियम और शर्तें लागू। ऑफ़र/सेवाओं की अंतिम कीमत और उपलब्धता बाज़ार की स्थितियों और प्रचलित विदेशी मुद्रा दरों के आधार पर भिन्न हो सकती है। अधिक जानकारी के लिए, sotc.in पर जाएं या हमारी बिक्री टीम से संपर्क करें।

### सीएम ने विधान भवन में किया स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

**कहा, स्वस्थ दिनचर्या हर नागरिक का अधिकार होनी चाहिए**



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र शुरू होने से पहले विधान भवन में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर बजट सत्र के दौरान विधानसभा और विधान परिषद सदस्यों के लिए लगाया गया है। शिविर में केजीएमयू के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि बजट सत्र के दौरान यूपी विधानमंडल के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा यह शिविर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या हर नागरिक का अधिकार होनी चाहिए। सरकार भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस पर काम कर रही है। हर सदस्य को तनाव मुक्त रहकर उन्मुक्त वातावरण में दिनचर्या रखनी चाहिए, इससे रोग आकर भी भाग जाएगा। उन्होंने सभी सदस्यों से इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की। इस मौके पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सभी का आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राकेश सचान, दिनेश प्रताप सिंह, मयंकेश्वर शरण सिंह, बलदेव सिंह औलख के साथ केजीएमयू की कुलपति प्रो.सोनिया नित्यानंद के साथ कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

"100th Birth Anniversary"
S. Balwantsingh K. Chhabra
(1926-1981)



*He turned limits into possibilities,*
*Empowering the industry to grow and thrive.*

Founder
RIGHT TIGHT FASTENERS PVT. LTD. (India)
A FONTANA GRUPPO (Italy)

With Respect and Remembrance
All Employees & Chhabra Family

NRACCA.com

#ConmanVsCommonMan




अक्सर, जल्दबाज़ी में किए गए पेमेंट्स, आपका पैसा बर्बाद कर सकते हैं।

जल्दबाज़ी में कोई भी धनराशि भेजने से पहले हमेशा उस व्यक्ति की पहचान जाँच लें और यदि कोई आपको धोखा देने की कोशिश करे, तो कहें, "मैं मूर्ख नहीं हूँ"।

सैफ़्टी UPI की, समझदारी आपकी।

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE
Easy. Safe. Instant.

Issued in public interest by
NPCI भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम NATIONAL PAYMENTS CORPORATION OF INDIA

साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड की रिपोर्ट हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें।

tgthr/12/24/062

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in